सुप्रभात
रांची, मंगलवार
16.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 300 12



'द केरल स्टोरी' ने की अब तक 153.99 करोड़ की कमाई

## न्यूज डायरी

### खड़गे से भेंट कर हेमंत ने दी जीत की बधाई

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर उन्होंने खड़गे को बधाई दी। मुलाकात के दौरान हेमंत सोरेन ने खड़गे से वर्तमान और भविष्य की राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की। साथ ही, विपक्ष की साझा रणनीति पर भी मंथन किया।

### मोचा का असर, बंगाल में तबाही, टाटा में एक मौत

**कोलकाता, जमशेदपुर।** बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान मोचा के प्रभाव से पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता समेत राज्य के तटीय जिलों पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा हावड़ा और हुगली में सोमवार की रात तेज आंधी तूफान के साथ भारी बारिश हुई है। वहीं झारखंड के जमशेदपुर में तेज आंधी से एक पेड़ गिर पड़ा, जिसमें दब कर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पश्चिम बंगाल में हवा की गति इतनी तेज थी कि राजधानी कोलकाता सहित इन सभी जिलों में अनेकों पेड़ गिर गये। राजधानी कोलकाता में छह लोगों के घायल हो गये।

### झारखंड में होगा राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप

**रांची।** ईस्ट इंडिया में पहली बार झारखंड को रोड स्पीड स्केटिंग का चौथा नेशनल रैंकिंग चैंपियनशिप के लिए चुना है। यह खेलगांव मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होटवार स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में एक से पांच जून के बीच होगा।

### सरायकेला : चेकडैम में डूबने से दो छात्रों की मौत

**सरायकेला-खरसावां।** गम्हरिया थाना क्षेत्र के जिलिंगगोड़ा चेक डैम में नहाने के दौरान दो छात्रों की डूबने से मौत हो गयी है। दोनों छात्र छह मित्रों के साथ नहाने पहुंचे थे, जहां वे नहाने के दौरान डूब गये थे।

### बजरंग दल पर टिप्पणी पर खड़गे को नोटिस

**संगरूर (पंजाब)।** बजरंग दल पर टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में संगरूर की सिविल जज रमनदीप कौर की अदालत ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को 100 करोड़ रुपये के मानहानि मामले में समन जारी किया है। खड़गे को 10 जुलाई को पेश होना है।

### ट्रक और पिकअप की टक्कर में 6 की मौत

**बलौदा बाजार (छत्तीसगढ़)।** देर रात ट्रक-पिकअप की टक्कर में मासूम बच्चे समेत 6 महिलाओं की मौत हो गयी। जबकि 15 से ज्यादा लोग घायल हैं। जिनमें कई गंभीर हैं। छह लोगों की मौत पर सीएम भूपेश बघेल ने दुख जताया है।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79,000 रु./प्रति किलो |


दीक्षांत समारोह में भाग लेने 25 को रांची आयेंगी राष्ट्रपति

# ट्रिपल आइटी के 120 विद्यार्थियों को करेंगी सम्मानित, बांटेंगी डिग्री

- बीटेक और एमटेक के 2019-23 बैच के विद्यार्थियों का होगा सम्मान
- सभी विषयों के टॉपर्स को दिया जायेगा गोल्ड मेडल और सिल्वर मेडल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जल्द ही झारखंड में आगमन होने वाला है। वह राजधानी रांची स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आइटी) के दूसरे दीक्षांत समारोह में वह 25 मई को होने वाले इस दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनेंगी। समारोह में उनके आने की राष्ट्रपति भवन से मंजूरी मिल गयी है। समारोह में राष्ट्रपति के हाथ से विषयों के टॉपर्स को मेडल दिया जायेगा। इस समारोह में बीटेक व एमटेक के 2019-23 बैच के करीब 120 विद्यार्थियों के बीच डिग्री वितरण का समारोह होगा।

### पहले जून में होने वाला था यह समारोह



पहले यह दीक्षांत समारोह जून में होने वाला था, लेकिन राष्ट्रपति के मई में झारखंड आगमन को देखते हुए इसे पहले ही किया जा रहा है। इस समारोह में सभी विषयों के टॉपर्स को गोल्ड व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया जायेगा। समारोह में बीटेक के 2 ब्रांच कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के टॉपर विद्यार्थियों के बीच एक-एक गोल्ड और एक-एक सिल्वर मेडल दिया जायेगा। वहीं, एमटेक के दो ब्रांच- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ईसीसी विद स्पेशलाइजेशन इन एंबेडेड सिस्टर एंड आईओटी- के टॉपरों को एक-एक गोल्ड मेडल दिया जायेगा। इसके अलावा एक बेस्ट गर्ल स्टूडेंट मेडल, एक इंस्टीट्यूट मेडल और एक बेस्ट स्टूडेंट शील्ड भी प्रदान किया जायेगा।

डीएफएस गुजरात में फारेंसिक जांच में लगी फर्जीवाड़े पर मुहर

# सरकारी रजिस्टर में छेड़छाड़ की पुष्टि

**जमीन घोटाला**

- गिरिडीह, जमशेदपुर समेत कई जिलों में फैला है हेराफेरी का जाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी में सैन्य जमीन कब्जा घोटाला, चेशायर होम की जमीन, नामकुम की जमीन और हेहल के बड़े प्लॉट के सरकारी रजिस्टर में छेड़छाड़ होने की पुष्टि हो गयी है। डीएफएस गांधीनगर, गुजरात में हुई फॉरेंसिक जांच में इसकी मुहर लगी है। जल्द ही इडी इस मामले में रजिस्टार, सीओ, सीआइ के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है।

गौरतलब हो कि राजधानी में कई बड़े जमीन के प्लॉट के कागजात बदलकर खरीदे और बेचे जा चुके हैं। इस सिंडिकेट में अंचल कार्यालयों के भी चंद लोग शामिल हैं। इसके तार कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफिस तक से जुड़े हैं। इसी मामले में इडी, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत कई जालसाज सलाखों के पीछे भेज चुकी है। शहर के कई सफेदपोश से पूछताछ चल रही है। इन मामलों के सामने आने के बाद झारखंड की फजीहत हो रही है। इडी की कार्रवाई के बाद जमीन की हेराफेरी से जुड़े मामले लेकर लोग इडी ऑफिस पहुंच रहे हैं।

### कई जिलों में अवैध जमाबंदी के मामले भी सामने आये, जांच होगी

जमीन की हेराफेरी का जाल पूरे राज्य में फैला हुआ है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग खुद स्वीकार कर रहा है कि गिरिडीह के पीरटांड अंचल स्थित मधुबन और पारसनाथ में अवैध जमाबंदी के कई मामले सामने आये हैं। राज्य में वनभूमि और सरकारी जमीन तक पर अतिक्रमण हुआ है। जमीन की हेराफेरी का जाल जमशेदपुर तक फैला हुआ है। सरकारी दस्तावेज के मुताबिक, जमशेदपुर अंचल में सरकारी जमीन को असामाजिक तत्वों ने अतिक्रमण कर बेच दिया है। सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक विभाग का दावा है कि सरकारी जमीन बेचने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### सिंडिकेट लगा रहा है सरकारी खजाने में सेंध

सूचना के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 में भू-राजस्व मद में 1,435 करोड़ का कलेक्शन हुआ था। वहीं स्टांप और रजिस्ट्रेशन फीस मद में 926.79 करोड़ सरकार के खाते में गये थे। लेकिन जमीन दलालों ने सिंडिकेट की वजह से सरकारी खजाने में भी सेंध लगायी है। जमीन का संगठित नेटवर्क पूरे झारखंड में फैला हुआ है।

**सब रजिस्ट्रार पर फर्जी पट्टा बनाने का आरोप :** सेना जमीन घोटाला मामले में एक मई को रांची के सब रजिस्टार वैभव मणि त्रिपाठी इडी कार्यालय पहुंचे थे। उनसे इडी ने पूछताछ की थी। वैभव मणि पर आरोप है कि उन्होंने सेना की जमीन को बेचने के लिए बिक्री पट्टे को फर्जी बताते हुए रद्द कर दिया था। जमीन को मूल रैयतों के द्वारा वर्ष 2019 में बेचा गया था, लेकिन सब रजिस्टार वैभव मणि त्रिपाठी के द्वारा उसे रद्द करने का प्रस्ताव तैयार कर ऊपर के अधिकारियों को भेजा गया था। वैभव मणि त्रिपाठी पर सेना की जमीन सहित शहर के कई जमीनों का गलत पट्टे बनाने का भी आरोप है। पूरे मामले पर दक्षिणी छोटा नागपुर के तत्कालीन कमिश्नर नितिन मदन कुलकर्णी ने भी सब रजिस्टार वैभवमणि त्रिपाठी के ऊपर गलत तरीके से पेपर बनाने की जांच की थी, जिसमें इनकी संलिप्ता भी पायी गयी थी।

**कोर्ट में आज फिर पेश होंगे छवि रंजन**

# इडी की जद में एक और आइएएस, जल्द कार्रवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जालसाजी कर जमीन की खरीद-बिक्री करवा कर उससे प्राप्त अवैध राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन को मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पेश किया जायेगा। उनकी दूसरी ईडी रिमांड अवधि 16 मई को खत्म हो रही है। वहीं झारखंड में टेंडर कमीशन मामले में एक बार फिर इडी की चाबुक चलनेवाली है। इस मामले में भी इडी की जद में झारखंड में पदस्थापित एक आइएएस अधिकारी तक जांच की आंच पहुंच सकती है। दरअसल, इडी ने टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के रांची, दिल्ली और जमशेदपुर आवास सहित 24 ठिकानों पर 21 फरवरी को एक साथ छापेमारी की थी। इस दौरान वीरेंद्र राम के आवास से 1.5 करोड़ के जेवरात, 40 लाख नकद, 6 लग्जरी गाड़ियां और करोड़ों के फ्लैट और भूखंड के कागजात मिले थे। इस दौरान यह भी पता चला था कि वीरेंद्र ने कमीशन की राशि से 125 करोड़ से अधिक की संपत्ति बनायी है। (शेष पेज 11 पर)



**इडी पूछताछ में उगला था राज :** दरअसल, वीरेंद्र राम ने खुद इडी के सामने यह बात कबूल किया था कि उसने आइटीआर में सारी जानकारी गलत दी थी। उसके खाते में साल 2014-15 व 2018-19 के दौरान 9.30 करोड़ व दिसंबर 22 से जनवरी 2023 के बीच 4.50 करोड़ रुपये उसके जीवन भर की कमाई से कहीं अधिक है। इडी ने जांच में पाया कि साल 2019 के बाद वीरेंद्र राम व उसके चचेरे भाई आलोक रंजन एक साथ कई बार दिल्ली गए। साथ ही हर बार मोटी रकम वे साथ ले जाते थे और ये रकम सीए मुकेश मित्तल को हैंडओवर किया जाता था।

# पीएम आज रोजगार मेले में 71 हजार नियुक्ति पत्र बांटेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी मंगलवार को साढ़े दस बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये रोजगार मेले में सरकारी विभागों में 71 हजार नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर पीएम नवनियुक्तों को संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने सोमवार को यह जानकारी दी। पीएमओ के अनुसार, रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 45 स्थानों पर किया जायेगा। भर्तियां इस पहल को समर्थन देने वाले केंद्रीय सरकारी विभागों और राज्य सरकारों व केंद्र शासित क्षेत्रों में की जा रही हैं।

देशभर से चयनित नव-नियुक्तों को ग्रामीण डाक सेवक, डाक निरीक्षक, वाणिज्यिक व टिकट लिपिक, कनिष्ठ लिपिक व टंकक, कनिष्ठ खाता लिपिक, ट्रैक मेनटेनर, सहायक सेक्शन अधिकारी, अवर श्रेणी लिपिक, उपमंडलाधिकारी, कर सहायक, सहायक प्रवर्तन अधिकारी, इंसपेक्टर, नर्सिंग अधिकारी, सहायक सुरक्षा अधिकारी, दमकल अधिकारी, सहायक खाता अधिकारी, सहायक लेखा परीक्षण अधिकारी, मंडलीय खाता निरीक्षक, लेखा परीक्षक, कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल, सहायक कमानडेंट, प्रधानाध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक, सहायक पंजीयक, सहायक प्रोफेसर आदि विभिन्न पदों पर रखा जायेगा।

### नवनियुक्तों को खुद को प्रशिक्षित करने का मिलेगा बेहतर अवसर



रोजगार मेला, रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने के प्रति प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। रोजगार मेले से यह संभावना है कि वह आगे रोजगार सृजन तथा युवाओं के सशक्तिकरण तथा राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सार्थक रोजगार अवसर प्रदान करने में अहम भूमिका निभायेगा। नवनियुक्तों को कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर मिलेगा। यह विभिन्न सरकारी विभागों में नये नियुक्त होने वालों के लिये कामकाज से परिचित होने का ऑनलाइन पाठ्यक्रम है।

सिद्धारमैया दिल्ली पहुंचे, पर्यवेक्षकों ने खड़गे को सौंपी रिपोर्ट

# दिल्ली में आज कर्नाटक के सीएम का ऐलान संभव

एजेंसी

**नयी दिल्ली, बेंगलुरू।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रचंड जनादेश के बाद दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार द्वारा मुख्यमंत्री पद के खुले दावों के बाद इसे अंतिम रूप देने में जुटी है। कर्नाटक का मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका ऐलान मंगलवार को नयी दिल्ली में किया जा सकता है। इसके लिए पार्टी हाईकमान ने सीएम पद के बड़े उम्मीदवारों- सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को दिल्ली बुलाया।

सिद्धारमैया दिल्ली पहुंच चुके हैं, वहीं डीके शिवकुमार ने कहा है कि वे कुछ निजी परेशानी के कारण नहीं जा सके। पाटी के वरिष्ठ नेता व कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि कर्नाटक का मुख्यमंत्री कौन होगा यह फैसला पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे।



सुरजेवाला ने कहा कि पार्टी की ओर से भेजे गये पर्यवेक्षक वहां सभी से चर्चा कर दिल्ली लौट आये हैं। पर्यवेक्षकों ने अपनी रिपोर्ट देर रात पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दी। उसके बाद पार्टी अध्यक्ष फैसला लेंगे।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुशील कुमार शिंदे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस पर्यवेक्षक भंवर जितेंद्र सिंह और दीपक बावरिया दिल्ली पहुंच गये हैं। वहीं, कर्नाटक सीएम को लेकर बने सस्पेंस के बीच सिद्धामैया ने अपना फामूर्ला लगाया है। एआईसीसी के सूत्रों ने बताया कि सिद्धामैया ने एक सुझाव दिया है कि वह शिवकुमार के साथ मुख्यमंत्री पद साझा करने के इच्छुक हैं। (शेष पेज 11 पर)

हाइकोर्ट में पूर्व पार्षद व अन्य की याचिका पर सुनवाई

# झारखंड में निकाय चुनाव पर चार हफ्ते में मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव समय पर नहीं कराने के मामले पर झारखंड हाइकोर्ट ने सरकार से 27 जून तक जवाब मांगा है। कार्यकाल समाप्त होने के बाद निर्वाचित पार्षदों का अधिकार समाप्त कर दिया गया है। नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका पर सुनवाई में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पैरवी की। न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार एवं रांची नगर निगम को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 27 जून को होगी। (शेष पेज 11 पर)




पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि राज्य में जल्द निकायों का चुनाव कराया जाये। जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्तमान पार्षद को तदर्थ रूप में दायित्व का निर्वहन करने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। सुनवाई की जानकारी देते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विनोद सिंह ने कहा कि न्यायालय में प्रार्थी की ओर से दाखिल हस्तक्षेप याचिका को भी स्वीकार किया गया है। इस हस्तक्षेप याचिका में जनता से जुड़े सारे कार्य अधिकारियों के जिम्मे सौंप दिये जाने से आम लोगों को हो रही परेशानी से अवगत कराया गया है।

### आज से संघ प्रमुख मोहन भागवत का झारखंड दौरा

रांची। राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत चार दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत लोहरदगा में 16 से 19 तक संघ शिक्षा वर्ग के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वह तपस्विनी एक्सप्रेस से भुवनेश्वर से हटिया रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। स्टेशन से वह सीधे सिंहमोड़ स्थित अपने एक परिचित के यहां जायेंगे। दोपहर 2 बजे लोहरदगा के लिए रवाना होंगे। 16 को शाम 4 बजे लोहरदगा स्थित शीला अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में शामिल होंगे। संघ प्रमुख लोहरदगा में 19 तक रहेंगे। 19 को वे रांची लौटेंगे। (शेष पेज 11 पर)

# शादी से मुकरने पर सिर मुड़वाकर जंगल में छोड़ा

**पंचायत का तुगलकी फरमान** रविवार को गांव में हुई थी पंचायत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में एक अनाथ लड़की को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। ये प्रताड़ना पंचायत के फैसले पर ही किया गया है। 20 दिन से लापता युवती घर लौटी तो उस पर शादी का दबाव बनाया गया। इनकार करने पर पंचायत के तुगलकी फरमान पर लड़की का सिर मुड़वाकर, जूते की माला पहना उसे जंगल में छोड़ दिया गया। घटना पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के जोगिडीह की है। इससे पहले उसे पूरे गांव में घुमाया गया।

**जांच जारी, आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास :** पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में एफआइआर किया जा रहा है और जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पीड़िता को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया है। लड़की के संवेदनशील अंग और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर रूप से चोटें लगीं हैं। डॉक्टरों की एक स्पेशल टीम उसका इलाज कर रही है और स्वास्थ्य पर निगरानी रखे हुए है। लड़की रात भर जंगल में एक महुआ के पेड़ के नीचे रही। पशु चराने जंगल में गए ग्रामीणों ने लड़की को देखा तो पूरे मामले का खुलासा हुआ।



रविवार को इस मामले को ले कर पंचायत बैठी थी। पंचायत में चचेरे भाई और भाभी भी शामिल हुए थे। भरी पंचायत में उसे लाठी-डंडों से पीटा गया उसके बाद सिर को मुड़ दिया गया था। सिर मुड़वाने के बाद से टीका लगा कर गांव में घुमाया गया और तरहसी के सेलारी जंगल में उसे छोड़ दिया गया था। पीड़िता ने बताया कि भरी पंचायत में फैसले के बाद चचेरे भाई और भाभी ने पिटाई की थी। भाभी ने ही कैंची से बाल काटा। इस दौरान चचेरे भाई और भाभी उसे बोल रहे थे कि शादी नहीं करोगी, जमीन में हिस्सा चाहिए कि नहीं तुमको। इससे पहले उसे काफी प्रताड़ित किया गया। माता पिता की मौत के बाद वह सभी से अलग रह रही थी और खाना बनाती थी। मजदूरी कर के वह खुद और भाई के पेट को पालती है।

### बारात लौट गयी थी

दरअसल, पीड़िता के माता पिता का निधन आठ वर्ष पहले हो गया था। पीड़िता के तीन बहन और एक भाई हैं। भाई टीबी का मरीज है और घर पर रहता है। पीड़िता की एक बहन की शादी छत्तरपुर में हुई है। उसी ने लड़की की शादी लातेहार के मनिका में तय की थी, लेकिन पीड़िता शादी से इनकार कर रही थी। 19 अप्रैल को शादी के लिए गांव में बारात भी आयी थी, लेकिन लड़की ने शादी से इनकार कर दिया था। 20 अप्रैल को वह शादी के लिए लाए गये जेवरात को लेकर भाग गयी थी। पीड़िता के अनुसार घर से भागने के बाद छतरपुर के इलाके में मंदिर में रह रही थी। छतरपुर में जेवरात लेने के बहाने उसे घर पर बुलाया था। 10 मई को वापस अपने गांव लौट गयी थी। लौटने के बाद उसे फिर से शादी के लिए दबाव बनाया जा रहा था जिससे वह इनकार कर रही थी।

Estd. : 2000 Affiliation No. : 3430183

D.A.V. ALOK PUBLIC SCHOOL

ISO Certify an Senior Secondary Co-Ed., Day cum Boarding School
Pundag, Ranchi - 04, Jharkhand ☎ 7033073440, 7782075070
For Detail Visit : www.davalok.org.in



DIRECT ADMISSION (Session 2023-24)
Std. XI (Science & Commerce)

Admisssion Form and syllabus (Cost Rs. 800/-) are available at School Counter (8 AM to 4 PM) or it may be downloaded from school website/QR Code.

| CLASS | MONTHLY FEE | ADMISSION FEE | ANNUAL CHARGE |
|---|---|---|---|
| XI (Sc. & Com.) | 2050 | 24000* | 2000 |

FIRST COME FIRST SERVE

* For deserving candidate
20% to 90% Concession in Admission Fee.

Cricket Academy Opening Shortly

Hostel Available | BUS AVAILABLE




PRAJJWL BHARDWAJ selected IIT JEE Mains (99.68 percentile)

KESHAV RAJ selected IIT JEE Mains (92 percentile)

Hybrid Mode of Teaching and Learning for AISSCE, JEE, NEET & CA/CS

Few Seats are also available for PN, LKG, UKG, Std. I - Std. IX

Our Mentors

Dr Alok Kumar, Managing Trustee, M.Sc. (Mathematics), M.Ed, Ph.D, L.L.B.

Dr Sanjay Sinha, Founder President, M.Sc. (Physics), M.Ed, Ph.D

Dr Ashok Kumar, Principal, M.Sc. (Chemistry), M.Ed, Ph.D

Admission Form Available at Branch (Gargaon) School Counter.

स्पीड न्यूज

## सुंदरनगर : महिला समिति के समर कैंप में बच्चों ने की खूब मस्ती



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय महिला समिति सुंदरनगर द्वार आयोजित एक दिवसीय समर कैंप में 75 बच्चों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। समर कैंप में ड्राइंग प्रतियोगिता, बैलून बास्टिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, जुंबा, योग क्विज प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधियां आयोजित कर बच्चों का प्रशिक्षित किया गया। साथ ही बच्चों के लिए फैन गेम भी हुए। कैंप में रोचक एवं लाभदायक गतिविधियों से बच्चों का ज्ञानवर्धन किया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चिलचिलाती गर्मी में आयोजित इस समर कैंप में बच्चों ने खूब मस्ती की। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी अरुण बाकरे वाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। समिति की अध्यक्ष मधु बकरेवाल की देखरेख में सुंदरनगर सामुदायिक भवन में सभी कार्यक्रम आयोजित किये गये। मधु बकरेवाल ने प्रोग्राम के अंत में सभी बच्चों को मेडल पहनाया और गिफ्ट के साथ सर्टिफिकेट देकर बच्चों को प्रोत्साहन किया। बच्चों ने सुबह, दोपहर ओर शाम में लजीज व्यंजन का भी आनन्द उठाया। इस समर कैंप को सफल बनाने में महिला समिति सुंदरनगर शाखा की सचिव संगीता कबरा, सीमा अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, किरण अग्रवाल, पिंकी मालपानी, ऋचा शर्मा, पिंकी अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

## जिलिंगगोड़ा डैम में सेल्फी लेने के दौरान पैर फिसलने से दो छात्र की मौत



**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थानांतर्गत जिलिंगगोड़ा डैम में नहाने के दौरान झरने में सेल्फी लेने के क्रम में पैर फिसलने से दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई। मृतक छात्रों में वर्माामाइंस के लक्ष्मी नगर निवासी शोभित सिंह (17) और उलीडीह थानांतर्गत डिमना रोड के न्यू सुभाष कलोनी निवासी सृजन कुमार (16) शामिल हैं। दोनों छात्र जमशेदपुर स्थित मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के इंटर में पढ़ते थे। के रहने वाले हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची गम्हरिया पुलिस द्वारा करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर, घटना की सूचना पाकर मृत छात्रों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। मृत छात्र शोभित के परिजनों ने बताया कि वह प्रातः करीब छह बजे अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने जाने की बात कहकर घर से निकला था। उसके बाद सात बजे उसके डूबने की सूचना मिली। प्राप्त जानकारी अनुसार, वह अपने छह दोस्तों के साथ डैम में नहाने गया था। नहाने के दौरान झरने की सेल्फी लेने के क्रम में वह गहरे पानी में चला गया। उसके साथियों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया पर वे उसे नहीं बचा पाए। इसी क्रम में सृजन भी गहरे पानी मे चला गया जिससे वह डूब गया।

## गोलमुरी में आंधी से पीपल का पेड़ गिरा, दब कर दुकानदार की मौत

**जमशेदपुर।** सोमवार को अपरान्ह साढ़े तीन बजे से आसमान में बादल छा गए और ठंढी हवाओं के साथ जोरदार आंधी आयी। मौसम विभाग का दावा है कि प्रति घंटे 65 किमी की रफ्तार से हवाएं चली हैं। आंधी के साथ-साथ झमाझम बारिश भी शुरु हो गई। इससे कई जगह पेड़ गिर गए। आंधी के दौरान एबीएम कॉलेज केपास एक पीपल का बड़ा पेड़ गिर गया जहां ठेले पर पपीता बेचने वाला राजू सिंह दब कर मर गया। राजू सिंह अपने परिवार को फल बेच कर ही पालता था।

## चंगाई सभा में हंगामा करने वाले पप्पू उपाध्याय को जमानत

**जमशेदपुर।** सोमवार को जमशेदपुर व्यवहार न्यायलय ने गोलमुरी चंगाई सभा मामले में पप्पू उपाध्याय को अग्रिम जमानत मिल गई है। जमानत मिलने पर पप्पू उपाध्याय ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा की प्रशासन के द्वारा झूठे मुकदमा हिन्दुओ पर किया गया था जबकि वहा कोरोना काल मे भीड़ जमा कर चंगई सभा के बहाने धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा था जिसकी सुचना पूर्व में प्रशासन को भी दी गयी थी पर प्रशासन के द्वारा उचित कार्रवाई नही करने पर वहा धर्म परिवर्तन का बिरोधी किया गया था। प्रशासन ने इसे सरकारी कार्य मे बाधा बताते हुए केस कर दिया था। इस मामले में पूर्व में दो लोगो को जमानत मिल चुकी है पप्पू उपाध्याय के मामले में क्रिमिनल मामलों के प्रख्यात अधिवक्ता प्रकाश झा ने अग्रिम जमानत के लिए पैरवी किया था। मामला फरवरी 2022 का था जिसमे 17 नामजद और अज्ञात 100 लोगो पर मामला दर्ज किया गया था।

# मानगो नगर निगम की खड़िया बस्ती में डीसी ने लगाया जनता दरबार, सुनी समस्याएं

>> बड़ी संख्या में जनता दरबार में स्थानीय लोग हुए शामिल, 280 से ज्यादा आवेदन आये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** डीसी विजया जाधव का साप्ताहिक जनता दरबार मानगो नगर निगम अंतर्गत शंकोसाई के खड़ियाबस्ती कम्यूनिटी हॉल में आयोजित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अपनी समस्या के समाधान को लेकर उपायुक्त से मिले जिसे उन्होने काफी गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई करते हुए निष्पादन कराने को लेकर आश्वस्त किया। इस मौके पर 280 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए जिसमें सर्वजन पेंशन के 50 आवेदन, वोटर कार्ड के 15, जलापूर्ति संबंधी 10, बिजली विभाग से संबंधित 5, नौकरी की मांग को लेकर 7 आवेदन, नाली निर्माण का 3 आवेदन, आधार कार्ड का 60 आवेदन, जन्म प्रमाण पत्र से संबंधी 25 आवेदन, जमीन म्यूटेशन का 10, दिव्यांगता प्रमाण पत्र का 12, जाति प्रमाण 7, दुकान आवंटन का 5 आवेदन तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर आवेदन आए। मौके पर दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, श्रवण यंत्र व बैशाखी दिया गया।

## डीसी ने 7 सबर व 1 भुईयां परिवार को दी पीएम आवास की स्वीकृति, लाभुकों को खिलाई मिठाई



जनता दरबार में उमड़ी भीड़।



पीएम आवास की एक लाभुक से भूमि पूजन की रस्म पूरी करवाती डीसी विजया जाधव व उनकी टीम।

**इन लाभुकों को पीएम आवास की मिली स्वीकृति**

इस अवसर पर उपायुक्त ने खड़िया बस्ती सबर टोला में पूजा सबर, रीता सबर, तेलकी सबर, फातली सबर, बुधनी सबर, शांति सबर, लखी सबर, संगीता भूइयां को पीएम आवास की स्वीकृति मिलने पर बधाई दी तथा लाभुकों का मुंह मीठा करवाया। उपायुक्त ने सबर परिवारों से उन्हें मिलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ के बारे में जानकारी ली। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों में मुख्यतः आयुष्मान कार्ड बनाने या नाम जोड़ने, आधार कार्ड संबंधी, राशन, वोटर कार्ड, स्वास्थ्य समस्या संबंधी आवेदन आए। उपायुक्त ने कहा कि प्राप्त आवेदनों के ट्रेंड को देखते हुए आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन, वोटर कार्ड आदि बनवाने के लिए कैम्प लगवाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र बनाने की भी शिकायत आई है, उन्होने अपील किया कि जिस किसी अस्पताल में बच्चे का जन्म हुआ हो वहां का सर्टिफिकेट नगर निकाय में जमा करें, सभी लंबित आवेदनों को भी जल्द निष्पादन के निर्देश दिए हैं। पानी की समस्या पर भी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है, मानगो नगर निगम में 2041 में जो आबादी होगी उसके मुताबिक पानी की डिमांड को पूरा करने के लिए नए ट्रीटमेंट प्लांट का डीपीआर बनाते हुए राज्य मुख्यालय भेजा जाएगा। पिलहाल टैंकर से पानी का सप्लाई किया जा रहा है। जनता दरबार में 18 विभागों द्वारा स्टल लगाकर लोगों को सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर निदेशक डीआरडीए, अपर उपायुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डीएसई, तकनीकी विभागों के अधिकारी तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्वणरिखा नदी का प्रवाह थमा, गंदे नालों के पानी के भरोसे मोहरदा जलापूर्ति योजना

- स्वणरिखा का जल प्रवाह थमा, नालों का पानी बना जंजाल
- सरयू राय ने जल संसाधन विभाग को भेजा त्राहिमाम संदेश
- जल्द 50000 क्यूसेक पानी चांडिल डैम से छोड़ना अति आवश्यक

**विशेष संवाददाता**







**जमशेदपुर।** शहर के सबसे बड़े बस्ती क्षेत्र बिरसानगर, मोहरदा, बागुनहातु, बागुननगर के करीब 25000 परिवारों की प्यास बुझाने वाली मोहरदा जलापूर्ति योजना कभी भी ठप हो सकती है। स्वर्णरिखा नदी के चांडिल डैम से नियमित जलप्रवाह नहीं छोड़ने के चलते नदी जलकुंभी से भर गई है और इस जलापूर्ति योजना के रास्ते में शहर के आधे दर्जन बड़े नाले स्वर्णरिखा नदी में गिर रहे हैं। नतीजतन इन नालों के पानी के चलते ही थोड़ा बहुत नदी में जल प्रवाह दिख रहा है, किन्तु प्रदूषित पानी को पंप कर फिल्टर स्टेशन पहुंचाने में जहां दिक्कत हो रही है वहीं फील्टर बेड बार-बार जाम हो जा रहे हैं। नतीजा पंपिंग स्टेशन से पर्याप्त और ससमय पानी जल मिनारों तक नहीं पहुंच रहा। इससे उपभोक्ताओं को करीब एक महीने से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। जो पानी सप्लाई की जा रही है उसकी गुणवत्ता का भगवान ही मालिक है। ऐसे में मोहरदा जलापूर्ति योजना को ऑपरेट करने वाली कंपनी टाटा स्टील यूआइएसएल ने साफ कर दिया है कि पेयजल आपूर्ति कभी भी ठप हो सकती है अन्यथा जल्द से जल्द चांडिल डैम से कम से कम 50,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जाए। कंपनी की चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने चांडिल डैम से अतिरिक्त पानी स्वर्णरिखा नदी में छोड़ने के लिए जल संसाधन विभाग के पास त्राहिमाम संदेश भेजा है। इसके पूर्व उन्होंने जल संसाधन सचिव से फोन पर बात कर स्थिति की गंभीरता से उन्हें अवगत कराया है। विधायक ने सचिव को लिखे त्राहिमाम संदेश में कहा है कि विगत दो महीना से मैं इस बारे मे राज्य सरकार का, स्वर्णरिखा परियोजना का, जिला प्रशासन का और जेएनएसी का ध्यान आकृष्ट कर रहा हूं कि वे अभी से मानसून आने तक चांडिल डैम से पर्यावरणीय प्रवाह के अतिरिक्त कम-से-कम 50 हजार क्युसेक्स जल प्रवाह छोड़वाएं ताकि मोहरदा पेयजल परियोजना को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके और उपभोक्ताओं को आवश्यकतानुसार पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। विधानसभा के गत बजट सत्र में भी मैंने यह सवाल उठाया था। मेरे सवाल के जवाब में सरकार ने आश्वस्त किया था कि स्वच्छ पेयजल हेतु प्रत्येक 15 दिन पर मोहरदा पेयजल परियोजना के समीप के क्षेत्रों की सफाई स्वर्णरिखा परियोजना द्वारा कराई जाएगी ताकि जल उपलब्धता अवरुद्ध नहीं हो। अफसोस है कि ऐसा नहीं हो रहा है जिसके कारण मोहरदा पेयजल परियोजना के बंद होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। मोहरदा पेयजल परियोजना क्षेत्रों में अनियमित एवं अपर्याप्त जलापूर्ति की शिकायत मिलने पर मैंने पेयजल परियोजना का परिचालन कर रहे कर्मियों एवं टीएसयुआइएल के जिम्मेदार अधिकारियों से बात किया तो उन्होंने बताया कि समय पर पर्याप्त स्वच्छ जलापूर्ति करने में वहाँ बने वीयर पर जलप्रवाह में कमी होना बाधक बन रहा है। यदि पर्याप्त जल प्रवाह की व्यवस्था नहीं हुई तो परियोजना का संचालन ठप हो जा सकता है।

## माधुरी दीक्षित के जन्मदिन पर राधे-राधे कार्यक्रम से भक्तिमय हुआ माहौल, पप्पू सरदार ने नहीं काटा केक



जमशेदपुर। मशहूर बलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित का 56 वा जन्मदिन माधुरी के प्रशंसक पप्पू सरदार द्वारा सादगी के साथ भक्तिमय माहौल में राधे-राधे कार्यक्रम के साथ मनाया गया। साकची बाजार हंडी लाईन स्थित कार्यक्रम स्थल को भगवान श्रीष्ण, भगवान श्रीराम, भगवान जगन्नाथ, राधा रानी, बाल गोपाल, संत बाबा, गो माता का दरबार एक ही स्थान पर काफी आकर्षक तरीके से सजाया गया था, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। इस साल जन्मदिन का केक नहीं काटा गया, क्योंकि माधुरी दीक्षित की माताजी स्नेहलत्ता का निधन 12 मार्च को हो गया था। 15 मई सोमवार की शाम को आम लोगों के बीच इस वर्ष चाट के बदले प्रसाद स्वरूप पुड़ी सब्जी का वितरण किया गया। सोमवार को सुबह पप्पू सरदार द्वारा सुंदरनगर स्थित चेशायर होम में भी केक नहीं काटा गया। वहां रह रहे विशेष बच्चों के बीच फल ओर भोजन का वितरण किया गया। इससे पहले रविवार की रात माधुरी की लंबी उम्र के लिए हवन के साथ पूजा की गयी। भक्तिमय राधे-राधे कार्यक्रम के लिए वृन्दावन और बंगाल के मायापुर से आमंत्रित कलाकारों की टीम द्वारा भक्तिमय राधे-राधे कार्यक्रम किया गया। रविवार और सोमवार के बीच देर रात तक सैकड़ों लोग भक्तिमय राधे-राधे कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान के दरबार में अपनी हाजिरी लगाये।

## श्रीनाथ विवि द्वारा प्राणहुति ध्यान पर कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंस ने 'हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान' विषय पर प्राणहुति ध्यान के संबंध में तीन दिवसीय कार्यशाला आरंभ किया गया । कार्यशाला के मुख्य वक्ता जोनल प्रभारी, हार्टफुलनेस संस्थान से एस एल नारायण थे एवं मालिनी के मेहता, समन्वयक, हार्टफुलनेस संस्थान और राजन गुप्ता, ध्यान विशेषज्ञ, हार्टफुलनेस संस्थान कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन थे। विवि के सभागार में जहां कार्यशाला आयोजन हो रहा है, वहां योग और प्राकृतिक चिकित्सा विभाग के संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे। छात्रों को संबोधित करते हुए, एस एल नारायण ने कहा कि ह्लप्राणहुति आत्मा का सार है। यह आत्मा के लिए भोजन है। प्राणाहुति वाणी, दृष्टि, स्पर्श और इच्छा के माध्यम से कई प्रकार से दी जा सकती है। उन्होंने विस्तार से बताया कि जब प्राणाहुति दी जाती है तो ध्यान समाधि बन जाता है। साधक को उसके भीतर अटकल की प्रक्रिया शुरू करने के लिए दिव्य सार दिया जा रहा है। हार्टफुलनेस ध्यान प्रणाहुति को साधक के हृदय (मानव शरीर में दिव्यता का आसन) तक पहुंचाने की संकल्प विधि का उपयोग करता है।

हार्टफुलनेस प्राणाहुति की मदद और मार्गदर्शन से दिल से जुड़ने की सरल प्राकृतिक और आसान प्रक्रिया है।' स्वर्णिमा प्रसाद, और रूबी सिंह, दोनों हार्टफुलनेस संस्थान की प्रशिक्षक कार्यशाला की सह-संसाधन पर्सन थीं। राजन गुप्ता ने छात्रों को कुछ आसन और प्राणायाम दिखाए। छात्रों ने आसनों और प्राणायामों को सहजता और निपुणता के साथ किया।

## सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करायें अधिकारी : डीसी

- बिना हेल्मेट वालों, ट्रिपल राइडर से अब कोई मरौव्वत नहीं
- हर माह लाखों रुपये जुर्माने के बावजूद 70 फीसदी ही पहन रहे हेल्मेट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सड़क सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक करती डीसी विजया जाधव।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाये जा रहे अभियान की समीक्षा बैठक में उपायुक्त विजया जाधव ने यातायात नियमों को तोड़ने वालों के विरूद्ध सख्ती के निर्देश दिए। उन्होने स्पष्ट कहा कि फाइन तो करें ही साथ में काउसिंलिंग भी करायें ऐसे आदतन नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों का। शहर में आज भी 60-70 फीसदी लोग ही हेल्मेट का उपयोग करते देखे जाते हैं, उपायुक्त ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए चालक के साथ साथ पीलियन राइडर के भी हेल्मेट लगाने की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होने कहा कि बिना हेल्मेट पहने कोई पकड़े जाते हैं तो तत्काल उनका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दें। ट्रिपल राइडिंग करने वाले युवा तथा साइलेंसर मडिफिकेशन पर उपायुक्त ने कहा कि ऐसे लोगों को विशेष रूप से चिन्हित कर कार्रवाई करें ताकि ये सड़क पर चलने वाले दूसरे लोगों के जानमाल के लिए यमराज नहीं बनें। जिले के सभी ब्लैक स्पॉट पर साइनेज व बोर्ड (दुर्घटना से देर भली, आगे घुमावदार मोड़ है, कृप्या धीरे चलें, स्पीड लिमिट आदि) लगाने का निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारणों में गलत दिशा में ड्राइविंग तथा तेज गति को लेकर उपायुक्त ने उत्पाद विभाग को निदेशित किया कि एक भी लाइन होटल व ढाबों में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं हो इसे सुनिश्चित करें।

जिला शिक्षा अधीक्षक को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को लेकर स्कूल-कलेज में नियमित जागरूकता अभियान संचालन का निर्देश दिया गया।

## टाटानगर सेकेंड इंट्री गेट पर सुविधाएं बढ़ाये रेलवे : चैम्बर

सुविधाओं की कमी पर चैम्बर ने दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक का किया ध्यानाकृष्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चौम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने टाटा रेलवे स्टेशन के सेकेण्ड इंट्री गेट पर यात्रियों हेतु विभिन्न सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु कोई व्यवस्था नहीं होने तथा पूछताछ काउंटर उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी को लेकर दक्षिण-पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अर्चना जोशी का ध्यानाष्ट कराते हुये इसे अतिशीघ्र पूरा करने हेतु आग्रह किया है। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। अध्यक्ष ने बताया कि टाटानगर रेलवे स्टेशन, चक्रधरपुर डिविजन के अंतर्गत सबसे ज्यादा राजस्व उपलब्ध कराने वाला स्टेशन है तथा इस डिविजन में सबसे ज्यादा यात्रियों का आवागमन यहीं से होता है और टाटानगर रेलवे स्टेशन की गिनती स्मार्ट रेलवे स्टेशनों में होने लगी है, लेकिन सेकेण्ड इंट्री गेट पर उपरोक्त सुविधाओं को यात्रियों हेतु उपलब्ध नहीं कराये जाने से यात्रियों को इसके लिये मुख्य प्रवेश द्वार की तरफ आना पड़ता है जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# एनआइटी जमशेदपुर को टॉप 50 में लाने का लक्ष्य : डॉ गौतम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




एनआइटी जमशेदपुर के नये निदेशक डा गौतम सूत्रधार।

**जमशेदपुर।** एनआईटी जमशेदपुर के नये निदेशक डॉ गौतम सूत्रधार कहा है कि एन आईटी जमशेदपुर एकमात्र ऐसा एनआईटी है जो किसी इतने बडे औद्योगिक हब के बीच स्थित है। इसके बावजूद इस संस्थान को वह नेशनल रैंकिंग हासिल नहीं है जिसकी यह हकदार है।

इसलिए मौजूदा रैकिंग को 90 से 50 पर लाने के लिए वो प्राथमिकता से काम करेंगे। डॉ सूत्रधार पद संभालने के पश्चात पहली बार मीडिया से रुबरु थे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि रैंकिंग तय करने के लिए कई तरह के पैरामीटर होते हैं और उनको ये समझने में थोडा समय लगेगा कि कौन -कौन से पैरामीटर पर संस्थान खरा नहीं उतर पाया है। उन्होंने कहा कि संस्थान के कितने छात्र हॉस्टल में न रहकर बाहर रहते हैं इस पर भी रैंकिंग तय होती है। वर्तमान स्थिति में लगभग सत्तर प्रतिशत छात्र हॉस्टल में रहते हैं और बाकी बाहर क्योंकि नए हॉस्टलों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम चल रहा है और काम पूरा होने के बाद शत प्रतिशत छात्रों के लिए हॉस्टल उपलब्ध होगा। ज़ल्द ही दो नए हॉस्टल बनकर तैयार होंगे जिनमें 1000 छात्रों और 300 छात्राओं के लिए रहने की व्यवस्था होगी।

आनेवाले समय में पीएचडी छात्र छात्राओं को भी हॉस्टल की सुविधा मिलेगी। इतना ही नहीं कुछ सालों में शादीशुदा छात्र-छात्राओं के लिए भी हॉस्टल की व्यवस्था होगी। नए निदेशक डॉ सूत्रधार ने कहा कि छात्रों के लिए संस्थान परिसर में कोई ऑडिटोरियम नहीं है और इसे बनवाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में दो तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर होते हैं पहला हार्ड और दूसरा सॉफ्ट बिल्डिंग, हॉस्टल वगैरह हार्ड इंफ्रास्ट्रक्चर होते हैं और उसमें जो भी कमियां या अनुपलब्धता होगी उसे उपलब्ध कराने की वे कवायद करेंगे, साथ ही सॉफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत फैकल्टी की संख्या, शोध कार्य जैसे महत्वपूर्ण मसलों पर सुधार के प्रयास करेंगेइस वक्त संस्थान में 180 फैकल्टी हैं जबकि स्वीकृत पद 246 हैं। उन्होंने कहा कि डीन के पदों पर कितने महिला और पुरुष हैं इस पर भी संस्थान की रैंकिंग तय होती है और निश्चित तौर पर इस पैरामीटर में सुधार की जरुरत है।

## खबर एक नजर में

### राजेंद्र विद्यालय में समर कैंप का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** राजेंद्र विद्यालय में सोमवार को समर कैंप का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्य जयंती सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। समर कैंप में छठी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के 150 से अधिक बच्चों ने भाग लिया है। इस अवसर पर श्वेता सहाय ने स्वागत भाषण दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या जयंती सिंह ने बच्चों को अच्छी शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं। बच्चे समर कैंप के दौरान विद्यालय परिसर में बास्केटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, इंग्लिश स्पीकिंग के साथ-साथ प्रेजेंटेशन स्किल और आर्ट एवं क्राफ्ट की कला भी सीखेंगे। बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी और विजेताओं को पुरस्कार दिए जायेंगे। जया मोइत्रा ने क्राफ्ट, ललिता राव ने खेल कूद और श्वेता सहाय ने इंग्लिस स्पीकिंग का प्रशिक्षण देंगी।

### आरवीएस एकेडमी के छात्र रोहित को 10वीं में मिला 95.4 प्रतिशत अंक



**जमशेदपुर।** मानगो, आदर्श नगर, डीमना रोड, के रहने वाले छात्र रोहित शर्मा ने आर वी एस स्कूल से आई सी एस ई बोर्ड 10 वीं में 954 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। उनके पिता-हरदेव लाल शर्मा का कहना है कि रोहित बचपन से ही पढ़ाई मे काफी तेज है। हमें गर्व है कि उसने अपने परिवार का नाम रोशन किया। रोहित शर्मा का कहना है कि कड़ी मेहनत और समय प्रबंधन परीक्षा में अति आवश्यक है। रोहित की रूचि कंप्यूटर एवं गेम्स में है, आगे वह इंजीनियर बनना चाहते हैं। फिलहाल वे डीएवी स्कूल विष्टुपुर से साईंस लेकर 12 वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहे हैं।

### बारीडीह में खुला काईनेटिक इवी मोटर्स का शो रुम



**जमशेदपुर।** सोमवार को बारीडीह विद्यापति नगर में राम ईवी अटोमार्ट ग्रीव्स का शोरूम खुला जिसका उद्घाटन टाटा मोटर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह ने किया। इस शोरूम में सभी गाडियां काइनेटिक कंपनी की मिलेगीं जो पूरी तरह से बैटरी पर चलती हैं। शोरूम के ऑनर दिवाकर शर्मा हैं। यूनियन के महामंत्री ने शर्मा को बधाई दिए। साथ ही उन्होंने कहा की बैटरी से चलने वाली गाड़ी में कोई तरह प्रदुषण नही होता। आने वाले समय में पेट्रोल छोड़ सभी बैटरी गाड़ी पे चलेंगे। जिसे हमारा पर्यावरण को सुरक्षित रखता है अभी के समय में काफी डिमांड बढ़ रही है। इस मौके पे भाजपा बिरसा नगर के मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, टेल्को सोसायटी कमेटी मेंबर अनूप सिंह, भाजयुमो के अमित सिंह, आरआर दुबे, यूनियन के कमेटी मेंबर मनोज सिंह, संतोष जैसवाल, जितेंद्र साहा, मोहन लाल शर्मा, राम विलास शर्मा, विनोद कुमार, आरमेंद्र शर्मा, उमेश शर्मा सरवन कुमार, धीरज शर्मा, राजेश शर्मा, राजकुमार, रणधीर कुमार सिंह, मनोज चौरसिया, नीरज कुमार, मंगल प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### गाजुड़ संस्था ने 10वीं के टॉपर को किया सम्मानित



**पोटका।** पोटका के समाजसेवी सह गाजुड़ संस्था के संचालक जन्मेजय सरदार ने मटकू पंचायत निवासी दिवाकर महतो को 10वीं की परीक्षा में (94%) उत्तीर्ण होने पर पुष्प गुच्छ, डायरी, कलम तथा डिक्सनरी देकर सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दिवाकर महतो बहरागोड़ा नवोदय विद्यालय का छात्र रहा है। ज्ञात हो की दिवाकर पूर्व में जन्मेजय सरदार द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग सेंटर में ही अध्ययन करता था। जहां से उसे नवोदय विद्यालय में दाखिला होने का मौका मिला। सरदार अपने पंचायत क्षेत्र पिछली, चांदपुर तथा टेटला में बच्चो के लिए निःशुल्क तीन कोचिंग सेंटर चलाते है। ताकि गरीब छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का तैयारी कर सके।

### मारवाड़ी युवा मंच का मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आज



**जमशेदपुर।** सोमवार को एसएसपी प्रभात कुमार ने मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी द्वारा 16 मई को आयोजित किये जाने वाले मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। रक्तदान शिविर का तीसरे चरण में पोस्टर विमोचन हुआ जिस्मे एसएसपी प्रभात कुमार ने सब से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। रक्तदान का पोस्टर लॉन्च तीसरे दौर में एसएसपी प्रभात कुमार के द्वारा उनके कार्यालय परिसर में किया गया, जिसके पश्चात प्रभात कुमार को मंच की ओर से पूर्व अध्यक्ष भरत अग्रवाल ने एक मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष मोहित मूनका, सचिव सौरव सोंथालिया, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, साथ ही पूर्व अध्यक्षों भरत अग्रवाल, विजय आनंद मूनका और विष्णु गोयल सहित सम्मानित सदस्यों की भागीदारी देखी गई। इसके अतिरिक्त, इस कार्यक्रम में सम्मानित सदस्यों नवनीत बंसल, पंकज मूनका, मुकेश गुप्ता, आलोक अग्रवाल और अंकुर मोदी ने भाग लिया।

### विधायक सरयू राय ने गार्ड वाल का किया उद्घाटन




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने अपने विधायक निधि से बिरसानगर, जोन नं. 11 में मुन्नु निवास के पास स्थित नाला पर लगभग 15 लाख की लागत से निर्माण हुए गार्डवाल का उद्घाटन किया। क्षेत्र के लोगों ने विधायक श्री राय से अनुरोध किया था कि नाला पर एक गार्डवाल का निर्माण किया जाय। गार्डवाल नहीं होने के कारण बरसात में नाला का पानी बहकर सड़क पर आ जाता है तथा आसपास के घरों में प्रवेश कर जाता है। जिससे बस्तीवासियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। गार्डवाल का निर्माण हो जाने से इस समस्या से लोगों को निजात मिल पाएगा। गार्डवाल का निर्माण हो जाने से बस्ती के लोगों में हर्ष का माहौल है। इसके लिए बस्तीवासियों ने विधायक सरयू राय को धन्यवाद दिया है। उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से भाजमो के जिला उपाध्यक्ष एवं बिरसानगर मंडल प्रभारी एम चंद्र शेखर राव, महिला अध्यक्ष नंदिता गागराई, उपाध्यक्ष डब्ल्यू विरनेट विनय कुमार, कोषाध्यक्ष एस एन मिश्रा, मंत्री रामनाथ दास, युवा अध्यक्ष विक्की माड़िया, सोलर लाइट प्रतिनिधि पी विजय राव, एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रकाश कोया, जिला सचिव कुंदन मुखी, जिला सदस्य सुनील प्रसाद, पूर्वी मंडल अध्यक्ष शंकर कर्माकर, अक्षय लाल पंडित, काकू कुमार, जय सिंह, संजय करवा, शिवा कुमार, कमला कर्मकार, मनोज मुखी आदि के साथ ही स्थानीय नागरिकगण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पाटन : ससुरालवालों ने की महिला की हत्या पति और ससुर गिरफ्तार



**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के सिरगा ग्राम में ससुरालवालों ने 22 वर्षीय महिला अनिता देवी की हत्या दहेज की राशि नहीं मिलने के कारण रविवार की रात कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर औरंगाबाद जिला के डूमरी निवासी मृतका के पिता सुदामा प्रजापति ने पाटन थाना में प्रताड़ित कर बेटी की हत्या करने का मामला दर्ज कराया है। पाटन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका अनिता देवी के पति पंकज प्रजापति व ससुर ईश्वरी प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि पांच जून 2022 को अनिता देवी की शादी पाटन प्रखंड के पंकज प्रजापति के साथ किया था। शादी के बाद मृतका का ढाई माह की बच्ची है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटी अनिता देवी को उसके पति पंकज प्रजापति, ससुर ईश्वरी प्रजापति, सास अगरबती देवी, भसुर अंगद उर्फ दिपेंद्र, उमेश प्रजापति, गोतनी ममता देवी, रीना देवी हमेशा प्रताड़ित किया करते थे। घटना के पूर्व पंकज प्रजापति ने घर ढालने के लिए एक लाख रूपये की मांग की थी। ससुरालवालों ने मृतका अनिता से कहते थे कि दहेज में मोटरसाईकिल व चेन नहीं मिला है। मृतका के पिता ने ससुरालवालों पर अनिता की हत्या कर आत्महत्या का मामला दिखाने के लिए फांसी पर लटका दिया।

### जपला की प्राची ने 98% अंक लाकर बढ़ाया सबका मान, घर में खुशी



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायिक ध्रुव अग्रवाल के पोती प्राची अग्रवाल ने सीबीएसई माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में 98% लाकर शहर का मान बढ़ाई हैं। प्राची वर्तमान में वह इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल गाजियाबाद में रहकर शिक्षा दीक्षा ग्रहण कर रही हैं। उनके दादा ध्रुव अग्रवाल जपला के जाने माने व्यवसायिक हैं। वे अपने पोती के परीक्षा परिणाम से काफी उत्साहित है। पिता धीरज अग्रवाल भी व्यवसायिक हैं पूजा अग्रवाल गृहणी हैं। प्राची ने अपनी सफलता पर दूरभाष के माध्यम से सबको अपना खुशी का इजहार की। प्राची ने बताया कि मुझे आगे सिविल सेवा में जाने इक्छा हैं। प्राची के सफलता पर उनके चाचा, अजित अग्रवाल ने भी उसे बधाई दी है।

### रेहला के एक दुकान में लगी आग, 50 हजार की संपत्ति जलकर खाक



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में महावीर चौक स्थित एक झोपड़ीनुमा होटल में आग लग गई। जिससे पूरा दुकान और उसमे रखा सामान जलकर खाक हो गया। घटना सोमवार सुबह 9.30 बजे की बताई जा रही है। नरेश प्रसाद गुप्ता के होटल में गैस सिलेंडर के पाईप में रिसाव होने से एकाएक आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटें चारो तरफ फैलने लगी। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग बुझाने के क्रम में होटल मालिक का बेटा भी जख्मी हो गया। सूचना मिलने पर रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल ग्रासिम इंडस्ट्रीज से दमकल मंगवाया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नरेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि आगजनी की इस घटना में 50 हजार का नुकसान हुआ है।

### घरटिया गांव में विद्युत आपूर्ति बहाल



**जेई से आग्रह करते ग्रामीण।**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत बघामनवा पंचायत के घरटिया गांव में पिछले 15 दिनों के बाद फिर से बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है। यहां बताते चलें कि गांव के अधिकांश उपभोक्ताओं पर भरी भरकम राशि बकाया था। जिसके वसूली हेतु विभाग ने 15 दिनों पहले गांव का बिजली कनेक्शन काट दिया था। जिससे पूरा गांव अंधेरे में चला गया था। कुछ उपभोक्ताओं ने बकाया बिजली बिल जमा करने के बाद विभाग के कनीय अभियंता अभिषेक कुमार से मिलकर फिर से बिजली आपूर्ति शुरू कराने का आग्रह किया। जिसके बाद कुमार ने ग्रामीणों की समस्या को समझते हुये फिर से घरटिया गांव में बिजली बहाल कराया। इधर गांव में विद्युत ऊर्जा शुरू होने पर ग्रामीणों में काफी खुशी है। ग्रामीणों ने जेई अभिषेक कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया है। जेई अभिषेक कुमार ने बताया कि घरटिया गांव में बिजली का बकाया बिल ज्यादा हो गया था। जिसके चलते मजबूरीवश गांव का बिजली कनेक्शन काटना पड़ा था। बिजली बिल माफी योजना के तहत कुछ लोगो ने बिल कराया, जिसके बाद आज से बिजली बहाल कराया गया। मौके पर विभाग के प्रमोद वर्मा, निरंजन सिंह खरवार, राणाप्रताप सिंह, कृष्णा सिंह, शंकर कुमार रवि, लालो देवी, नरेश पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

### जंगल से मिली घायल सरिता, बिना शादी के लौट गयी थी बारात

पाटन पलामू। प्रखंड अंतर्गत जागोडीह निवासी सरिता कुमारी उम्र लगभग तीस वर्ष गम्भीर रूप से घायल अवस्था में जंगल से पायी गई। सरिता कुमारी की शादी उसके घर वाले ने तय की थी। शादी के लिए निश्चित तिथि पर बरात उसके घर पहूंची लेकिन बरात आने के उपरान्त लड़की किसी अज्ञात लड़का के साथ गुम हो गई थी। बरात को बिना शादी किए बैरंग वापस लौटना पड़ा। बरात लौट जाने के बाद लड़की की खोजबीन किया गया लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। अन्ततः घर वाले तथा गांव वालों ने पंचायत किया। पंचायत में शिवनाथ उरांव पिता क्रम उरांव का नाम लड़की को भगाने ले जाने में आया फिर अचानक लड़की अपने बहन के घर से परिवार वालों ने बरामद कर पुनः पंचायत बैठाकर लड़की से पुछताछ किया गया। लड़की द्वारा पंचायती में सच नहीं बताने पर पंचायती में घर वाले तथा पंचायती कर रहे लोगों के द्वारा बाल काटकर गम्भीर रूप से पीटा गया तथा उनलोगो के द्वारा अधमरा समझकर जंगल में फेंक दिया गया। किसी प्रकार इसकी सुचना पाटन पुलिस को मिली पाटन पुलिस ने जंगल से लड़की को बरामद कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल डाल्टनगंज भेज दिया है। पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि लड़की के बयान लेने के केश दर्ज कर आगे कि कारवाई किया जायेगा। इधर पाटन पुलिस पचु राम पुर्व सरपंच वार्ड सदस्य बालेश्वर उरांव तथा वार्ड पति कन्हाई उरांव को थाना लाकर पुछताछ कर रही है।

### सगुना में विद्यालय संबंधित पंचायतस्तरीय समीक्षा बैठक

**पाटन पलामू।** सगुना ग्राम पंचायत अंतर्गत पंचायत सचिवालय में विद्यालय संबंधित पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सगुना पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने की। बैठक में सगुना पंचायत अंतर्गत संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव, सचिव उपस्थित थे। बैठक में विद्यालय संचालन व बच्चों के गुणवत्ता शिक्षा दिये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पाटन बिकुआ एनपीएस के जीतेंद्र कुमार, नावादा एनपीएस के सुनील सिंह, साकनपीढ़ी अपग्रेड स्कूल के विमलेश सिंह, टंडवा एमएस के धीरेंद्र सिंह,नवादा यूपीजी के सुनील बैठा, सगालिम स्कूल के सुनील पांडेय, बिंदा देवी, वार्ड 10 की सीता देवी, वार्ड नंबर एक के इमामुदीन अंसारी, खरौंधा आरयूएमएस के अवधेश सिंह, साकनपीढ़ी एनपीएस अध्यक्ष राजकुमार सिंह मौजूद थे।

# पालने में ही दिख जाता है पूत के पांव : महापौर अरुणा शंकर

धनंजय त्रिपाठी, अभिषेक सिंह एवं दीपक तिवारी ने एयरपोर्ट से आगे पिंक सिटी बस का परिचालन कराया बंद





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि निगम ने एक पत्र लिखकर बस संचालक को एयरपोर्ट से आगे पिंक सिटी बस को ले जाने से मना कर दिया।

प्रथम महापौर ने कहा कि निगम द्वारा संचालित एवं मेरे निजी सहयोग से झारखंड में पहला महिलाओं के लिए मात्र 5 रुपया किराए में चल रही पिंक सिटी बस का परिचालन रांची रोड में एयरपोर्ट जो निगम की परिधि है के मात्र दो-तीन किलोमीटर की परिधि में आने वाली सेक्रेड हार्ट, डीएवी, एलिट नर्सिंग, एलिट बीएड, महिला बीएड की मध्यम परिवार की छात्राएं, कर्मियों, बुजुर्ग महिलाएं एवं सुबह शाम दिहाड़ी पर काम करने वाली महिलाएं जिनकी कमाई का एक मोटा भाग किराए पर चला जाता को चंद नेताओं के चलते आज से परिचालन बंद कर दिया गया। इन नेताओं का कहना था महापौर के सहयोग से महिलाओं के लिए संचालित मात्र 5 रुपया में चल रही लोकप्रिय पिंक सिटी बस निगम परिधि से एक कदम भी आगे ना बढ़े नहीं तो इन नेताओं की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचेगा। अब इन उभरते कलाकारों के चलते दूर से सिंगरा, चैनपुर, शाहपुर, शहर के विभिन्न छात्राओं महिला कर्मी, बुजुर्ग महिलाओं को अपने गंतव्य तक जो एयरपोर्ट से चंद कदम दूर में होगा को नहीं उतारकर एयरपोर्ट के सामने बीच रास्ते में उतारना पड़ेगा।

वहां से महिलाएं पैदल जाने को मजबूर होंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि काश इन नेताओं द्वारा आंदोलन किया जाता कि इस सेवा का विस्तार और भी किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण महिलाएं, बुजुर्ग, मध्यम परिवार की छात्राएं इसका लाभ ले सके और जहां महीने में इन मध्यम परिवार के लोगों को आने जाने में 1000 से 1200 रूपये लग रहा उन्हें मात्र 200 से 300 में काम चल जाए ताकि हजार रुपए की बचत से अपने बच्चों की पढ़ाई बीमारियों का खर्च या अन्य अपने जरूरत की चीजों को यह महिलाएं पूरा कर सकें। यह उभरते कलाकार विकास की जगह विरोध की राजनीति कर अपना अस्तित्व बनाए रखना चाहते हैं।

महापौर ने कहा कि मुझे खुशी है कि कांग्रेस ,जेएमएम के अध्यक्ष या पदाधिकारीगण को महिलाओं के लिए संचालित इस लाभकारी योजना से कोई शिकायत नहीं, यह शिकायत सिर्फ दूसरे दल से निकाले गए नए दल में आयातित महापौर का चुनाव लड़ने वाले चंद नेताओं का है, जो विकास की जगह विरोध की राजनीति कर अपने अस्तित्व को बचाए रखना चाहते हैं।

महापौर ने कहा कि अब जनता तय करेगी क्योंकि पूत के पांव पालने में दिखाई देती है।

#### अप्रैल माह में ही जारी हुआ है बस का परमिट

महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि पिंक सिटी बस का परिचालन एयरपोर्ट से आगे बंद करानेवाले नेतागण जिस परमिट को लेकर बहाना बना रहे हैं कि पिंक सिटी बस का परमिट नहीं है। उसका परमिट अप्रैल माह में ही निर्गत हुआ है। रही बात हेरिटेज या महिला बीएड कॉलेज की तो बताते चलें कि दोनों संस्था मिलाकर उनका लगभग 40 बस है। पिंक सिटी बस उस रूट पर मात्र वैसे लोगों के लिए चलाया जा रहा था जो टेंपो में धक्का खा कर छात्रा या कर्मी कॉलेज स्कूल जाते हैं। उन्हें 5 रूपये में उक्त बस से सुविधा मिल रही थी।

# कुंदरी छठ घाट तालाब भरवाने वाला बिलाकर मरेगा : विधायक

पांकी विधायक ने अंचलाधिकारी को लगाई फटकार, कहा- किसके आदेश पर भरा गया है तालाब

**लोगों की आस्था के साथ किया गया है खिलवाड़**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के कुंदरी छठ तालाब को भूमाफिया द्वारा भरवाने के बाद एक बार फिर कुंदरी तालाब के लिए पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता आंदोलन के मूड बना चुके हैं। डॉ मेहता ने पत्रकारों के साथ वार्ता में कहा है कि कुंदरी स्थित छठ घाट तालाब लगभग सैकड़ों साल पुराना तालाब है। यहां दर्जनों गांव के मां बहनों द्वारा इस प्रति वर्ष भगवान भास्कर का पूजा अर्चना करते हैं आ रहीं हैं। प्रखंड का यह ऐतिहासिक धरोहर को भूमाफिया द्वारा जाली कागज बनवा कर इस तालाब को भरवाया गया। जिसे हम पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि आस्था के तालाब को जिसने भी भरवाया वह बिला कर मरेगा। रात्रि में तालाब को भरा जाना अंदेशा होता है कि कहीं ना कहीं स्थानीय संबंधित प्रशासन के मिलीभगत के कारण यह कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही इस तालाब को पुनः छठ तालाब जिर्णोद्धार के लिए कमेटी तैयार की जा रही है। उसी कमेटी के देखरेख में दर्जनों गांवों से माताओं बहनों एवं ग्रामीण भाईयों को साथ लेकर तालाब में भरे हुए मिट्टी को दस दस टोकरी निकलवाया जाएगा। जिसका शुभारंभ वे खुद टोकरी में मिट्टी उठाकर कर करेंगें। इस मामले को सड़क से सदन तक उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे जैसे जानकारी प्राप्त हुई हमने अंचलाधिकारी से पूछा कि किसके आदेश पर तालाब भरवाया गया है। तालाब को आप जल्दी जिर्णोद्धार करवायें। ताकि आस्था के साथ साथ जल संकट उत्पन्न होने से रोका जा सके। अंचलाधिकारी चन्द्र शेखर कुणाल ने बताया कि जमीन मालिक तालाब कैसे भरा इसके लिए नोटिस जारी किया है।

## कुंदरी छठ तालाब बचाव संघर्ष समिति का हुआ गठन सुंदरीकरण के लिए 1 लाख 72 हजार राशि का संग्रह





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कुंदरी छठ तालाब भरने के विरोध में पाकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता के मौर्या फार्म हाउस पर दर्जनों गांव की ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में कुंडल तलाव बचाने को लेकर तलाब बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पांकी विधायक डॉ मेहता ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से समिति से पाकी विधायक को कुंदरी छठ तलाब बचाओ संघर्ष समिति का संरक्षक चुना गया।

वहीं पूर्व मुखिया प्रतिमा देवी को अध्यक्ष, उषा कुंवर को उपाध्यक्ष, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अर्चना मौर्या को सचीव, पूर्व उप मुखिया रंभा देवी उपसचिव, पंचायत समिति सदस्य बिंदीया देवी को महामंत्री, तेतरी देवी को कोषाध्यक्ष तथा रिंकी देवी को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। इसके उपरांत तालाब को पुराने अस्तित्व में लाने तथा सुंदरीकरण करने के लिए मौके पर ही एक लाख 72 हजार धनराशि का संग्रह किया गया। इसके उपरांत नव चयनित पदाधिकारी एवं सदस्यों को पांकी विधायक ने कुंदरी छठ तालाब बचाने के लिए शपथ दिलाई।

मौके पर विनोद कुमार राम, राकेश रंजन, वीरेंद्र कुमार, कुंती देवी, चंपा देवी, देवंती देवी, राजू भुइयां सनी कुवंर, तेतर कुवंर, पूनम देवी, सरिता देवी समेत काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## महिलाओं ने कुंदरी छठ घाट तालाब भरवाने का किया विरोध





**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड स्थित कुंदरी छठ घाट तालाब भरवाये जाने के विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों ने छठ घाट तालाब बचाने पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही तलाब को पुनः खुदवाने की बात कही। ग्रामीणों ने कहा कि अगर भरवाये गये तालाब को फिर से नहीं खुदवाया गया तो न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि यह तालाब आस्था का प्रतीक है। प्रशासन हजारों महिलाओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। मौके पर माले नेता बीएन सिंह ने कहा कि आप सभी तैयार रहें तालाब को लेकर अब तालाब बचाओ समिति का गठन कर आंदोलन की शुरूआत की जाएगी। यहां के विधायक मोनी बाबा बन गए हैं और हिंदू की बात करते हैं। मालूम हो कि यह तालाब वर्ष 1916 से बना हुआ है इसमें सरकारी राशि से तालाब का जिर्णोद्धार कराया गया है। बावजूद बारी निवासी भोला सिंह द्वारा 95 डिसमील तालाब को भरवा दिया गया है। मौके पर नर्वदेश्वर सिंह, कमेश सिंह चेरो, शिवनाथ महतो, रमेश महतो, चन्द्रधन महतो, पुर्व मुखिया प्रतिमा देवी, रंभा देवी, अर्चना मौर्य, कौशल्या देवी, कमला देवी, ऊषा कुंवर, शांति देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बस रोककर लूटपाट करने के मामले में दो अपराधी गिफ्तार

पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया लूट की घटना का उदभेदन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व शनिवार की शाम बटाने मोड़ के पास अपराधियों द्वारा बस को रोककर लूटपाट कर पिटाई करने के मामले का उदभेदन पुलिस ने 24 घंटे के अंदर कर लिया है। इस बावत सोमवार को छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर लूट मामले का अनुसंधान कराया गया। जिसमें पुलिस ने छतरपुर थाना के ही दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें चंदन कुमार, अखिलेश यादव ग्राम देवताही टोला सिरिसिया थाना छतरपुर का नाम शामिल है। पुलिस ने लूट की पांच हजार रूपये बरामद किया है। छापेमारी दल में पुअनि शेखर कुमार, विजय कुमार रमानी, अजित कुमार,अजय कुमार सिंह समेत जवान शामिल थे।

### पीएम आवास में गड़बड़ी करने वाले 5 पर प्राथमिकी

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के कोट खास पंचायत के पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक रुस्तम कुमार ने पांच लोगों के विरुद्ध थाना में लिखित शिकायत दिया है। थाना को दिए आवेदन में बताया है कि जिला जांच दल के द्वारा कोट खास पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना का जांच किया गया। जिसमें पाया गया कि वर्ष 2016 से 2022 तक 29 अयोग्य लाभुकों का चयन कर लिया गया है। तथा 10 लाभुकों को बगैर आवास निर्माण किए ही दूसरे किस्त की राशि का भुगतान कर दिया गया। बताते चले की पूर्व मुखिया संतोष मिश्रा, पंचायत सचिव संतु पासवान एवं पंचायत स्वयंसेवक रीमा सिंह, राजेश दुबे, तथा संगीता देवी पर लेस्लीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन प्रारंभ कर दी गई है।

### अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया



**सतबरवा।** किड्स आनन्द मार्ग स्कूल पोंची में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर सेवानिवृत्त शिक्षक रामलखन सिंह ने विद्यालय परिवार के कर्मचारियों को सम्मानित किया। वहीं विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रारंभ हुए लगभग 60 दिन हो रहे हैं। शून्य से शुरू होकर आज इस विद्यालय में 150 बच्चों का नामांकन हो चुका है और नामांकन जारी है। इस स्कूल में सुरक्षित वाहन, स्मार्ट क्लास की सुविधा है। होस्टल की सुविधा, वाई–फाई एवं सीसी टीवी खेलकूद की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सतबरवा प्रखंड के लोग हमारी शिक्षा व्यवस्था पर विश्वास जताया है। इस अवसर पर विद्यालय के सदस्य अशोक राम, सतीश सिंह,परिखन सिंह, गणेश्वर सिंह, पन्नालाल, उमेश सिंह, विजय सिंह, प्रहलाद सिंह, देवनाथ मांझी, महेंद्र सिंह, उमेश सिंह, जिज्ञासु,राकेश कुमार, धर्मशीला देवी, सुजाता देवी, अंशु, ममता देवी,प्रियंका देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मदर्स डे पर बच्चों ने किया रंगारंग कार्यक्रम



मेदिनीनगर। विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर माताओं के सम्मान में छोटे बच्चों के द्वारा रंगा-रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे वर्गों के बच्चों की माताओं ने भाग लिया। समारोह में आए सभी माताओं का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी के बच्चों द्वारा मां की महिमा पर आधारित आकर्षक नृत्य एवं संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा, प्राचार्य मनोहर पांडेय, शैक्षिक निदेशक शंकर दयाल और विद्यालय प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर माताओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि मां कि महिमा का वर्णन शब्दों द्वारा नहीं किया जा सकता। उसकी ममता, प्यार एवं स्नेह को केवल महसूस किया जाता है। मां ही बच्चों की पहली शिक्षक होती है। बच्चों को बताया कि मां देवी का रूप होती है।

## पुराने आधार कार्ड 14 जून तक करवा लें अपडेट, नहीं तो होगी परेशानी

**मेदिनीनगर।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (आधार) ने हाल ही में घोषणा कर बताया था कि 14 जून तक आधार कार्ड को फ्री में अपडेट कराया जा सकता है। आमतौर पर इसका शुल्क 50 रुपये लगता है लेकिन अगले एक महीनों तक की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए यह काम फ्री में किया जा सकेगा। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि कई लोगों के आधार काफी पुराने हैं और वो लोग शुल्क के चलते इन्हें अपडेट नहीं करा रहे हैं। बता दें कि यह फ्री प्रोसेस डेमोग्राफिक्स डिटेल्स को अपडेट करने के लिए ही उपलब्ध है। अगर आप फोन नंबर या भी बायोमेट्रिक डिटेल्स को अपडेट करना है तो आपको आधार एनरोलमेंट सेंटर ही जाना होगा और फीस देकर ही इन्हें अपडेट कराना होगा। आप अपने आधार कार्ड पर नाम, एड्रेस, डेट ऑफ बर्थ आदि जैसी जानकारी अपडेट कर सकते हैं।

## कर्नाटक में जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

नफरत विचारों को जनता ने नकार दिया : धनजंय तिवारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत पर उत्साहित हुसैनाबाद में कांग्रेसियों ने अनुमंडल मुख्यालय स्थित जयप्रकाश चौक पर जमकर आतिशबाजी किया एवं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा जमकर मिठाईयां बांटी। इस जुलूस का नेतृत्व कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने किया । मौके उन्होंने कहा कि कर्नाटक विधानसभा कांग्रेस का एक झलक है। शेष अन्य राज्यों में कांग्रेस पार्टी अब प्रचंड जीत के लिए अग्रसर है। देश की जनता नफरत की विचारों को अब नकार दिया हैं और प्यार मोहब्बत भाई चारे को गले लगाया हैं।

उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा के प्रत्येक गांवों में बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं को जोड़ेगी। मौके पर कांग्रेस के हुसैनाबाद प्रखण्ड अध्यक्ष लल्लू सिंह, वरिष्ठ नेता मसरूल अहमद, अवध बिहारी सिंह, नवल किशोर पाठक, शंभु सिंह, शैलेश सिंह, रंजीत कुमार, रामसुंदर राम, यासीर अराफात, रघुराई यादव, अम्बिका सिंह, नूर जमा खां, प्रवीण तिवारी, गुप्तेश्वर तिवारी, संतोष तिवारी, उमेश तिवारी, सुरेश सिंह सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित होकर जीत का जश्न मनाया।

## रात में बालू चोरी से बढ़ रही हैं दुर्घटना: राजू मेहता

### जिप सदस्य ने एसडीएम को बालू समस्या पर ज्ञापन सौंपा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड के उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने अपने क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों से अवैध ढंग से रात्रि में बालू चोरी से हो रही लगातार दुर्घटनाओं एवं आम जनता के हित में बालू सरकारी नियामक द्वारा उपलब्ध करवाने समेत पांच सूत्रीय ज्ञापन हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा है। सोमवार को एसडीएम के प्रभार में पदस्थापित हुसैनाबाद बीडीओ रतन कुमार सिंह ने ज्ञापन स्वीकार किया। मेहता ने पत्र की प्रतिलिपि डीसी पलामू, पंचायती राज पदाधिकारी पलामू एवं अंचलाधिकारी हुसैनाबाद को भी प्रेषित किया हैं। ज्ञापन में कहा हैं कि विभिन्न बालू घाटों से रात्रि में अवैध रूप से सैकड़ो ट्रैक्टरों के द्वारा रोज बालू की निकासी की जा रही हैं, वही ट्रैक्टर चालक रात्री में लापरवाही व स्पीड में चलाते है जिसके कारण लागतार दुर्घटना घटी हैं। वहीं ट्रैक्टर्स मालिकों प्रशासन मिली भगत होने की पुष्टि साफ प्रतीत होती हैं। जिसके कारण बालू की कीमत 2500 से 3000हजार प्रति ट्रैक्टर्स जनता लेने के लिए विवश है जिसके कारण लोगों का आर्थिक शोषण हो रहा हैं। 25 अप्रैल को उपायुक्त की बैठक में यह निर्देश किया गया था कि पीएम आवास योजना के लिए बालू उठाने वाले ट्रैक्टर्स को पुलिस नही पकड़ेगी। वहीं सरकार के द्वारा लंबित आवास योजनाओं को पूर्ण करने के लिए आम जनता पर सरकारी दबाव हैं । उपायुक्त ने आवास से सम्बंधित पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर लाभुकों को बालू उपलब्ध कराने एवं अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। परन्तु वर्तमान में हुसैनाबाद में सारे नियम को ताक पर रखकर रात्रि में अबैध ढंग से बालू उठाव किया जा रहा हैं। ज्ञापन में प्रधानमंत्री आवास के लिए बालू उठाव सरल बनाने, बालू उठाव में बिचौलियों के द्वरा ट्रैक्टर्स मालिकों से कमीशन खोरी बन्द कराया जाए एवं एक रेट फिक्स हो, देवरी खुर्द पंचायत में बनकट से पंचायत सचिवालय मोड़ तक सड़क को ग्रेड वन बनाने की मांग की गई। रात्रि में बालू धुलाई बंद करवाया जाए एवं चालक पर स्पीड नियंत्रण किया जाए। बालू उठाव के लिए वन कैटेगरी वन घाट एवं पंचायत के प्रतिनिधियों के अधीनस्थ सुनिश्चित किया जाए ताकि जनता का आर्थिक दोहन ना हो। उन्होंने कहा कि उक्त मांगो पर विचार नही किया गया तो जनहित में जल्द ही चरणबद्व आंदोलन करूंगा जिसका जबाबदेही संबंधित पदाधिकारियों की होगी।

## वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने की चांसलर पोर्टल पुन: खोलने की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला सचिव मोहित साहू की अध्यक्षता में स्नातकोत्तर में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल पुनः खोलने के लिए डीएसडब्ल्यू के नाम से उनकी अनुपस्थिति में उनके कार्यालय के कर्मी मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपा। मौके पर जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि कुछ विद्यार्थियों ने जानकारी के अभाव में नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराया, जिससे वे नामांकन लेने से वंचित रह जायेंगे। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि तिथि के बढ़ जाने से कई विद्यार्थी नामांकन ले सकेंगे। जीएलए कॉलेज अध्यक्ष प्रियरंजन ने कहा कि विद्यार्थियों का 1 वर्ष व्यर्थ न जाए इसलिए फेडरेशन ने यह मांग की है। वेदप्रकाश ने कहा कि अगर तिथि बढ़ती है तो यह बहुत से विद्यार्थियों के हित में होगा। फेडरेशन के सदस्यों ने इसके बाद डीएसडब्ल्यू कार्यालय के कर्मचारी विजय ठाकुर से भी बात की। जिस पर फेडरेशन को यह सांत्वना दिया गया कि इस संबंध में डीएसडब्ल्यू से बात की जायेगी और कोशिश की जायेगी की तिथि बढ़ जाए।

स्पीड न्यूज

## सिंदरी में आंधी-बारिश में गिरे पेड़, और पोल विद्युत व्यवस्था ठप

**सिंदरी।** सोमवार की दोपहर तेज आँधी व बारिश से सिंदरी में कहीं पेड़ गिरे तो कहीं बिजली के पोल ने गिरकर विद्युत बाधित कर दिया है। हर्ल खाद कारखाना के सी एंड एम दीपक कुमार की चलती कार पर तेज हवा के साथ पेड़ गिर जाने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है, हालांकि इसमें किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। वह अपने आवास एफडी 54 से कारखाना जा रहे थे। तभी लायंस पब्लिक स्कूल सिंदरी के पास मुख्य सड़क पर तेज आँधी के चपेट में आ गए थे। हर्ल खाद कारखाना के एच आर हेड विक्रांत कुमार के आवास डी 21 सहित चर्च के समीप व सेवा सिंह के आवास एफ 107 के समीप मुख्य सड़क पर पेड़ गिर गए हैं। इसके साथ ही रॉंगामाटी व रोहड़ाबाँध के क्षेत्रों में कई जगह पेड़ व बिजली के तार गिर गए हैं। सिंदरी में बाधित विधुत सेवा को बहाल करने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारी लगे हुए हैं और आशा है कि कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सिंदरी में जल्द ही बिजली बहाल हो जाएगी।

## आजसू धनबाद जिला कमेटी की बैठक

**धनबाद।** आजसू पार्टी धनबाद जिला कमिटी की बैठक बैंक मोड़ स्थित जेड स्क्वायर काम्प्लेक्स भवन में जिला अध्यक्ष श्री मंटू महतो के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसका संचालन जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी ने किया। बैठक में आगामी दिनांक 17/06/2023 को बैंक मोड़ परिक्षेत्र में आजसू पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पुर्व उप मुख्यमंत्री सह पार्टी सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिला के विभिन्न प्रखंडों से आये पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ गहन रूप से विचार-विमर्श की गई। इस मौके पर केन्द्रीय समिति सदस्य रतिलाल महतो, कुल्लू चौधरी, गुलाम हुसैन पप्पू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष हलधर महतो, रमेश मुनी, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गीता देवी, सुभाष रवानी, महबूब आलम, नरेश महतो, संजय महतो, गिरधारी महतो इत्यादी शामील थे।

## हिंदी परिषद द्वारा रामायण मानस पाठ का आयोजन

**धनबाद।** सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में धारकिरो ग्राम निवासी अवनी कुमार तिवारी के आवास में एक रामायण मानस पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें झारखण्ड राज्य के नेता प्रतिपक्ष बाबुलालजी मरांडी को एक स्मार पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया।ज्ञात हो कि इस स्मार पत्र में राज्य में हिंदी ग्रंथ एकादमी की स्थापना विषयक मांग पत्र सौंपा गया है।यह मांग अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक हृदय नारायण मिश्र के आदेशानुसार पुरे देश के हर एक राज्य में स्थापना हेतु दिया जायगा। इस आयोजन में नीलम पाठक, मिनाक्षी तिवारी, टिंकू तिवारी,विश्वनाथ दूबे,सत्यदेव पाठक,प्रवीण कुमार तिवारी,विनय कुमार तिवारी,अनुप कुमार तिवारी बलराम उपाध्याय आदि रामायण पाठ तथा स्मार पत्र देते शामिल थे।

## गृह रक्षक नियुक्ति प्रक्रिया 29 मई से 15 जुलाई तक होगी

**बोकारो।** बोकारो जिला के गृह रक्षक के रूप में नव .नामांकन हेतु सुयोग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन 29 मई से 12 जून तक ग्रामीण गृह रक्षक एवं शहरी गृह रक्षक के लिए विहित प्रपत्र में अलग .अलग जमा होगा। गृह रक्षकों की शारीरिक जांच परीक्षा एवं लिखित परीक्षा मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम सेक्टर 4 में 30 जून से 10 जुलाई तक संपन्न होगी एवं तकनीकी जांच परीक्षा दिनांक 13 जुलाई से 15 जुलाई 2023 तक आयोजित की जाएगी। शारीरिक मापदंड हेतु पुरुषों की लंबाई 162 सेंटीमीटर ;सामान्यध ओबीसीध बीसी 157 सेंटीमीटर महिलाओं की लंबाई 148 सेंटीमीटर रखी गई है।

# झरिया: सिंह नगर में घर का ताला तोड़ दो लाख की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** इन दिनों चोर की सक्रियता बड़ी है. तनिक भी चोरों को पुलिस का भय है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। झरिया थाना क्षेत्र के सिंह नगर भुली क्वार्टर स्थित एक आवास को चोरों ने रविवार की रात्रि निशाना बनाया। चोरों ने घर की चारदीवारी फन कर लाखों की संपत्ति लेकर चंपत हो गए।

सोमवार की सुबह पीड़ित रमेश चंद्रा ने चोरी की सूचना झरिया पुलिस को दीया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची. और जांच में जुट गई है।

पीड़ित चंद्र ने बताया कि करीब शाम 6:00 बजे अपने पत्नी व बच्चे को लाने के लिए चंदनक्यारी अपने गांव गए थे. देर हो जाने के कारण रात्रि में लौट नहीं पाए। उसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर का चारदीवारी फान कर घर में प्रवेश कर रूम का दरवाजा मे लगे ताले को तोड़कर घर से लगभग 30 हजार नगदी सात चांदी के सिक्के दो जोड़ी पायल चांदी के चैन बाला सोने के मंगलसूत्र एक जोड़ी कान का झुमका 32 इंच एल इडी टीवी को अज्ञात चोरों ने चुरा कर चलते बने। चोरी हुए सामानों की कीमत लगभग दो लाख बताई जाती है।सोमवार की सुबह जब वह अपने घर पहुंचे तो देखा सभी समान बिखरा पड़ा था। इसके बाद उन्होंने झरिया थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई ।आस-पड़ोस के लोगों का कहना था कि आए दिन इधर चोरी की घटनाएं बढी है. चोरी की घटनाओं से लोगों में चोरों के खौफ व्याप्त है. प्रशासन से मांग करते हैं की चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाएं।

## बड़े भाई के शादी के दिन छोटे भाई ने की खुदकुशी

**धनबाद।** घर में जश्न का माहौल था, लेकिन देखते ही देखते वहां मातम छा गया। यह घटना है सरायढेला थाना क्षेत्र के कार्मिक नगर के समीप बापू नगर का। जहां बड़े भाई के शादी की रस्म-रिवाज में शुभ तिलक था। वही छोटे भाई की मौत से परिवार में मातम छा गया। शहर के सरायढेला थाना अंतर्गत बापू नगर निवासी सिकंदर ने बताया कि देर रात उसके भाई का शव बरवाअड्डा थाना के भेलाटांड़ में एक सुनसान स्थान पर देर रात पेड़ से झूलता पाया गया। संभवत उसने किसी कारणवश आत्महत्या कर लिया हो। रविवार की शाम घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। वही किसी बात से परेशान छोटा भाई देर रात घर से निकला, तो फिर लौट कर नहीं आया। पुलिस ने सूचित किया कि उसके भाई का शव भेलाटांड़ में सुनसान स्थान पर एक पेड़ से झूला हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने देर रात को ही शव को पेड़ से उतारकर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दहेज हत्या के चार आरोपी को आजीवन कारावास

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या एवं हत्या के मामले में बेरमो थाना अंतर्गत घुटियाटांड करगली कॉलोनी निवासी रितेश कुमार ठाकुरए पारस ठाकुरए इंदु देवी एवं राहुल ठाकुर को सिद्ध दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई । मालूम हो कि बिहार के औरंगाबाद जिला के रिसियप थाना अंतर्गत सनथुआ निवासी अनिल कुमार प्रभाकर ने 25 जनवरी 2019 को बेरमो थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया कि उसकी बेटी अर्चना कुमारी उर्फ माला की शादी 19 अप्रैल 2016 को रितेश कुमार ठाकुर के साथ हुई थी । शादी के कुछ दिनों के बाद से ही सूचक अनिल कुमार प्रभाकर की बेटी अर्चना कुमारी के साथ उसके पति रितेश कुमार ठाकुरए ससुर पारस ठाकुरए सास इंदु देवी और देवर राहुल ठाकुर सहित ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे । उनको कहते थे की शादी में दहेज बहुत कम मिला है। एक स्विफ्ट कार मांग कर लाओ वरना तुम्हें नहीं रहने देंगे।

## सोनपुरा में ग्रामसभा आयोजित

### मनरेगा योजनाओं को लेकर हुई चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के सोनपुरा पंचायत अंतर्गत सिल्लीसाडम में आजीविका महिला ग्राम संगठन भवन में स्थानीय मुखिया चंद्रशेखर हेंब्रम की अध्यक्षता में ग्राम सभा की गयी। बैठक में जन जागरण केन्द्र संस्था प्रतिनिधि सीएफपी टीम द्वारा मनरेगा योजना को लेकर और डीपीआर बनाने हेतु सीएफपी परियोजना के बारे में विस्तृत चर्चा तथा ग्रामीण सशक्तिकरण और परिसंपत्ति के निर्माण में ग्रामीणों से सहायता प्रदान करने की अपील की गयी । जॉब कार्डए 100 दिन का रोजगारए मजदूरी भुगतानए मास्टर रोलए मेट का चयनए बागवानी सखी आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। वहीं गांव में आजीविका का अवसर और पलायन रोकने परए मिट्टी कटाव रोकने और वर्षा जल संचयन के बारे चर्चा किया गया। बैठक में जलसहियाए वार्ड सदस्यए एस एच जी महिला समूह प्रखंड विषयगत विशेषज्ञ समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीपीएस बोकारो के मयंक ने निफ्ट में पाई कामयाबी



**बोकारो।** छरहरी दुबली.पतली काया वाले मयंक ने संगीत की अपनी विधा को स्वावलंबन का आधार बनाकर उसी से पढाई का खर्च जुटाया। अब उसके सपनों और करियर को नई उड़ान मिलने को है। डीपीएस बोकारो के छात्र मयंक परमार ने नेशनल इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन ;एनआईडीद्ध की प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 9ए एनआईएफटी में 18 और आईआईटी के तहत संचालित अंडर ग्रेजुएट कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन इन डिजाइन में 19 वां रैंक हासिल किया है। विभिन्न अभियानोंए विज्ञापनोंए कारपोरेट कंपनियों और कलाकारों के लिए वह संगीत दे चुका है। वह खुद भी गाता रहा है। मयंक ने बताया कि उसके सपनों को नया आयाम देने में डीपीएस बोकारो की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्राचार्य ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जारंगडीह रेलवे साइडिंग में धू-धू कर जला ट्रांसफारमर

**बेरमो।** मोचा जो पिछले लगभग 15 दिनों से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ था। आज दोपहर उसके हल्के झोके ने बेरमो कोयलांचल के विभिन्न हिस्सों में कमो बेस उत्पात मचाता हुआ निकल गया। सोमवार को सुबह से खिली खिली और आग बरसाती धुप थी मगर दोपहर होते होते एकाएक पुरे बेरमो कोयलांचल पर मोचा तुफान ने अपने काले चादर डाल दिए और देखते ही देखते तेज हवाओ के झोको के साथ धुल उड़ने लगे। जो वाहन जहां था वही खड़ी हो गई। तूफान कमजोर पेड़ों को जद में ले लिया और बिजली के पोलो और ट्रांसफार्मर को भी प्रभावित किया।

# भाजपा नेत्री ने छात्राओं संग देखी द केरल स्टोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सोमवार को धनबाद बिग बाजार स्थित आईनॉक्स सिनेमा हॉल में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह के सौजन्य से झरिया विधानसभा क्षेत्र की सैकड़ो छात्राओं ने चर्चित फिल्म द केरला स्टोरीज देखी। जहा इस दौरान श्रीमती सिंह के साथ सैकड़ों की संख्या में बच्चियों समेत उनके अभिभावक उपस्थित थे।फिल्म देखने पहुंची छात्राएं फिल्म को लेकर काफी उत्साहित दिखीं जहा सिनेमा समाप्त होने के बाद छात्राओं ने जय श्री राम के नारे लगाए। वही मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि



द केरला स्टोरीज सिनेमा बहुत अच्छी है और आज के परिवेश में हो रही सत्य घटनाओं पर आधारित और लोगो को अपने धर्म के प्रति जागरूक करने वाली फिल्म है। फिल्म में इस बात को पूर्ण रूप से चरितार्थ करती हैं कि कैसे कम उम्र की पढ़ने वाली बच्चियों को बहला-फुसलाकर गलत रास्ते पर ले जाने एवं लव जिहाद के नाम पर कैसे धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। साथ ही उन्हे कैसे आतंक के रास्ते पर चलने को मजबूर किया जाता रहा है इस फिल्म के माध्यम से बच्चियों के साथ साथ उनके माता पिता को भी ये समझने की आवश्यकता है कि आज के परिवेश में उन्हे अपने बच्चो पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है ,ताकि हम अपने बच्चो को गलत रास्ते पर जाने से रोक पाए। वही श्रीमती सिंह ने छात्राओं को अपने धर्म के प्रति जागरूक किया।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव किसान मोर्चा उपाध्यक्ष दिलीप भारती बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव जोरापोखर मंडल महामंत्री विशाल श्रीवास्तव जिला मंत्री पूनम देवी सुषमा देवी शुभम गुप्ता सौरव शर्मा कुणाल सिंह चांद भारती समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मिथिला अकादमी में मां के सम्मान में कार्यक्रम

**बोकारो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में आयोजित मदर्स डे पर बच्चों ने अपनी मां के सम्मान में कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। किसी ने मदर्स कार्ड बनाया तो किसी ने मां की ममता को शब्दों में पिरोया। कोई मां की दी सीख को साझा करता दिखा तो किसी ने मम्मी को भगवान की बनाई सबसे सुंदर चीज बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने.अपने तरीकों से मां के प्रति प्यार जताया। प्राचार्य अशोक कुमार पाठक ने मम्मियों का सम्मान कर इस मौके को और खास बना दिया। शिक्षक कुमारी नीतूए सुमनए मीनू चौबेए तारिणी ठाकुरए सीमा कुमारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## बोकारो जिला योगासन स्पोर्ट्स एसो. का गठन

### लोगों को योग आधारित खेल-गतिविधियों से जोड़ने का उद्देश्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** विद्यार्थियों के साथ.साथ जिलेवासियों को भी योग आधारित खेल-गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से बोकारो जिला योगासन क्रीड़ा संघ का गठन किया गया। स्थानीय सेक्टर. 4 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में आयोजित एक बैठक के दौरान एसोसिएशन के प्रदेश सचिव विपिन कुमार पांडेय ने संघ की बोकारो जिला समिति के गठन की औपचारिक घोषणा की। समिति में सर्वसम्मति से डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार अध्यक्षए उपप्राचार्य अंजनी भूषण उपाध्यक्षए



डीपीएस के क्रीड़ा शिक्षक ब्रजेश कुमार सिंह व चिन्मय विद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष हरिहर पांडेय सचिव तथा डीपीएस बोकारो के प्रशासक राजन कुमार सिंह कोषाध्यक्ष बनाए गए। इनके अलावा निभा कुमारीए अनिल कुमार व राजा कुमार को संयुक्त सचिव बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में मीनाक्षीए राजीवए देवदीपए अनु नेहा व नितिशा मुखर्जी रखी गई हैं। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश सचिव विपिन कुमार पांडेय ने जिला सचिव ब्रजेश कुमार सिंह को एक सप्ताह के भीतर बोकारो जिला समिति का विस्तार कर इससे राज्य इकाई को अवगत कराने का निर्देश दिया।

## सीसीएल सुरक्षा कर्मियों ने चोरी गये लोहा को किया बरामद

**बेरमो।** बीते रात्री को अज्ञात चोरो द्वारा स्वांग वाशरी से लोहा का प्लेट चोरी कर लिया गया था। मगर सीसीएल के स्वांग वाशरी के सुरक्षा प्रभारी एवं सुरक्षा प्रहरी के सतर्कता के कारण चोरी किए गए लोहे के प्लेट को बरामद कर लिया गया है। इस छापेमारी में सुरक्षा प्रभारी भीम रामए प्रधान सुरक्षा प्रहरी कामेश्वर कमारए सुरक्षा प्रहरी फिरू सांवराए रमेश कुमार उरांव एवं अन्य गृह रक्षक शामिल थे।बताता चलू कि इन दिनों लोहा चोरो का भारी आतंक देखने को मिल रहा है। स्वांग वाशरी ही नही कथारा वाशरी, बंद केपटी पावर प्लांट इन दिनों लोहा चोरो के निशाने पर माना जाता है।

## विद्यालय प्रबंधन एवं डॉ मधुमाला ने आदित्य राज को किया सम्मानित

**कतरास।** वर्ड चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखण्ड में पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले कतरास के आदित्य राज सिन्हा को विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रधानाध्यापक युधिष्ठिर रजक, शिक्षक दिलीप दास एवं स्कूल के अध्यक्ष संतोष ठाकुर के द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित वार्ड एक के डॉ मधुमाला ने भी आदित्य सिन्हा को पुरस्कृत करते हुए उसका हौसला बढ़ाया। डॉ मधुमाला एवं डॉ स्वतंत्र ने अन्य सभी बच्चों को भी कलम एवं चॉकलेट देकर उनका उत्साह बढ़ाया। शिक्षक दिलीप कुमार दास ने कहा कि एक गुरु के लिए वह पल गौरव का होता हैं जब उसका शिष्य किसी प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहराता है। आदित्य के पिता प्रवीण सिन्हा ने दिलीप सर को कलम भेंट करते हुए कहा कि एक छात्र के सफलता के पीछे उसके शिक्षक का कड़ा मेहनत छिपा होता है। डॉ मधुमाला ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आदित्य ने यह मुकाम हासिल सभी बच्चों को प्रेरणा देने का काम किया है। एसएमसी के अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने कहा कि पिछले 30-40 वर्षों में यह पहला और एकमात्र अवसर है जब इस स्कूल का कोई बच्चा जिले से बाहर जाकर इस प्रकार के चैंपियनशिप में शामिल हुआ है और स्कूल सहित पूरे कोयलांचल का नाम रौशन किया है।

## महाप्रबंधक की धर्मपत्नी ने पनशाला का किया उद्घाटन




**कतरास।** सोमवार को ब्लॉक फोर कोलियरी के हाजिरी घर के निकट व आकाश किनारी कोलियरी कांटा घर के सामने फीता काटकर पनशाला का उद्घाटन किया। श्रीमती साहा ने कहा कि पनशाला से आम राहगीरों के साथ-साथ बीसीसीएल कर्मियों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने गरीब व असहाय महिलाओं के बीच छाता, चना,गुड़, सत्तू,गमछा, लड्डू, फल, लस्सी का वितरण किया गया। मौके पर समिति के सदस्य , अर्पणा शरण, वंदना केसरी, पुष्पा कुमार, ब्लॉक फोर के परियोजना पदाधिकारी सुमन कुमार शरण, मैनेजर बी डी राय, आकाशकिनारी के परियोजना पदाधिकारी पंकज कुमार,मैनेजर अमित कुमार, अभियंता तृप्ति मौर्या उपस्थित थे।

## धनबाद: पवित्रम संस्कार वाटिका में समर कैंप में बच्चों ने की मस्ती

**धनबाद।** मदर डे के मौके पर पवित्रम मातृशक्ति द्वारा संकल्प लिया गया कि धनबाद के भविष्य यानि आने वाले बच्चो को पवित्रम संस्कार वाटिका के माध्यम से जोड़ा जाएगा,अपने संस्कारो से , अपने देश से , अपनी संस्कृति से , अपनी मिट्टी से । पिछले वर्षो की तरह इस वर्ष भी पवित्रम मातृशक्ति के तत्वधान में 5 वर्ष से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए दो दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। पवित्रम मातृशक्ति की संरक्षिका रीता सिह ने बताया कि पवित्रम संस्कार वाटिका समर केम्प के अंतर्गत 5 साल से 15 तक के बच्चों को योगा, क्रिएटिविटी, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, वैदिक शिक्षा, सेवा कार्य, पर्यावरण, अग्निहोत्र, गो महत्ता, देश भक्ति, दैनिक जीवन के श्लोक सहित अनेक विषयों की शिक्षा दी जाएगी तथा इन विषयों से जुड़ने के लिए संस्कार सिखाए जाएंगे। यह सर्वश्रेष्ठ समय है उनके निर्माण का बच्चों को जिस दिशा में मोड़ा जाएगा उसी दिशा में वह भविष्य में आगे बढ़ेंगे उनमें सकारात्मकता का निर्माण होने से वो देश समाज और परिवार के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पवित्रम संस्कार वाटिका दो दिवसीय केम्प का आयोजन सर्वप्रथम 20 मई एवम 21 मई को धनबाद में राजकमल शिशु विधा मंदिर में किया गया है।

# आईटीआई अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं का आंदोलन स्थगित

### रोजगार की मांग पर 174 दिन से चल रहा था आंदोलन

खब मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सोमवार को 174 दिनों से रोजगार की मांगों को लेकर आंदोलनरत आईटीआई अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कोयला भवन में जोरदार प्रदर्शन किया। अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के उग्र आंदोलन को देखते हुए प्रबंधन ने भारी मात्रा में सीआईएसएफ जवानों को तैनात किया था जिला अध्यक्ष संतोष



कुमार सिंह का सीआईएसएफ के जवानों के बीच काफी तीखी नोकझोंक हुई । मामला बिगड़ते देखते ही कोयला भवन में डीपी ने वार्ता करने के लिए आमंत्रित किया। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह का आंदोलनरत आईटीआई अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं के पक्ष में उग्र आन्दोलन को देखते हुए कोयला भवन के पदाधिकारियों ने एक आपातकालीन बैठक बुलाई। उक्त वार्ता में उपस्थित बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया,महाप्रबंधक कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध विद्युत साहा जी, महाप्रबंधक सुरक्षा एमएस पांडे जी, वरीय प्रबंधक सुबोध कुमार सिंह, प्रबंधक माधुरी सिंह जी, डी.पी.टी.एस पाण्डेय साहब इत्यादि पदाधिकारी मौजूद थे।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज,जिला उपाध्यक्ष नवनीत नीरज, संतोष कुमार, गोपाल कृष्ण चौधरी, सूरज कुमार झा याजुद्दीन अंसारी,सुनील गुप्ता,मकसूद अंसारी, अरविंद सैनी, सूरज कुमार वर्मा, पप्पू सिंह, मनोज कुमार हाड़ी, अनूप सिंह उर्फ डेविड,गौतम पासवान,शाहरुख साहब जितेंद्र, अनुपम, अखिलेश, औरंगजेब, संजय, रोशन, शिवा सहित सैकड़ों प्रशिक्षु अप्रेंटिस नौजवान मौजूद थे।

**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा सूचना सं0- J.M.C/ 03/2023-24 Date - 15.05.2023

कार्य का विवरण-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (INR) | अग्रधन की राशि (INR) | निविदा शुल्क (INR) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DEVELOPMENT OF BOULDER PITCHING ALONG THE PERIMETER OF TRAPEZOIDAL SHAPED CUTTING (CANAL) AND DEEPENING OF POND AT JHARNAKUND DHAM UNDER JHUMRITELAIYA NAGAR PARISHAD. | 2421000.00 | 48500.00 | 5000.00 | 120 दिन |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 23.05.2023 (पूर्वाह्न 10.00 बजे से)।
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 31.05.2023 अपराह्न 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 01.06.2023 अपराह्न 4.00 बजे स्थान- कार्यालय नगर परिषद झुमरी तिलैया
5. निविदा खोलने की तिथि : 01.06.2023 अपराह्न 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7004716767, 9798062980
7. नगर विकास एवं आवास विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
8. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमान्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।

नोट :- केवल ई-निविदा ही मान्य होगा।

विशेष जानकारी वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

उक्त योजना का प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत ही योजना का क्रियान्वयन कराया जायेगा।

ह0/-
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 297439 Urban Development(23-24)#D

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail — eercdupfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement Very Short Notice (3rd Call)**

e-Tender Reference No. -RCD/FSD/AP/RAN/28/23-24 Dated 13.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road on existing/ Green Field alignment of 2 Lane/2 Lane with Paved Shoulder/4-Lane configuration from (1) DAV Pundag to DAV Hehal, (2) Ashirvad Banquet to Firing Range (Bariatu) (3) Jhinga Toli to Chiroundi (Near Ashirvad Banquet) including replacement of culverts and bridges, construction of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, at Ranchi in the state of Jharkhand from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.I. dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2-3 | Tentative Length of Work / Work completion time | 3.65 Km, 2.52 Km, 2.86Km / 30 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 16.05.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 25.05.2023, 12.30 PM |
| 6 | Date and Timing of Bid opening | 26.05.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhawan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431594022 |
| 8 | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 9-10 | Mode of Bid Submission / PR No | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) / 296310 (Road) 23-24 |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 297401 Road (23-24)_D

खबर मन्त्र

रांची.मंगलवार . 16 मई 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# भाजपा की चिंता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक प्रदेश इकाई ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों का पता लगाने के लिए समग्र चुनाव परिणामों और निर्वाचन क्षेत्रवार परिणामों का विस्तृत विश्लेषण करने का फैसला किया है। भाजपा ने कांग्रेस के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया है कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हार है। पार्टी के प्रदर्शन के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं और उन सभी का विश्लेषण किया जाएगा। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि भाजपा का वोट प्रतिशत उतना ही रहने के बावजूद सीट कम हुई हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रवार वोट प्रतिशत का विश्लेषण इसका कारण बता सकता है। भाजपा केवल चुनावों के लिए काम नहीं करती, पार्टी को संगठित करना एक निरंतर जारी रहने वाली प्रक्रिया है। राज्य में 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ 40 सीट मिली थीं। उन्होंने कहा, हालांकि, 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को 19 सीट मिली थीं। आज हम और भी बेहतर स्थिति में हैं और 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सभी तैयारियां करेंगे। हार को पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार करते हुए हम इसके कारणों की पहचान करेंगे, सुधार करेंगे और आगे बढ़ेंगे।

लिंगायत क्षेत्र में कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन पर भी भाजपा मंथन करेगी। सिर्फ एक समुदाय नहीं है जो आपको जीता देगा या हरा देगा यह उम्मीदवार के चयन और उसकी स्वीकार्यता पर निर्भर करता है, इसलिए भाजपा विस्तृत विश्लेषण करेगी। कर्नाटक की हार भाजपा के एक भ्रष्टाचारी, निक्कमी, गुटबाजी से भरी सरकार की हार है और जिन राज्यों में यह हावी रहेगा उन राज्यों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। दुर्भाग्यवश भाजपा के पास भी राज्यस्तरीय बेहतर नेताओं की कमी है।

# गतिमान उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश में अब उद्योग लगाने के लिए जमीन खरीदने वाले निवेशकों को स्टांप शुल्क की शत प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी। प्रदेश सरकार ने औद्योगिक विकास और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 में संशोधन का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। अयोध्या में रामायण विश्वविद्यालय सहित 5 विश्वविद्यालयों की स्थापना को भी हरी झंडी मिल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में औद्योगिक नीति के तहत स्थापित होने वाली मेगा परियोजनाओं के लिए दी जाने वाली विशेष सुविधाओं एवं रियायतों से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मंत्रिपरिषद ने अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय, बिल्हौर, कानपुर में अंतरराष्ट्रीय कृषि विश्वविद्यालय, आगरा में शारदा विश्वविद्यालय, हापुड़ में जीएस विश्वविद्यालय व बरेली में फ्यूचर विश्वविद्यालय खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कर्नाटक में करारी हार के साथ ही उत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव में सभी मेयर की सीट जीतने का कीर्तिमान स्थापित कर भाजपा की योगी सरकार आज पूरे देश में चर्चा का विषय है। देश की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस राज्य में सीएम योगी का योग्य नेतृत्व एक नजीर बन रहा है। उद्योग के लिए रियायत और आधारभूत संरचना के विकास के साथ विधि व्यवस्था पर विशेष ध्यान से उत्तर प्रदेश लगातार उत्तम प्रदेश बन रहा है। आम लोगों को सरकार से जो उम्मीद है उस पर काम करने का परिणाम चुनाव में साफ दिखाई पड़ता है। यूपी के गतिमान होने से देश की विकास गति तेज होती है। उद्योग बिना सरकारी संरक्षण के नहीं फल-फूल सकते इस कारण यूपी सरकार इस दिशा में ठोस योजना पर काम कर रही है जो अन्य राज्यों के लिए नजीर है।

# सुरक्षित भारत, शक्तिशाली भारत





- प्रो. संजय द्विवेदी

महान कूटनीतिज्ञ चाणक्य ने एक राष्ट्र की सम्प्रभुता के लिए खतरा साबित होने वाली इन चुनौतियों की चार श्रेणियां निर्धारित की थीं। भीतरी खतरे, बाहरी खतरे, बाहरी सहायता से पनपने वाले भीतरी खतरे और भीतर से सहायता पाकर मजबूत होने वाले बाहरी खतरे। आज भी नक्सलवाद, अलगाववाद, सीमा पर चलने वाली चीन-पाकिस्तान की गतिविधियों, आतंकवाद, स्लीपर सेल आदि सिर उठाते रहते हैं।

**हमारी** सुरक्षा चिंताओं से संबंधित कानूनों की भी एक दशक पहले तक यही स्थिति रही है। वर्ष 1947 में तैयार राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति को अभी तक ठीक से परिभाषित नहीं किया जा सका है, वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 सुरक्षा से ज्यादा राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ इस्तेमाल के लिए ज्यादा जाना जाता रहा है।

एक दशक पहले, जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार सत्ता में आई, तो कुछ ही समय बाद उसने दिखा दिया कि वह देश की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई देने के मूड में नहीं है। इस क्रम में वर्ष 2018 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की अध्यक्षता में शीर्ष स्तरीय रक्षा योजना समिति (डीपीसी) का गठन एक अच्छी शुरूआत रही है। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति बनाने के लिए गठित किया गया था। भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के अलावा डीपीसी के प्रमुख उद्देश्यों में क्षमता संवर्द्धन योजना का विकास, रक्षा रणनीति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर काम करना और भारत में रक्षा उत्पादन और ईको सिस्टम को उन्नत बनाना आदि शामिल हैं। महान कूटनीतिज्ञ चाणक्य ने एक राष्ट्र की सम्प्रभुता के लिए खतरा साबित होने वाली इन चुनौतियों की चार श्रेणियां निर्धारित की थीं। भीतरी खतरे, बाहरी खतरे, बाहरी सहायता से पनपने वाले भीतरी खतरे और भीतर से सहायता पाकर मजबूत होने वाले बाहरी खतरे। लगभग यही खतरे आज भी नक्सलवाद, अलगाववाद, सीमा पर चलने वाली चीन-पाकिस्तान की गतिविधियों, आतंकवाद, स्लीपर सेल आदि के रूप में सिर उठाते रहते हैं। नए दौर में इनके अलावा भी और कई सुरक्षा चुनौतियां हैं, जो परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हैं। इनमें आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, साइबर सुरक्षा जैसे और भी कई मुद्दे शामिल हो चुके हैं, जिनके तार भीतर ही भीतर एक-दूसरे से जुड़े हैं।

21वीं सदी के विश्व के सबसे शक्तिशाली नेताओं में से एक नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। अगर हम एक दशक पहले की परिस्थितियों से तुलना करें तो आज भारत की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को चुनौती देने वाले तमाम तत्व निःशक्त और सहमे-सहमे से नजर आते हैं। आतंकवाद और सीमापार से होने वाली राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को मुंहतोड़ जवाब मिला है, तो देश के भीतर चलने वाली नक्सलवादी/ वामसमर्थित अलगाववादी गतिविधियों पर भी लगाम लगी है।

यही नहीं, पूर्ववर्ती सरकारों की गलत नीतियों और उपेक्षापूर्ण रवैये के कारण देश के विभिन्न भागों, खासकर कुछ पूर्वोत्तर राज्यों, के भीतर दशकों से पनप रहे असंतोष के स्वरों को भी शांतिपूर्ण और स्वीकार्य उपायों से समाधान उपलब्ध कराने में हमें उल्लेखनीय सफलता मिली है। चाहे वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के सुरक्षा हितों पर प्रतिकूल असर डालने वाली एकतरफा कार्रवाइयों के विरुद्ध मजबूती से खड़े होने का मामला हो या शक्ति संतुलनों के नए समीकरणों में भारत के प्रति मानसिकता और पुरातन सोच में बदलाव लाने का। भारत की भीतरी मजबूती और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए अपनी सख्ती और जीरो टॉलरेंस अप्रोच के साथ हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की 'सॉफ्ट स्टेट' वाली छवि को तोड़ने में सफल रहे हैं।

रणनीतिक स्पष्टता और त्वरित निर्णय लेने की सामर्थ्य के साथ, भारत ने सिर्फ सैन्य मोर्चे पर ही अपनी मजबूती और बढ़त बनाई है, बल्कि वर्तमान और भावी सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भी भरपूर तैयारियां की हैं। इनमें इन्फ्रॉस्ट्रक्चर का विकास, क्षमता निर्माण आदि शामिल है। राष्ट्रीय हित में राजनीति से ऊपर उठकर हमने निष्पक्ष पेशेवरों और विशेषज्ञों की मदद से योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन किया है। इन्फ्रॉस्ट्रक्चर का इस्तेमाल कर विकास को गति देने के लिए हमने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आरंभ की, जिसके अंतर्गत 2019-20 के दौरान 11,400 किलोमीटर सड़कें बनाई गईं और सीमावर्ती क्षेत्रों में छह पुलों का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा नागरिक-सैन्य सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए दोहरे इस्तेमाल वाला इन्फ्रॉस्ट्रक्चर विकसित किया गया। रक्षा मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के समन्वय से चिह्नित राजमार्गों के 29 हिस्सों को आपात एयर-वे के रूप में इस्तेमाल किए जा सकने योग्य बनाया। 30 सैन्य हवाई क्षेत्रों में सात एडवांस लैंडिंग ग्राउंड तैयार किए गए।

इसी प्रकार स्वतंत्र और समन्वित राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र का विकास और एक इंटेलीजेंस ग्रिड का निर्माण कर हमने अपने इंटेलीजेंस आधारित अभियानों में तेजी लाई है। आज आशंकाओं को वास्तविकता में बदलने से पहले , सूचना मिलते ही तुरंत उन पर कार्रवाई की जाती है। सुरक्षा एजेंसियों में बेहतर तालमेल, सुव्यवस्थित सुधारों और कैपेसिटी बिल्डिंग के माध्यम से आतंकवाद से निपटा गया है। अगर हम मोदी के देश की बागडोर संभालने से पहले के दस साल की बात करें, तो पाएंगे कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच देश में 25 बड़े आतंकवादी हमले हुए, जिनमें एक हजार से अधिक मौतें हुईं और करीब तीन हजार लोग घायल हुए। लेकिन, 2014 के बाद से नागरिक क्षेत्रों में कोई भी बडी आतंकवादी वारदात नहीं हुई है।

देश भर में अभियान चलाकर 100 से अधिक आतंकवादियों को पकड़ा गया। उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने वाले संस्थानों पर रोक लगाई गई और देश में भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे सिमी, जेएमबी, एसएफजे, इस्लामिक फ्रंट और इंडियन मुजाहिदीन जैसे संगठनों के वित्तीय स्त्रोत खत्म कर उनकी रीढ़ तोड़ी गई। इसके अलावा मित्र देशों के समर्थन का विस्तार करते हुए इन संगठनों के नेटवर्क पर प्रहार कर इसे कमजोर किया गया। यह हमारे खुफिया तंत्र की एक बड़ी सफलता थी कि हमने अलकायदा मॉड्यूल को समय रहते पहचान कर, भारत में उसकी जड़ें जमने ही नहीं दीं।

## खास बात

### अब नहीं होगी मोबाइल की चोरी

के खुशी

**गुम** हुए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ढूंढने में मदद करेगी सरकार, 17 मई को लॉन्च होगा नसरकार इस सप्ताह एक निगरानी प्रणाली (ट्रैकिंग सिस्टम) शुरू करने जा रही है। इस प्रणाली के जरिये देशभर में लोग अपने गायब या चोरी हो चुके मोबाइल फोन को ब्लॉक कर सकेंगे या उसका पता लगा सकेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।

प्रौद्योगिकी विकास निकाय सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सीडॉट) दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक और पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित कुछ दूरसंचार सर्किलों में सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) प्रणाली को प्रायोगिक आधार पर चला रहा है। दूरसंचार विभाग के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि अब इस प्रणाली को अखिल भारतीय स्तर पर शुरू किया जा सकता है।

सीईआईआर प्रणाली को 17 मई को अखिल भारतीय स्तर पर पेश किए जाएगा। प्रणाली तैयार है और अब इसे इसी तिमाही में पूरे भारत में तैनात किया जाएगा। इससे लोग अपने खोए हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक और ट्रैक कर सकेंगे।

सीडॉट ने सभी दूरसंचार नेटवर्क पर क्लोन्ड मोबाइल फोन के इस्तेमाल का पता लगाने के लिए इसमें नई खूबियां जोड़ी हैं। सरकार ने भारत में मोबाइल उपकरणों की बिक्री से पहले इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी (आईएमईआई-15 अंक की संख्या) का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया है। मोबाइल नेटवर्क के पास मंजूर आईएमईआई नंबरों की सूची होगी, जिससे उनके नेटवर्क में अनधिकृत मोबाइल फोन के प्रवेश का पता लग सकेगा।

दूरसंचार परिचालकों और सीईआईआर प्रणाली के पास उपकरण के आईएमईआई नंबर और उससे जुड़े मोबाइल नंबर की जानकारी होगी। कुछ राज्यों में इस सूचना का उपयोग सीईआईआर के जरिये गुम या चोरी गए मोबाइल फोन का पता लगाने के लिए किया जाएगा।

# जीवन की समझ

## विचार-प्रवाह

**जग्गी वासुदेव**

, तो फिर उसके बाद आप क्या करेंगे?

जब आप ब्रह्मांडीय जीवन जीने लगते हैं, तो जीवन अलग हो जाता है। क्या ये सुन्दर होता है ? नहीं ! क्या ये गन्दा होता है ? नहीं ! तो फिर ये कैसा है ? जीवन की तरह, जैसे इसे होना चाहिये, इस तरह या उस तरह नहीं। हर चीज वैसी ही है, जैसी उसे होना चाहिये। यह बस आप का मन है, जो हर चीज को तोड़-मरोड़ कर दिखाता है। जब आप तोड़ना-मरोड़ना बंद कर देते हैं, और हर चीज को वैसी ही देखते हैं जैसी वह है, तो आप जीवन का विस्फोट देखेंगे। यदि आप यहाँ एक करोड़ वर्ष भी रहें, तो भी ये आपको इसे समझने में जबरदस्त रूप से व्यस्त रखेगा।

अब तो आधुनिक भौतिक विज्ञानी भी कह रहे हैं कि ये ब्रह्माण्ड हमेशा बढ़ता रहता है। मूल रूप से वे कह रहे हैं कि किसी भी बात के बारे में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। जो भौतिक विज्ञान पढ़ रहे हैं, उनका यह कहना एक आश्चर्यजनक बात है। लेकिन अब वे समझ रहे हैं कि जिस तरीके से वे सभी चीजों को देख रहे हैं, उसमें कोई गलती है।

तो, 'यही सब कुछ है' जैसा कुछ भी नहीं होता। यह तल्लीन हो जाने की एक अंतहीन प्रक्रिया है। मान लीजिये कि एक ऐसी स्थिति हो जब आप कहें, 'यही सब कुछ है', तो फिर उसके बाद आप क्या करेंगे? आप को समझना चाहिये, अगर आप वास्तविकता नाम की जगह पर आ जाते हैं तो 'यही सब कुछ है' जैसी कोई बात नहीं रह जाती। निष्कर्ष बस आप के मन में निकलते हैं, अस्तित्व में कभी नहीं। निष्कर्ष निकालना मन का स्वभाव है। ये चाहता है कि एक अध्याय को बंद कर दे और कहे।

## आपके ट्वीट

**प्रख्यात** मानवशास्त्री सह शिक्षाविद् डॉ. करमा उरांव जी के निधन की दुखद सूचना मिली। आदिवासी समाज के उत्थान तथा झारखंडी सभ्यता, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर वें हमेशा समर्पित एवं प्रयत्नशील रहें। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

**-सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

**एक** समय गुजरात में ड्रॉप आउट रेट करीब 40% के आस-पास हुआ करता था और आज 3% से भी कम रह गई है। ये गुजरात के शिक्षकों के सहयोग से ही संभव हुआ

**- सुधांशु त्रिवेद्वी, भाजपा**





आदिवासी संस्कृति व समाज के उत्थान के लिए जीवनपर्यंत समर्पित रहे, प्रख्यात मानवशास्त्री व शिक्षाविद डॉक्टर करमा उरांव जी नहीं रहे। भाषा, संस्कृति और समाज के लिए उनके उल्लेखनीय कार्य सदैव लोगों को प्रेरित करती रहेगी।

**- बाबूलाल मंराडी**

# अपने ही प्रधानमंत्रियों का दुश्मन पाक

**आर.के. सिन्हा**

## सामयिक

**पाकिस्तान** में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी पर हैरान होने की जरूरत नहीं है। हालांकि वह रिहा हो चुके हैं। पाकिस्तान में इमरान से पहले भी कई प्रधानमंत्रियों को जेल की हवा खानी पड़ी है। सबसे पहले 1960 में सैनिक तानाशाह अयूब खान ने प्रधानमंत्री हुसैन शहीद सुहरावर्दी को जेल भेजा था। सुहारावर्दी देश के विभाजन से पहले बंगाल राज्य के प्रधानमंत्री थे। तब किसी राज्य के मुखिया को प्रधानमंत्री ही कहा जाता था। जब 1946 में जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के आह्वान के बाद कोलकाता में हिंसा भड़की तब सुहारावर्दी ही बंगाल के प्रधानमंत्री थे। कहते हैं कि उन्होंने हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा को रुकवाने की कोई चेष्टा नहीं की थी। हिंसा को हवा जरूर दी।

खैर, उनके बाद जुल्फिकार भुट्टो को जालंधर में पैदा हुए जिया उल हक ने जेल भेजा। उसके बाद भुट्टो को फांसी भी हुई। भुट्टो के बाद उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो को भी जेल जाना पड़ा। फिर उनकी हत्या भी हुई। नवाज शरीफ और शाहिद अब्बासी ने भी प्रधानमंत्री के रूप में जेल की सलाखों के पीछे वक्त बिताया है। यही पाकिस्तान का चरित्र है। वहां पर निर्वाचित प्रधानमंत्रियों को पद से हटाने और गिरफ्तारकिये जाने की परंपरा पुरानी है।

सारे देश का गुस्सा इमरान खान के सियासी शत्रुओं से ज्यादा सेना पर है। अवाम का कहना है कि पाकिस्तान को कभी पटरी पर आने ही नहीं दिया सेना ने। उसने देश में जम्हूरियत की जड़ों को मजबूत नहीं होने दिया। यह पाकिस्तान की जनता की सोच में बहुत बड़े बदलाव का संकेत भी है।

सेना के पूर्वी पाकिस्तान में कत्लेआम के कारण पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश बना। उसे समझ आ गया है कि सेना ने अकारण भारत पर 1965 और फिर 1971 में हमले किए और फिर मुंह की खाई।

पाकिस्तान ने पिछले साल देखा था जब इमरान खान की सरकार को रावलपिंडी में बैठे जनरलों ने, करप्ट पाकिस्तानी मुस्लिम लीग, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी और कुछ छोटे राजनीतिक दलों को एक मंच में लाकर गिरवाया था। अब इमरान खान की गिरफ्तारी और वहां पर कठपुतली सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई से बेहाल नाराज जनता सड़कों पर आ गई है। जनता ने सेना के दफ्तरों से लेकर सेना के आला अफसरों के बंगलों को आग के हवाले कर दिया है। यह तो एक दिन होना ही था। पाप का घड़ा फूटना ही था। प्रधानमंत्रियों की गिरफ्तारी से हटकर बात करें तो पाकिस्तान सेना ने बार-बार निर्वाचित सरकारों को गिराया है। अयूब खान, याहया खान, जिया उल हक और परवेज मुशर्रफ के समय पाकिस्तान में लोकतंत्र कराहता रहा। अयूब खान पर तो आरोप थे कि उन्होंने मोहम्मद अली जिन्ना की बहन फातिमा जिन्ना को ही मरवा दिया था। जिया उल हक ने पाकिस्तान को घोर कठमुल्ला मुल्क भी बनवाया। पाकिस्तान का शिक्षित समाज उन्हें इसके लिये कोसता है। हालांकि उनकी विमान हादसे में मौत में भी सेना का ही हाथ बताया जाता है। सेना को ही लियाकत अली खान और बेनजीर भुट्टो के कत्ल का भी जिम्मेदार माना जाता है। लियाकत अली खान 1946 में पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार में वित्त मंत्री थे। वे घोर हिन्दू विरोधी थे। उन्होंने 1946 में अंतरिम सरकार का बजट भी पेश किया था। उसे हिन्दू व्यापारी विरोधी बजट माना गया था।

वे तब के सेनाध्यक्ष कमर जावेद बाजवा को आड़े हाथ लेते भी रहे थे। वे कहते थे कि उनकी सत्ता की बागडोर उनके हाथ में नहीं थी। उनका इशारा सेना की तरफ ही था।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### यह कैसा जश्न

**तमिल** टीवी की अभिनेत्री द्वारा अपने पति से तलाक मिलने पर खुशी से सोशल मीडिया पर फोटो शूट आउट देना शर्मनाक ही नहीं बल्कि परिवार नामक संस्था के अस्तित्व को चुनौती भी है। पति-पत्नी का तलाक होना निश्चित तौर पर एक दुखदाई घटना है। दूसरी बार वैवाहिक जीवन के सफल होने पर भी सवालिया निशान लगता है। यह निराशाजनक है।

**-श्याम किशोर, जमशेदपुर**

### सतर्कता जरूरी

**चीन** के प्रभाव में रहे पाकिस्तान की आर्थिक हालत पहले ही बुरी तरह खराब रही है फिर वहां आंतरिक संघर्ष ने हालातों को और बिगाड़ा। प्रधानमंत्री और सेना के बीच संतुलन न बैठने की वजह से ही इमरान की गिरफ्तारी हुई है। हालांकि इमरान की गिरफ्तारी से उपजा बवाल वहां का आंतरिक मामला है फिर भी हमें बड़ा सतर्क रहने की जरूरत है।

**-अमृतलाल, रांची**

# कर्नाटक की भ्रष्ट अयोग्य, सरकार की विदाई

**एनके मुरलीधर**

## सामयिक

**बात-बात** पर लोकतंत्र को खतरा बताने वाले राजनेताओं चाहे वे किसी भी दल के हो भूल जाते हैं कि देश में तय लकीर पर कभी चुनाव परिणाम नहीं आते हैं। भारतीय लोकतंत्र बदलाव का लोकतंत्र है पूर्ण परिपक्व। मीडिया और नेता के पूर्ण शोर शराबा के बीच पूरे देश में जनता की सोच सदैव देश हित में, सकरात्मक और बेहतर रही है। कुछ अपराधियों के जीतने पर, कुछ भ्रष्ट लोगों के आगे आने पर पूरे लोकतंत्र को खारिज करने की बात शर्मनाक है।

इसी शर्मनाक तथ्य पर देश की दो बड़ी पार्टी भाजपा और कांग्रेस ने लगातार अपने प्रचार-प्रसार को फोकस किया। पहले लगातार जीत रही भाजपा ने कांग्रेस मुक्त भारत का अलोकतांत्रिक नारा दिया तो वही कांग्रेस ने भी भाजपा को देश डूबाने वाली पार्टी करार दिया। दोनों तथ्य गलत और भ्रामक थे। इससे दोनों दलों के बीच हुई खींचतान में भारतीय जनता ने संतुलन बनाने का काम जारी रखा।

चुनावी रणनीति में जीत का दावा और हार न पचाने की बढ़ती प्रवृति के बीच किसी भी प्रकार से सरकार बनाने में अभी भाजपा बढ़त बना रही है। पहले कांग्रेस करती थी। जनता इसका उपाय भी कर रही है। कर्नाटक के चुनाव में जिस प्रकार कांग्रेस को पूर्ण और बड़ी बहुमत देकर जनता ने बता किया कि मूल मुद्दा आज भी जिंदा है जिसे आप नारेबाजी और हल्के मुद्दों से नहीं पाट सकते हैं। 1984 को याद करें जब तत्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या केश बाद हुए चुनाव में कांग्रेस को 400 से अधिक सीट मिले। भाजपा को दो सीटें मिली थी। ठीक उसके बाद कांग्रेस ने कर्नाटक की रामकृष्ण हेगड़ें की सरकार को बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद हुए चुनाव में क्या कांग्रेस जीत पाई ? नहीं, कांग्रेस की करारी हार हुई। यह भारतीय लोकतंत्र का सबसे बेहतरीन चेहरा है। जनबल सदैव सच के आंच में तपता है।

दस साल तक कांग्रेस की मिली जुली सरकार से त्रस्त भारतीय जनमानस ने लगातार दो बार भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताया है और वह भी पूर्ण बहुमत के साथ। भाजपा के पास एक अनुभवी टीम है जो अच्छा काम कर रही है लेकिन यह काम देश के स्तर पर हो रहा है। राज्यों में भाजपा की टीमें भ्रष्ट, गुटबाजी और जन विरोधी कार्य में लिप्त है। कर्नाटक वह राज्य है जहां सीएम के लिये पे सीएम का नारा लगा, 40 प्रतिशत कमीशन की बात उठी , निमार्ण कंपनी के अधिकारी ने आत्महत्या कर ली लेकिन भाजपा का शीर्ष नेतृत्व चुप्पी साधे रहा।

आखिरकार गुड गर्वनेंस का नारा एक जुमला बना। इसका परिणाम भाजपा को जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया।

अब बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विधि व्यवस्था और रोजगार के दृष्टि से ठोस कार्य और न्यूनतम भ्रष्टाचार ही आम लोगों को स्वीकार्य है। चुनाव इन मुद्दों से प्रभावित होता है। मोदी-योगी के भाषण से एक से दो प्रतिशत की वोटों का ही स्विंग होता है ऐसा विशेषज्ञों को मानना है। यह बात शीर्ष नेतृत्व नहीं समझता ? यह संभव है कि सत्ता का दंभ और आंख चापलूसों की पट्टी से प्रभावित होकर भाजपा दक्षिण भारत के शासन से मुक्त हो गयी है। 2024 के चुनाव को इस चुनाव से जोड़ना राजनैतिक बेवकूफी ही होगी क्योंकि सभी दलों के पक्ष में भारतीय लोकतंत्र के नये प्रहरी देश के युवा, बुद्धिजीवी और महिलाओं पर सबसे अधिक भरोसा किया जा सकता है जो देश के आधे सांसद, विधायक को हर चुनाव में हरा कर भुतपूर्व बना देते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज़

### टाटीझरिया थाना में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर किया गया बैठक

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना प्रांगण में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर बैठक किया गया। बैठक में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। बैठक का अध्यक्षता टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ने किया। बैठक के दौरान मंदिर प्रांगण में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा 27 मई से लेकर 31 मई तक विधिवत पूजा अर्चना करने को लेकर निर्णय लिया गया तथा पूजा को संपन्न बनाने को लेकर पूजा कमेटी का गठन किया गया जिसमें सचिव थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार,कोषाध्यक्ष सुरेश यादव,को चयन किया गया। मौके पर उप प्रमुख रवि कु. वर्णवाल,रामनाथ सिंह,गोपाल प्रसाद,रोहित ओझा रजनीकांत चौधरी,सांसद प्रतिनिधि कैलाश पति सिंह,सुरेंद्र प्रसाद यादव,नागेश्वर प्रजापति,कौलेश्वर मिश्रा, सोनू कुमार पंडा,समेत अन्य कई समाज सेवी, क्षेत्रवासी संग थाना परिवार के सदस्य गण उपस्थित थे।

### टीएसपीसी उग्रवादी गिरफ्तार

**केरेडारी।** दिनांक–26.03.23 को डमारू जंगल में केरेडारी पुलिस और टीएसपीसी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। जिसके विरुद्ध केरेडारी थाना कांड संख्या– 61/23 दिनांक–26.03.23 धारा– 307/353/414/34 भा०द०वि०, 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएल एक्ट दर्ज किया गया था। इसी केस में एक अन्य अभियुक्त राजकिशोर महतो पिता मोहरनाथ महतो ग्राम– सुमु धवाईया थाना– बुढ़मू जिला– राँची को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह का आयोजन

**चरही।** जिला स्तरीय स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह में कई पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए जिसमें बहेरा पंचायत में बेहतर कार्यो के लिए प्रथम स्थान का दर्जा दिया गया।बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो के द्वारा बेहतर कार्य करवाए जाने को लेकर पूरे जिले भर में नंबर वन पंचायत स्वच्छता पखवाड़ा का चयन किया गया है हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा मुखिया श्री महतो को सम्मानित किया जाएगा।श्री महतो ने बताया कि पंचायत के वार्ड सदस्य,जल सहिया, स्कूल के शिक्षक और ग्रामीणों का पूर्ण सहयोग मिलने के कारण बहेरा पंचायत इस मुकाम को हासिल करने में सफल रहा है।आगे कहा कि इसी तरह से लोगों का सहयोग मिलता रहा तो बहेरा पंचायत जिला ही नहीं पूरे राज्य में नंबर वन पर रहेगा।

### दुमका उपायुक्त से मिला चेंबर्स ऑफ फार्मर हजारीबाग का शीर्ष मंडल

**चरही।** चेंबर्स ऑफ फार्मर हजारीबाग का शीर्ष मंडल दुमका उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निवास स्थान पर मुलाकात कर के धन्यवाद दिया श्री शुक्ला चेंबर्स ऑफ फार्मर के जनक हैं उन्होंने सर्किट हाउस ले जाकर कृषि मंत्री बादल पत्र लेख से शीर्ष मंडल को मुलाकात करवाए। चेंबर्स ऑफ फार्मर को पूरे राज्य में कैसे सशक्त बनाया जाय।इस पर मंथन किया गया।चेंबर्स ऑफ फार्मर के अध्यक्ष फुलेश्वर महतो,सचिव सुखदेव राणा ,कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मेहता के अलवे मीनू महतो ने कृषि मंत्री को कई सुझाव दिए। मंत्री के द्वारा किसानों को इस पर के तरह के सलाह दिये गए। जिससे किसानों को एफपीओ से जोड़कर सहकारिता के तर्ज पर कई उद्यम चलाया जाएगा।किसान अपना उत्पादन को मूल्य संवर्धन कैसे करे , सरकार इस कार्य में बढ़–चढ़कर सहयोग करेगी।मंत्री ने कहा कि किसान संगठित होकर अपना हक के लिए संघर्ष करे।जिस से सरकार किसानों के अनुरूप योजना को चलाया जा सके।आगे कहा कि चेंबर्स ऑफ फार्मर ही एक प्लेट फार्म है जहां किसान अपनी समस्या और सलाह को रख सके।उसका त्वरित समाधान होता है।इसमें मंत्री से लेकर अधिकारी,वैज्ञानिक,पत्रकार , सामाजिक कार्यकर्ता और अनुभवी किसान जुड़े हुए हैं।आनेवाला दिनों में इसका परिणाम किसानों को जरूर मिलेगा।

### पंचायत समिति की बैठक में प्रखंड की समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

**दारू।** प्रखंड सभागार में सोमवार को दोपहर दो बजे से पंचायत समिति की अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रमुख कुमारी स्वेता ने किया।इस बैठक में प्रमुख ने आपूर्ति पदाधिकारी को डीलर के द्वारा कम वजन का राशन देने के बारे में जानकारी मांगी। इसपर आपूर्ति पदाधिकारी ने वजन में कम अनाज देने को गलत बताया साथ ही इस तरह की शिकायत मिलने पर कार्यवाई की बात कही। पुनाई मुखिया अनिल कुमार देव ने आंगनबाड़ी की सुपर वाईजर से पुनाई, मेड़कुरी और कबलासी पंचायत की सेविका की शिकायत करते हुए कहा कि कोई भी सेविका समय पर केंद्र नही आती है और केंद्र में मौजूद बच्चों की संख्या बढ़ाकर दिखाया जाता है।बैठक में उपस्थित विभागों के पदाधिकारियों से बारी बारी से उनके कार्यो की जानकारियां ली गयी। इस बैठक में उप प्रमुख सुशीला देवी,बसंत सिंह, गीता देवी,मीनाक्षी अम्बष्ठ,सहदेव कुशवाहा आदि मौजूद थे।

### कोयं में गैरमजरूआ जमीन पर अवैध कदारू

**दारू।** अंचल क्षेत्र के जिनगा पंचायत के ग्राम कोयं में सरकारी गैरमजरूआ जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है पर अंचल द्वारा इस संबंध में कोई भी करवाई नही की किया जा रहा है। इस तरह का आरोप कोयं के दर्जनों ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि कोयं में खाता संख्या 13 प्लाट संख्या 35 कुल रकबा 2.12 एकड़ जमीन गैर मजरुआ खास किस्म की है जिसपर तिलैया झुमरा निवासी विनोद राम पिता सुखलाल उर्फ समर राम द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इस जमीन पर ग्रामीणों ने खेल स्टेडियम बनाने की मांग वर्षी पहले की है पर अब इस जमीन पर जेसीबी लगाकर काट दिया गया है साथ ही घर बनाया जा रहा है।ग्रामीण अवैध कब्जे के खिलाफ जिले के उपायुक्त, एसडीओ, अंचलाधिकारी को कई बार आवेदन दे चुके है पर कोई करवाई नही की गई है।ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को नही रोका गया तो बाध्य होकर वह आंदोलन करने को सड़क पर उतर जाएंगे।

### करमा क्षेत्र के सुगिया में धूमधाम से संपन्न हुआ आस्था का पर्व मंडा

**कुजू।** क्षेत्र के करमा दक्षिणी पंचायत के सुगिया में आस्था का पर्व मंडा पूजा सोमवार को संपन्न हो गया। इस दौरान अहले सुबह 202 भोक्ता एवं सोख्ताइन स्थानीय दुखिया तालाब में स्नान ध्यान के बाद नये वस्त्र का धारण कर नाचते– गाते शिव मंदिर परिसर पहुंचे। इस बीच पंडित जनार्दन तिवारी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराए जाने के उपरांत सभी शिव भक्त दहकते अंगारों पर चल कर एवं पीठ में नुकीले कील चुभोते हुए करीब 31 फीट ऊंचे आसमान में बनस झूला कर शिव भक्ति के प्रति अपनी आस्था दिखाई। इससे पूर्व रात्रि बेला में छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन झामुमो के मांडू प्रखंड उपाध्यक्ष मोहरलाल महतो ने फीता काटकर किया। उद्घाटन उपरांत पुरुलिया बंगाल से आए छऊ कलाकारों ने गीता – रामायण से जुड़े प्रसंगों पर अपना मंचन कर लोगों को खूब मनोरंजन कराया। मौके पर सहदेव महतो, पुनीत करमाली, रामेश्वर महतो, प्रेमचंद मुंडा, बीरबल मुंडा, संजय मुंडा, सुखदेव राम मुंडा, निर्मल महतो, बाबू चंद मरांडी, शिवलाल मुंडा, अर्जुन मुंडा, उमेश करमाली, किरण, देवचरण महतो, कांशी करमाली, लालधारी महतो समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कोयला लदा ट्रक मांडू थाना पुलिस ने किया जब्त

**मांडू।** मांडू थाना गेट के पास अवैध लदा ट्रक को थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर जब्त किया। वहीं, कोयला लदे ट्रक को जब्त कर लिया गया है और चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में बताया जाता है की ट्रक संख्या एनएल01एए 7592 में तोपा कोलियरी से लोड करके कोयला ले जाया जा रहा था। जिसे सांडी भरेचनगर जाना था। लेकिन चालक मार्ग भटककर वाहन को बिहार ले जा रहा था। उसी क्रम में थाना प्रभारी ने कोयला लदे वाहन को जब्त कर लिया। जबक चालक सहदेव राम उम्र 55 वर्ष पिता स्वर्गीय फूली राम, ग्राम बड़ा शिव मंदिर ओकनी, थाना लोहसिहना, जिला हजारीबाग निवासी और वाहन पर धारा,414/34/120 एवं 30 कोल्ड माइनिंग एक्ट लगाते हुए चालक को जेल भेज दिया।

# जन- जरूरत पर पहल करना है प्राथमिकता : मनीष जायसवाल

**विधायक किया कटकमसांडी का दौरा 2 करोड़ की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास-उद्घाटन**

खबर मन्त्र संवाददाता



सदर विधायक व अन्य

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने सोमवार को कटकमसांडी प्रखंड का सघन दौरा किया और इस दौरान करीब 2 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत बरगड्डा पंचायत के ग्राम सारूगारु कला निवासी रामदेव राणा के सुपुत्री आंचल कुमारी के शादी समारोह में शरीक होने के साथ किया। सारूगारू के ग्रामीणों की जनसमस्या से रूबरू होने के बाद कटकमसांडी पंचायत के ग्राम लखनू पंहुचे। यहां लखनू मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों संग चर्चा- परिचर्चा की और महायज्ञ के आयोजन में यथासंभव सहयोग का भरोसा ग्रामीणों को जताया। तत्पश्चात कटकमसांडी बस्ती में नदी पर ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) द्वारा डीएमएफटी मद से नवनिर्मित पुल का शिलापट्ट अनावरण कर और फीता काटकर उद्घाटन किया। ज्ञात हो की विधायक मनीष जायसवाल के अथक प्रयास से अल्पावधि में ही इस पुल के निर्माण की स्वीकृति मिली और करीब 98 लाख रुपए की राशि से लगभग 5 स्पेन का पुल बनकर तैयार हो गया। इस पुल के बनने से सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी बस्ती और उलांझ एवं चतरा जिले के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रतुरबा, जोरी सहित अन्य गांवों के लोगों को आवागमन और परिवहन में सुविधा होगा। विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी बस्ती में पुल उद्घाटन के पश्चात बाझा पंचायत के ग्राम एदला ने ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) डीएमएफटी योजना अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, एदला के उन्नयन हेतु विविध कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। करीब 98 लाख रुपए की लागत से इस विद्यालय परिसर में चारदिवारी, पुराने भवन का रिपेयर, एक कॉमन हॉल, ग्रेनाइट युक्त स्मार्ट क्लासेस, जलमीनार का निर्माण कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन में बरगड्डा निवासी सुरेश सिंह के पौता रिया सिंह के शादी में शरीक होकर उन्हें आशीर्वाद देकर किया। मौके पर कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, उपप्रमुख ममता देवी ,लीलो सिंह भोक्ता ,कृपाल सिंह, अजीत दास, बलदेव प्रजापति, मनोज पांडेय, अजीत पांडेय, अमित सिंह, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# करगईयो में प्रतिदिन हजारों टन बालू का होता है अवैध खनन, प्रशासन मौन

खबर मन्त्र संवाददाता



ट्रैक्टर एवं जेसीबी से बालू का अवैध खनन

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत कोल्हूआकला पंचायत के करगईयो गांव में प्रतिदिन जेसीबी मशीन से अवैध बालू का खनन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत के ही कई लोग इस गोरख धंधे में संलिप्त है। उनके द्वारा लगातार जेसीबी मशीन लगाकर नदी के बालू को लूटने का कार्य कर रहे है, उक्त लूट को लेकर बरही प्रशासनिक पदाधिकारियों से कई बार ध्यान आकृष्ट किया गया है, बावजूद इसके ना कोई उपयुक्त कार्यवाई हुई है और ना ही यह गोरख धंधा थमने का नाम ले रहा है। उक्त जानकारी कोल्हूआकला पंचायत के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सह युवा नेता बिनोद कुमार यादव के अनुसार प्रत्येक दिन हजारों टन बालू का अवैध खनन होता है। उन्होंने कहा जी झारखंड में अधिकारियों से मिलीभगत कर हजारों टन अवैध बालू खनन के माध्यम से करोड़ों रुपये की राजस्व की चोरी धड़ले से की जा रही है।परंतु प्रशासनिक अधिकारी इस घोटले में शामिल होने के कारण मौन है। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से की है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिससे बालू माफियाओं के हौसले बुलंद है और सरकार को राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है।

## एसडीजीएम एकेडमी के 96.5 प्रतिशत बच्चें हुए सफल



**बरही।** डीवीसी के पास संचालित एसडीजीएम एकेडमी के बच्चों का सीबीएसई मैट्रिक की परीक्षा में 96.5 प्रतिशत बच्चों का रिजल्ट रहा है। विद्यालय के बंटी कुमार ने 84.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनें। वहीं सुमन कुमारी ने 83 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर रही। विद्यालय के डायरेक्टर महेश कुमार गुरनानी ने मैट्रिक में सफल हुए छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्होंने भविष्य में अधिक मेहनत कर अपने लक्ष्य को हासिल करने की बात कही। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बच्चों को ढेरो शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहे तभी अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर पाएंगे।उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा एक ऐसा अनमोल धन है जो प्रत्येक परिस्थिति में अपने मालिक के पास सुरक्षित रहता है।

## आने वाले समय में केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनना तय है : डॉ.आशीष

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भाकपा माले ने बैठक आयोजित कर कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर हर्ष जताते हुए जनता के प्रति आभार जताया है। भाकपा माले के वामपंथी युवा नेता सह अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड आशीष कुमार व केंद्रीय महासचिव नरेश नायक कांग्रेस की शानदार जीत पर कहा कि यह भाजपा-आरएसएस ताकत की करारी हार है। उन्होंने जीत के लिए राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे और खास तौर पर कर्नाटक की जनता को बधाई देते हुए उनके प्रति आभार जताया है। मौके पर डॉ.आशीष कुमार ने कहा कि भाजपा के लिए यह एक ट्रेलर है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का पूरे देश से सूपड़ा साफ होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। महागठबंधन की सरकार बनेगी। कांग्रेस

## जनआकांक्षा सोसाइटी के सचिव ने प्रशिक्षुओं को अपने जीवन में सात व्याख्यान श्रृंखला को उतारने की बाते कही

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी के बहुउद्देशीय सभागार में सोमवार को सात दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का समापन दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, अथिति शिक्षक डॉ. मृत्युंजय प्रसाद (प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्र विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग), डॉ. संजय सिंह (सह- प्राध्यापक महिला महाविद्यालय रामगढ़) तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता द्वारा किया गया। जनआकांक्षा सोसाइटी के सचिव मणिकांत सिन्हा ने भी इस सात व्याख्यान श्रृंखला को बहुत ही उपयोगी एवं महत्वपूर्ण बताते हुए प्रशिक्षओं को अपने जीवन में उतारने की बाते कही। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार ने सात दिवसीय श्रृंखला का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता द्वारा दिया गया। समापन समारोह का विषय नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में आधुनिक शिक्षा और रोजगार के अवसर जिसका व्याख्यान डॉ. मृत्युंजय प्रसाद के द्वारा किया गया, झारखण्ड के संदर्भ में खोरठा भाषा का महत्व एवं भूमिका जिसका व्याख्यान डॉ. संजय सिंह के द्वारा किया गया। दोनों वक्ताओं ने विस्तार रूप से अपने अपने विषय पर चर्चा की। साथ ही व्याख्यान के अंत में प्रशिक्षुओं में आनंद कुमार, भावना, अमित, पूजा कुमारी, बबिता, अश्रिता सुबेला इत्यादि के द्वारा विभिन्न प्रश्नों को रखा गया।

## पीवीयूएनएल के विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण

**बासल (रामगढ़)।** बासल क्षेत्र के आरासाहा में पीवीयूएनएल (पूर्व पीटीपीपीएस) के विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण महिला-पुरुषो की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता शिव प्रसाद मुंडा व संचालन लालमोहन मुंडा ने किया। बैठक में रोजगार, स्थायी नौकरी, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत मुआवजा, पुनर्वास तथा सीएसआर के माध्यम से सभी विस्थापित प्रभावित गांवों में विकास के कार्यों पर चर्चा की गई। साथ पीवीयूएनएल प्रबंधन के नीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। कहा गया कि कंपनी प्रबंधन का शुरु से ही यहां के विस्थापित-प्रभावितों को बांटने का कोशिश किया जाता रहा है। इसे समझने की जरूरत है। पीवीयूएनएल सिर्फ दस गांव को प्रभावित गांव मानता है। विस्थापित तो किसी को माना ही नहीं जा रहा है। जबकि प्रबंधन को यह मालूम होना चाहिए कि पूर्व के पीटीपीपीएस को स्थापित करने हेतु कुल 25 गांव की 6500 एकड़ जमीन ली गई है। पीटीपीपीएस के लिए ही डैम का भी निर्माण किया गया था। लेकिन यह बहुत ही दुखद है कि डैम से विस्थापित लोगों को पीवीयूएनएल विस्थापित-प्रभावित नहीं मानता है। कहा गया कि प्रबंधन अपने पॉलिसी पर पुनर्विचार करे और सभी गांवों को विस्थापित गांव का दर्जा दे। साथ पीएपी लागू करे। स्थायी नियुक्ति के लिए ठोस नीति बनाए और उसे सार्वजनिक करे। बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि अपने हक-अधिकार के लिए सजग रहते हुए पीवीयूएनएल के हर गतिविधि पर पैनी नजर रखना होगा। अन्यथा हम विस्थापित-प्रभावितों की हक मार दी जायेगी।

## सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल

**मांडू।** मांडू थाना क्षेत्र के मांडू चट्टी के पास 15 मई को एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे कार पर सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू ले जाया गया। जहां पर जांच के बाद महिला को हॉप अस्पताल भेज दिया गया। दुर्घटना के संबंध में बताया गया की बिहार आरा से मारूति बोलेनो कार नंबर बीआर03वाई 6942 जमशेदपुर से लौट रही थी। उसी दौरान मांडू चट्टी बजरंग बली के पास बालू लदे एक अज्ञात हाईवा पर ढके तिरपाल के साथ उसपर दबाया गया पत्थर गिरा।

# यज्ञ मंडप की परिक्रमा को ले उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते श्रद्धालु भक्तगण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नीचे धौड़ा में चल रहे श्रीश्री 1008 तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा सह मां भगवती काली मंडल जिर्णोद्धार महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को तीसरे दिन पुरोहित आचार्य कृष्णा मिश्रा, विनय मिश्रा, अविनाश उपाध्याय, मुरारी पांडेय, कुल्लू मिश्रा, गिरजानंद पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। सोमवार को प्रतिष्ठा आवाहित, देवी-देवताओं का पूजन-हवन एवं पुणार्हुति के साथ महायज्ञ संपन्न हो गया। महायज्ञ के समापन पर मंगलवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। महायज्ञ समिति के लोगों ने क्षेत्र के श्रद्धालु से भारी से भारी संख्या में पहंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। पूजा में बतौर यजमान बीके करमाली-काजू देवी, बागेश्वर करमाली-ममता देवी, टिंकू करमाली-अंजू देवी, राजेश करमाली - सुनीता देवी, सूरज करमाली-संगीता देवी सपत्नी शामिल हुए। तीनों दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूषों की भीड़ उमड़ी रही। वहीं सोमवार की रात्रि महायज्ञ को ले भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसमें धनबाद भजन मंडली की टीम ने एक से बढ़कर एक भजन व भक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को रातभर झुमाए रखा। इसके पूर्व महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को 33 कोटी देवताओं का आहवान, स्थान पूजन एवं अधिवास, नगर भ्रमण, सय्याधिवास सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य द्वारा संपन्न कराया गया। महायज्ञ को संपन्न कराने में कमेटी के अध्यक्ष सह मुखिया अजय पासवान, सचिव आजाद भुइयां, कोषाध्यक्ष संजीत राम, सदस्य राजेंद्र करमाली, दीपक भुइयां, विनय कुमार, राहुल पासवान, बसंत करमाली, राममूर्ति नायक, सूरज कुमार, रामकुमार, शंकर करमाली, सनी करमाली, रोशन पासवान, गोलू कुमार, करमाली, राज करमाली, आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### बटुका खपिया में 21 को मंडा पूजा सह मेला का आयोजन

**केरेडारी।** प्रखंड के बुंडू पंचायत अंतर्गत खपिया बटुका में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आस्था के प्रतीक मंडा पूजा सह मेला का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है पूर्व पंचायत समिति सदस्य बुंडू सह पंचायत समिति प्रतिनिधि मोहन कुमार के अध्यक्षता में एक बैठक हुवा। जिसमें मंडा पूजा सह मेला कार्यक्रम का रूपरेखा तैयार किया गया। जिसमे 21मई को उपवास ,लोटन सेवा, फूलखुंदी एवं रात्रि में झारखंड के सुप्रसिद्ध लोक नृत्य छौ नृत्य का आयोजन । छौ नृत्य मे एक ग्रुप लड़कियों का और एक ग्रुप लड़कों का आ रहा है दोनो ग्रुप के नृत्य में टक्कर देखने को मिलेगा जो देखने लायक होगा। लड़कियों के द्वारा इस क्षेत्र में पहली बार एक से बढ़कर एक छौ नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा जो मेला को चार चांद लगाएगा। 22 मई को सुबह में भोक्तगण के झूलन के साथ मेला का समापन होगा।इस पूजा सह मेला को सफल बनाने के लिए एक सशक्त कमिटी का गठन किया गया है।

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठान में प्रवचन का हुआ आयोजन



प्राण प्रतिष्ठा में शामिल श्रद्धालु

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत मलकोकों पंचायत के बुंडू में श्री श्री 108 हनुमान प्राण प्रतिष्ठान के दौरान प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बरही विस प्रभारी महेश ठाकुर, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह स्थानीय मुखिया विजय यादव, विजैया के पूर्व मुखिया दशरथ यादव, पंचायत समिति सदस्य मनु यादव, मनोज यादव, परमेश्वर यादव, गणेश ठाकुर, तुलसी ठाकुर, बाबूलाल यादव, विकाश यादव, देवनारायण सिंह, जितेंद्र जी ने सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम ने अपना विचार रखते हुए कहा कि संकट मोचन हनुमान की पूजा–अर्चना करने से मन को शांति मिलती है। बताते चलें कि मो0 कयूम मुस्लिम सम्प्रदाय के होने के बावजूद हिन्दू संस्कृति के बाबत अच्छे ज्ञान रखते है।हिन्दू संस्कृति के अनुसार उनके द्वारा सभी पूजन कार्यक्रम में उनकी सहभागिता शामिल रहती है।उन्होंने बताया कि भगवान महावीर के आराधना से भूतप्रेत भाग जाते है।नकारात्मक ऊर्जा कि समाप्ति और सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता है।इनके महायज्ञ से क्षेत्र में पवित्रता एवं सुख–समृद्धि भी आएगी, ऐसे आयोजनों से भक्ति का अलख जगता है।

### जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आज

**हजारीबाग।** जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आज होगी। इसमें 129 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के पदस्थापन पर मुहर लगेगी। खबर मंत्र संवाददाता से बात करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण ने बताया कि तीन चरणों में कॉउंसलिंग की प्रक्रिया संपन्न कराई गई है। इन शिक्षकों में हिंदी के 21, गणित–भौतिकी के 11, जीवविज्ञान–रसायन के 13, गृह विज्ञान के एक, संस्कृत के 23, संगीत के 12, अंग्रेजी के 13, शारिरीक शिक्षा के 12, वाणिज्य के एक, इतिहास–नागरिक के दो, संथाली के एक, भूगोल के आठ, अर्थशास्त्र के 10 शिक्षकों की पदस्थापना की जानी है। जिले के रिक्त पदों के विरुद्ध 129 शिक्षकों को विषयवार स्कूलों का आवंटन कर दिया गया है। बता दें कि 19 मई को रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में राज्य भर के स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री के हाथों दी जाएगी। इसी कड़ी में 19 मई को जिले से नवनियुक्त शिक्षकों को रांची ले जाने की तैयारी चल रही है।

### उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए बढ़ाई गई आवेदन फॉर्म जमा करने की तिथि

**हजारीबाग।** उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए नामांकन हेतू नि:शुल्क आवेदन फॉर्म दिए जा रहे हैं। जिसकी अंतिम तिथि 15 मई तय की गई थी। लेकिन अब उत्कृष्ट विद्यालयों से नि:शुल्क आवेदन फॉर्म लेने की तिथि को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई है। इस संबंध में डीईओ उपेंद्र नारायण ने बताया कि बीते 12 मई को शिक्षा सचिव के साथ हुई बैठक में अवधि विस्तार करने का निर्देश दिया गया था। बता दें कि इन विद्यालयों में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथि 19 मई निर्धारित थी। इसमें भी एक सप्ताह का विस्तार दिया गया है। इधर अभिभावकों से अपील करते हुए डीईओ ने कहा है कि उत्कृष्ट विद्यालयों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आवेदन फॉर्म जमा करें। आवेदन फॉर्म नि:शुल्क दी जा रही है। बता दें की सीबीएसई बोर्ड से संबद्धता प्राप्त जिले के चार (राज्य के 80) उत्कृष्ट विद्यालयों में नि:शुल्क पढ़ाई होगी। इनमें जिला स्कूल, गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल, मॉडर्न स्कूल बरही व कस्तूरबा गांधी चरही के नाम शामिल हैं। इन विद्यालयों के लिए अभिभावकों को फीस का भुगतान भी नहीं करना पड़ेगा। साथ ही इच्छुक अभिभावक संबंधित विद्यालय में संपर्क कर नि:शुल्क आवेदन प्राप्त कर पाएंगे। बता दें इन स्कूलों के लिए जिला स्तर पर परीक्षा लेने के बाद मेधा सूची के आधार पर स्टूडेंट्स का नामांकन लिया जाएगा।

### जरूरतमंदों की सेवा बड़ा पूण्य का कार्य : विनय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ चेंबर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में भुरकुंडा बाजार स्थित रेलवे लाइन पर सोमवार को पनशाला का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन चैम्बर के पूर्व जइंट सेक्रेटरी विनय कुमार सिंह एवं स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर विनय सिंह ने कहा की भुरकुंडा कोयलांचल का मुख्य बाजार है, लेकिन आम नागरिकों के लिए सामूहिक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नगण्य है। इसलिए मानवीय तौर पर यह आम नागरिक को समर्पित है। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए पनशाला का शुभारंभ किया गया है ताकि बाजार आने–जाने वाले राहगिरों व दुकानदारों को शुद्ध और ठंडा पेयजल मिल सके। श्री सिंह ने कहा कि इस पनशाला से व्यवसायियों, आमजनों व राहगिरों को पेयजल में काफी सुविधा मिलेगी।

### सफल विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई में मददगार साबित होगा यह टेस्ट : संतोष कुमार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस द्वारा संचालित कैरियर काउंसलिंग बोर्ड स्कोलरशिफ टेस्ट 2023 का रविवार को जेएम कॉलेज में आयोजन हुआ। स्कोलरशिफ टेस्ट में 10वीं और 12वीं साईंस के लगभग 70 विद्यार्थी शामिल हुए। मौके पर कुमार क्लासेस के डायरेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि इस तरह के टेस्ट से बच्चों को आगे की पढ़ाई में आर्थिक मदद मिलती है। साथ ही विद्यार्थियों को बेहतर कैरियर के लिए गाईडेंस भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वैसे विद्यार्थी जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनके लिए इस तरह का आयोजन काफी लाभदायक सिद्ध होगा। डायरेक्टर श्री कुमार ने बताया कि गरीब–छात्र–छात्राओं को डिप्लोमा व बी–टेक का कोर्स संस्था द्वारा फ्री में कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि आगे भी स्कोलरशिफ टेस्ट का आयोजन कराया जायेगा। इच्छुक विद्यार्थी कुमार क्लासेस से संपर्क कर टेस्ट में शामिल होने के लिए नि:शुल्क फार्म भर सकते हैं। टेस्ट व फार्म भरने के लिए किसी प्रकार का कोई चार्ज नहीं लिया जायेगा। मौके पर कैरियर काउंसलिंग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.एसएन सिंह ने टेस्ट में शामिल हुए बच्चों का हौसला आफजाई करते हुए उन्हें मोटिवेट भी किया। उन्होंने कहा कि टेस्ट का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास करते हुए उनके मार्क्स के अनुसार स्कोलरशिप का लाभ दिलाना है। बताते चलें कि टेस्ट के बाद बच्चों का कांउसेलिंग होगा। जिसमें विद्यार्थियों को बताया जायेगा कि किन–किन को कितना–कितना स्कोलरशिप मिला है और 10वीं और 12वीं के बाद विद्यार्थियों के पास भविष्य के लिए क्या बेहतर ऑपसन है।

## स्पीड न्यूज

### प्रखंड प्रशासन ने जुटाया 70 यूनिट रक्त

**गुमला।** सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में सोमवार को गुमला प्रखंड प्रशासन ने रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें करीब 70 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। रक्तदान करने वालों में अंचलाधिकारी केके मुंडू, कष्टु लोहरा, बसंत लोहरा, बलदेव उरांव, रिजवान अख्तर, प्रेम सागर जायसवाल, हर्ष जायसवाल, शांति एल लकड़ा, राकेश डेविड मिंज, नरेश उरांव, सुशील उरांव, रमेश उरांव, अजय भगत, राजीव बेलस बेक, संदीप कुमार, पुरूषोत्तम साहु सहित कई लोगों के नाम शामिल है। शिविर का शुभारंभ एलआरडीसी सुषमा नीलम सोरेंग, बीडीओ सुकेशनी केरकेट्टा, सीओ केके मुंडू के द्वारा किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर गुमला प्रखंड प्रशासन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आम जनता से लेकर विभागीय कर्मियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया है।

### गंधर्व भगत की 15 वीं पुण्यतिथि मनी



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत के पिता स्वतंत्रता सेनानी समाजसेवी स्वर्गीय गंधर्व भगत की 15 वीं पुण्यतिथि श्री भगत के आवासीय परिसर में मनाई गई। सबसे पहले पुरोहित परमानंद मिश्र ने पूजा हवन का कार्यक्रम किया, तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने आवासीय परिसर में स्थित स्वर्गीय गंधर्व भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि स्वर्गीय गंधर्व भगत सामाजिक कार्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन महात्मा गांधी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ था। जिनका अधिवेशन रामगढ़ में आयोजित किया गया था। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में स्वर्गीय गंधर्व भगत के जेष्ठ पुत्र दुर्गा भगत, कनिष्ठ पुत्र झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत, पुत्रवधू चंद्रपति भगत, पुत्रवधू अनुपमा भगत, पुत्र युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, शाश्वत सिद्धार्थ, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष आलोक साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोहन दुबे, जिला महासचिव पवन गौतम, शाहिद अहमद बेलू, सचिव कुणाल अभिषेक, विजय चौहान भी थे।

### शंकर लाल जाजोदिया अध्यक्ष और अशोक कुमार जायसवाल बने सचिव

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला की बैठक अध्यक्ष लायन महेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सत्र 2023-24 के लिए नये पदाधिकारियों के चयन का प्रस्ताव रखा गया। जिसके आधार पर लायन शंकर लाल जाजोदिया को अध्यक्ष, लायन अशोक जायसवाल को सचिव, लायन गुलाब चंद्र प्रसाद को कोषाध्यक्ष, फर्स्ट वीपी लायन राजकुमार अग्रवाल, मेंबर शिप चेयरमैन लायन पदम साबू, सह सचिव लायन विशाल कुमार, पीआरओ लायन हेमंत कुमार, क्लब प्रबंधक लायन मुरली मनोहर प्रसाद, लीडरशिप चेयरपर्सन -लायन अंबिका लाल, वन एक्टिवी पर्सन लायन अशोक आनंद, एनवायरनमेंट चेयरपर्सन लायन बनवारी लाल आदि का चयन किया गया। मौके पर अध्यक्ष लायन शंकर लाल जाजोदिया ने कहा लायंस क्लब समाज सेवा के लिए तत्पर है। मेरे कार्यकाल में और बहतरीन कार्य होंगे। मौके पर शशि किरण, राज लक्ष्मी, रीता गुप्ता, मनोरमा देवी, अंबिका प्रसाद, लायन ओम प्रकाश साहू, राज कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### बढ़ती गर्मी को देख सर्वेश्वरी समूह ने लोगों की सुविधा के लिए खोली पनशाला




**गुमला।** भीषण गर्मी को देखते हुए श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह शाखा गुमला ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर राहगीरों के लिए पनशाला का अधिष्ठापन किया। मुहिम का शुभारंभ बस स्टैंड रोड स्थित आश्रम के सम्मुख शाखा के महिला सदस्यों द्वारा अघोरेश्वर महाप्रभू की पूजा अर्चना के साथ तथा राहगीरों को शीतल जल व गुड़ देकर किया गया। वहीं रविवार को श्री सर्वेश्वरी समूह के उन्नीस सूत्री कार्यक्रम के तहत गर्मी और बिजली आपूर्ति की अनियमितता को ध्यान में रखते हुए सदर अस्पताल में ईलाजरत मरीजों के बीच एक सौ ताड़ का पंखा, फल, ब्रेड और अघोरेश्वर संदेश का वितरण किया गया। मौके पर समूह की गुमला शाखा के उपाध्यक्ष अजय प्रसाद, मंत्री बिपिन कुमार सिन्हा,संजय महापात्र, सुबोध कुमार दास, द्वारिका मिश्र सुमन, सुरेन्द्र सिंह,श्यामा कांत मिश्र, रविंद्र सिंह, मुन्ना दास, गायत्री महापात्र, नीता हरितिमा, मीरा विश्वकर्मा, नम्रता सिन्हा, हेमलता देवी, अनिसा गुप्ता थे।

### जलहन में उद्योग विभाग ने किया स्किल मैपिंग कार्य का आयोजन



**घाघरा।** जिला प्रशासन के निर्देश पर खनन क्षेत्र के दुर्गम आदिम जनजाति गांव जलहन में सोमवार को उद्योग विभाग द्वारा स्किल मैपिंग कार्य का आयोजन किया गया। इस क्रम में पंचायत के मुखिया राजेश बड़ाईक, उद्योग विभाग के सूरज कुमार, रोजगार सेवक एवं खाद आपूर्ति विभाग के कर्मी गांव में आदिम जनजाति के लोगों से विभाग से संबंधित लाभकारी योजना की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विलुप्त हो रहे आदिम जनजाति परिवार व उनके उत्थान हेतु आवेदन प्राप्त किये। इस क्रम में ग्रामीणों ने बताया कि डाक राशन लोगों को लगभग 8 किमी पहाड़ चढ़कर लाना पड़ता है। उसे नजदीक करने की अपील की। साथ ही मत्स्य पालन के लिए तालाब, लाह की खेती के लिए ट्रेनिंग कराने, सूअर और बकरी पालन, मिनी आंगनबाड़ी सोलर लाइट, आखड़ा निर्माण, शेड निर्माण सहित कई योजनाओं की मांग की। राजेश बड़ाईक ने कहा कि आदिम जनजाति परिवार के लोगो को कई तरह की परेशानी है जिसे लेकर यह कार्यक्रम जिला के निर्देश पर किया गया है ताकि आदिम जनजातियों का उत्थान हो सके। मौके पर मुन्ना असुर, कृष्णा असुर, चरवा असुर, रामचरनी असुर, सुखनाथ असुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

# कला संस्कृति ही जनजातियों की पहचान : सुदर्शन भगत

- करौंदी में वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा जनजाति लोक कला संगम सह संगोष्ठी का आयोजन
- कार्यक्रम में कलाकारों को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार को वनवासी कल्याण केंद्र गुमला के सहयोग से करौंदी स्थित रथ बगीचा में जनजाति लोक कला संगम सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले से 80 खोड़हा दल के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद सुदर्शन भगत, पद्मश्री मुकुंद नायक, पूर्व विधायक कमलेश उरांव व रामोचित सिंह ने किया।





कलाकार को सम्मानित करते सांसद, पद्मश्री मुकुंद नायक व पूर्व विधायक और कार्यक्रम में शामिल लोग।

मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि जानजातियों की कला संस्कृति ही उनकी पहचान है। जिसे हर हाल में संरक्षित करने की जरूरत है। वर्तमान समय में पाश्चात्य संस्कृति हावी होती जा रही है। ऐसी स्थिति में जनजातीय संस्कृति को पिरो कर रखना हम सबका कर्तव्य है। जनजाति समाज के युवा वर्ग अपनी भाषा संस्कृति को पहचाने।

पूर्वजों से विरासत में मिली संस्कृति से ही हमार जीवन सुखद व समृद्धशाली बन सकती है। पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि वनवासी कल्याण केंद्र के इस कार्यक्रम के माध्यम से जनजातियों की भाषा व संस्कृति को संरक्षित करने में अहम योगदान दे रही है। जनजातियों की परंपरा उनके जीवन शैली को दर्शाता है।

कार्यक्रम के माध्यम से जनजाति लोक कला संस्कृति का संरक्षण, संवर्धन, डाक्युमेंटेशन करना एवं जनजाति समाज की परंपरागत लोक कला संस्कृति के साथ संपूर्ण समाज को जोड़ गया तथा आयोजन के माध्यम से जनजाति समाज के परंपरागत लोक गायन, लोक वादन , एवं लोक नृत्य के विविध शैलियों का प्रचार प्रसार एवं जनजाति समाज की इस सनातनी परंपरा से सभी को परिचित कराया गया।

विशेष जनजाति लोकगीत अंगनई, डमकच, मदार्नी झूमर, फगुआ, मंगल वादन, पाइका नृत्य , उरांव करमा, खादी सरहुल, मुंडारी लोकगीत, संथाली लोकगीत, महादेव नाच, जतरा, जदुरा, बंदई इत्यादि प्रचलित परंपरागत लोक गीत लोक नृत्य, संगोष्ठी तथा लोक कला संगम कार्यक्रमों का विशेष आकर्षण रहा।

कार्यक्रम में पदमश्री मुकुंद नायक, गुमला जिला के श्री राम उचित सिंह, श्री महावीर साहू के साथ-साथ जसपुर और झारखंड के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर खेदू नायक, केशव चंद्र साय,, भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, पुनीत कुमार लाल, गोपाल कुमार सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विकास समन्वय की बैठक विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, डीसी बोले

# हर प्रखंड में टीसीबी-फील्ड बंड के 500-500 साइट चिह्नित करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विकास समन्वय की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। सर्वप्रथम मनरेगा योजनाओं की समीक्षा हुई। जिसमें मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने को कहा। बिरसा हरित ग्राम योजना 2023-24 का प्रत्येक दिना अनुश्रवण का निर्देश सभी बीडीओ को दिया गया।



बैठक करते डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व उपस्थित अन्य।

बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना में छूटे हुए प्रखंडों को योजना पूर्ण करने के लिए एक सप्ताह का समय और जियो टैग करने को कहा। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत खेल मैदान में चेंजिंग रूप का निर्माण 10 दिनों के अदर कराने को बीडीओ को कहा। नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड में टीसीबी व फील्ड बंड के 500-500 साइट चिह्नित करने का निर्देश बीडीओ को दिया गया। जलछाजन योजना और मानव दिवस सृजन की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करने का निर्देश डीडीसी को दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में द्वितीय किस्त की राशि भुगतान का अंतर कम करने का निर्देश दिया गया।

**खास बातें :** अमृत सरोवर योजना की समीक्षा की गई और सभी को पूर्ण करने को कहा गया। बैठक में जिला योजना अंतर्गत योजनाओं, मत्स्य विभाग की योजनाओं, गव्य विकास योजनाओं की भी समीक्षा हुई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, डीडीसी समीरा एस, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, बीडीओ, जिला समन्व्यक प्रधानमंत्री आवास योजना, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य उपस्थित थे।

# जून तक निष्पादित करें चार वर्षों के लंबित कांड : एसपी

- चार वर्षों से लंबित कांडों का एसपी ने की समीक्षा
- जून माह तक निष्पादित करने का दिया निर्देश
- एनडीपीएस के लंबित कांडों को 15 दिन के अंदर सुलझायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ऐहतेशाम वकारिव के द्वारा सोमवार को चार वर्षों से लंबित कांडों के अलावे एनडीपीएस, एससी, एसटी व नक्सल संबंधित कांडों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सभी लंबित कांडों को जून माह तक निष्पादित करने एवं एनडीपीएस के लंबित कांडों को 15 दिन में निष्पादित करने का निर्देश दिया।



समीक्षा बैठक में लंबित कांडों की जानकारी लेकर निर्देश देते एसपी।

सभी अनुमंडल पदाधिकारी को नक्सल कांडों की समीक्षा करते हुए प्रतिवेदन समर्पित करने ताथ कांड अनुसंधान में लापरवाही बरतने वाले अनुसंधान कर्ता के विरूद्ध प्रतिकुल प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दो दिन के अंदर शुरू होगा गगेया जलछाजन का कार्य

>> बीडीओ ने बैठक कर कार्य प्रारंभ करने का दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में जेई,पंचायत सचिव और एई के साथ बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त द्वारा निर्देशित नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट के तहत चयनित प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अंतर्गत कोरांबे में तथा झलजमीरा पंचायत के गगेया में जलच्छाजन का कार्य को दो दिन के अंदर प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास कार्यो का समीक्षा करते हुए चर्चा किया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, एई मनु कुमारी, पंचायत सचिव आनन्द सिंह के अलावे अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## 20 के प्रदर्शन को सफल बनाने की आदिवासी महासभा ने बनायी रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** भारत माला एक्सप्रेस वे निर्माण के विरोध में अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा द्वारा आगामी 20 मई को आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम की सफलता को लेकर सदर प्रखंड गुमला के असनी गांव स्थित बंधन बगीचा में सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि झारखण्ड के उलगुलानी योद्धाओं ने जमीन बचाने की लड़ाई थी। हमें उसी परंपरा और रास्ते को याद कर आगे बढ़ने की जरूरत है। बिरसा मुंडा जैसे वीरों ने अपनी शहादत तो दे दी। लेकिन अंग्रेजी हुकुमत को आदिवासियों की जमीन की लूट के खिलाफ सीएनटी और एसपीटी एक्ट बनाना पड़ा। सभा की अध्यक्षता चापा भगत तथा मंच संचालन राजेश मिंज ने की। सभा में ट्रेड यूनियन के सुरेश यादव, पूर्व मुखिया महादेव उरांव, बिजला उरांव थे।

### अज्ञात शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



**कैरो।** नागजुवा में सोमवार को अज्ञात शव के मिलने से सनसनी फैल गयी। थाना एसआई हरिऔध करमाली ने बताया कि सोमवार को नागजुवा में अज्ञात पुरुष का शव मिला है उसके सीने में सरस्वती लिखा हुआ है साथ ही मृतक के पॉकेट में अंग्रेजी में रिचर्ड टोनेलिंसन नाम से डायरेक्टर फ्लोरेंस पब्लिक स्कूल को लिखा एक आवेदन मिला है। थाना एसआई ने लोगों से शव की पहचान करने में मदद करने की अपील भी की गयी है और अग्रेतर कार्यवाही में जुट गयी है।

### लोहरदगा ने पेशरार को 125 रन से हराया



**लोहरदगा।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित क्रिकेट सीरीज में सोमवार को पेशरार इलेवन वर्सेस लोहरदगा इलेवन के बीच हुआ। जिसमें पेशरार इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बैटिंग करने उतरी लोहरदगा की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 230 रन 7 विकेट के नुकसान पर बनाएं। लोहरदगा की टीम के तरफ से शमशाद ने शानदार 134 रन बनाए तथा प्रियदर्शी ने 25 रन बनाए । पेशरार इलेवन के तरफ से गेंदबाजी में शिवम ने चार, अभिमन्यु ने 2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी पेशरार इलेवन की टीम 16 ओवर में 10 विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। पेशरार इलेवन की टीम के तरफ से अभिमन्यु ने 30 तथा तौहीद ने 20 रन बनाए लोहरदगा इलेवन के तरफ से गेंदबाजी में अभय ने 3 विकेट लेमन ने 3 विकेट लिया इस मैच को बड़ी आसानी से लोहरदगा इलेवन की टीम ने 125 रन से जीत लिया। इस मैच में लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आलोक रॉय भी उपस्थित थे और दोनों टीमों को बधाई दिए और सभी खिलाड़ी इस तरह की प्लेटफार्म का फायदा उठाइए और लगातार अच्छा खेलिए तथा अपना और अपने माता-पिता का नाम रोशन कीजिए साथ ही साथ जिला प्रशासन को भी लगातार इस तरह का मैच को ऑर्गेनाइज करने के लिए आलोक रॉय ने बधाई दी। आज का मैच कुडू इलेवन वर्सेस पेशरार इलेवन के बीच होगा। इस मैच के बाद कोच अमित कुमार ने दोनों टीमों को बधाई दी।

## डीसी को ज्ञापन सौंप वाणिज्य कर पदाधिकारी पर भयादोहन का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- : वाणिज्य कर आयुक्त ने कहा कि कर चोरी के खिलाफ किये गये कार्रवाई के कारण षडयंत्र रच रहे हैं लोग

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राम निवास प्रसाद व फिरोज आलम ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर सहायक वाणिज्य कर आयुक्त मिथलेश कुमार पर व्यापारियों से अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

नेता द्वय ने कहा है कि वाणिज्य कर आयुक्त व्यापारियों के साथ लगातार अभद्र व्यवहार कर और धमका कर उनका भयादोहन किया जा रहा है। जिसे व्यापारियों में काफी आक्रोश व भय व्याप्त है। जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी के द्वारा 18 मई को वाणिज्य कर कार्यालय का घेराव किया जाएगा एवं उचित कार्रवाई नहीं होने पर चरण बद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। इधर वाणिज्य कर आयुक्त से मामले पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिसको लेकर उनके खिलाफ षडयंत्र रचा जा रहा है।

### रोटरी क्लब में सुगर जांच शिविर 21 को

**गुमला।** रोटरी क्लब ऑफ गुमला सिटी के द्वारा 21 मई को रोटरी भवन पालकोट रोड गुमला में मधुमेह (सुगर) जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध सुगर रोग विशेषज्ञ डॉ विनय कुमार ढानढनिया रोगियों का निःशुल्क जांच करेंगे एवम उपलब्ध दवा का वितरण किया जायेगा। साथ ही मधुमेह रोग से बचाव एवम उससे होने वाली अन्य बीमारी की जानकारी भी लोगों को शिविर में दी जायेगी। यह जानकारी रोटरी क्लब के अध्यक्ष अनमोल कुमार गुप्ता ने दी है।

## मापक अमीन प्रशिक्षण का नामांकन 25 तक, 28 से शुरू होगा प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** भू-मापकअमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम भंडरा पंचायत भवन परिसर में 28 मई से आरंभ किया जा रहा है। नव भारत निर्माण संस्थान चास बोकारो द्वारा युवाओं को रोजगार युक्त शिक्षा देने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 मई से चलाया जायेगा। यह प्रशिक्षण दो माह तक प्रत्येक रविवार भंडरा पंचायत भवन में होगा। इस संबंध में प्रशिक्षण प्रभारी ने बताया कि इसके लिए आवेदन फॉर्म पंचायत के प्रतिनिधियों के पास भी उपलब्ध कराया गया है। प्रशिक्षक ने बताया की प्रखंड स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देकर आत्म निर्भर बनाने के उदेश्य से भूमापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रखंड के सभी बेरोजगार अपना नामांकन प्रखंड कार्यालय या अपने मुखिया से 12 मई से 25 मई तक करा ले । प्रशिक्षण के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास है। जबकि प्रशिक्षण का शुल्क 350 रुपये रखा गया है वही अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व विकलांग व महिलाओं के लिए शुल्क 300 रुपये रखा गया है।

# सुखद बदलाव : सड़क पर बैठने वाले सब्जी विक्रेता वेंडिंग मार्केट में शिफ्ट

- 100 से अधिक सब्जी दुकानदारों को मिला अपना स्थायी ठिकाना
- सभी सब्जी विक्रेताओं के सुख-दुख में साथ है नगर परिषद : प्रशासक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को जशपुर रोड एवं पालकोट रोड के सभी फुटपाथी सब्जी विक्रेताओं को क्रमशः दुगार्बाड़ी वेंडिंग मार्केट तथा नगर परिषद वेंडिंग मार्केट में शिफ्ट किया गया। दोनों स्थानों पर कुल 104 लोगों को स्थान मिला। इनमें से 89 लोगों को स्टॉल मिले, जबकि शेष 15 लोग जो कि लॉटरी के बाद प्रतीक्षा सूची में रह गये थे।



सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करने नप पदाधिकारी।

उन्हें वेंडिंग जोन में ही टेंट लगाकर सम्मान पूर्वक बैठाया गया। जल्द ही इनके लिए स्टॉल उपलब्ध कराए जाएंगे। नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने बताया कि सड़क पर बैठने से इन दुकानदारों को धूल मिट्टी और प्रदूषण का सामना तो करना ही पड़ता था बल्कि खुले आसमान के नीचे सड़क किनारे बैठने से इनके साथ कभी भी कोई अनहोनी हो सकती थी। उनकी सुरक्षा नगर परिषद का दायित्व है। हालांकि शुरू में सभी सब्जी दुकानदार सशंकित थे किंतु उनके साथ बैठक कर कई दौर की वार्ता के उपरांत उनकी सभी शंकाओं का समाधान किया गया।

**विस्थापित मुर्गा विक्रेता बाजार टांड़ में बैठेंगे :** संजय कुमार ने बताया कि बस स्टैंड परिसर तथा टंगरा मार्केट से विस्थापित किए गए सभी मुर्गा व्यवसायियों के हितों का भी ध्यान रखा जा रहा है। किसी की भी जीविका को प्रभावित नहीं होने दिया जायेगा। बताया कि इन सभी को बाजार टांड़ स्थित रिक्त दुकानों में से दुकानें उपलब्ध करायी जायेगी। इस संदर्भ में उन्होंने पणन सचिव अभय कुमार को भी निर्देश दिया है कि उपलब्ध खाली दुकानों को निर्धारित शुल्क लेकर प्राथमिकता से इन विस्थापित मुर्गा व्यवसायियों में से इच्छुक लोगों को स्थान दिलायें।

# सेमीफाइनल में पहुंची बीएस कॉलेज और किस्को की टीम

- जिला स्थापना दिवस को लेकर फुटबॉल प्रतियोगिता का हो रहा है आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला स्थापना दिवस को लेकर जिले में विभिन्न खेल स्पर्धाओ का आयोजन किया जा रहा है। जिला उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर स्थापना दिवस से पहले जिला में चार दिनों का खेल का माहौल लाने की कोशिश की जा रही है। उपायुक्त सभी खेलों को प्रमोट कर रहे हैं ताकि लोहरदगा जिला में खेल भावना बढ़े और अच्छे-अच्छे खिलाड़ी हर खेल से निकले और अपने जिला तथा राज्य के नाम रोशन करें।



विजेता खिलाड़ी।

**खास बातें :** स्थापना दिवस पर कई सारे खेल हो रहे हैं। जिसमें कुश्ती, एथलीट, बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट सभी खेल जिला प्रशासन करायेगा। इस क्रम में स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर नदिया हाई स्कूल मे चल रहे युवा सद्भावना फुटबॉल टूनार्मेंट के दूसरे दिन भी 2 मुकाबला खेला गया। प्रथम मैच कुडु, बनाम बीएस कॉलेज, लोहरदगा के बीच खेला गया। जिसमें की बीएस कॉलेज की टीम ने 1-0 से विजयी रही। इस मुकाबले का मैन ऑफ द मैच राम उरांव रहे। वहीं एक और मुकाबला सेन्हा बनाम किस्को के बीच खेला गया। जिसमें किस्को की टीम 2-0 से विजयी रही। मैन ऑफ द मैच किस्को के रामेश्वर को दिया गया। 16 मई को सुबह 7 बजे से सेमीफाइनल खेला जायेगा।

# 473वां स्थान लाकर जिला का नाम किया रौशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत निवासी डॉ. विश्वजीत आनंद पिता संतोष कुमार ने ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में 473वां स्थान लाकर पूरे जिला का नाम रौशन किया है। उन्होंने नीट पीजी में भी 1800वां स्थान लाया था। विश्वजीत आनंद शुरु से ही मेधावी छात्र रहा है। उन्होंने बताया कि वह रेडियोलॉजिस्ट बनना चाहता है। उन्होने इस सफलता का श्रेय अपने दादा डॉ. भगवान प्रसाद, दादी देवंती देवी व माता बिंदू देवी को दिया। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा संत क्लेयर्स से हुई, 12वीं की पढ़ाई इंटर कॉलेज नवादा बिहार व एमबीबीएस की पढ़ाई बैंगलोर मेडिकल कॉलेज से किया। उनकी इस सफलता पर जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डॉ.पी.मिश्रा, बेदू साव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी



गुप्ता, गोपाल यादव, डोमचांच प्रमुख, राजकुमार मेहता, पप्पु मेहता, डॉ.रणजीत विश्वास, डॉ.संदीप घोष, शांति प्रिया, भीम साव, विजय साव, अर्जून साव, सुखदेव प्रसाद सिंह, मुरली राम, सुरेश कुमार, डॉ.विनोद कुमार, किशोर साव, प्रदीप साव, नकुल साव, मिथिलेश यादव, सुजीत मेहता, बसंत मेहता, मनोज रजक, शैलेन्द्र सिंह, दिलीप साव, वीरेन्द्र साव आदि ने बधाई दी है।

## ग्रिजली विद्यालय में 11वीं के नामांकन के लिए स्कालरशिप की घोषणा

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में सत्र 2023-24 के लिए वर्ग 11वीं के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने बताया की वर्ग ग्यारहवीं में नामांकन के लिए पहले छात्रों के प्री बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर नामांकन की सुविधा दी जा रही थी और अब छात्र सीधे विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में प्राप्त अंको के आधार पर नामांकन ले सकते हैं। मेधावी



छात्रों के लिए ग्रिजली विद्यालय की ओर से स्कॉलरशिप का भी प्रावधान दिया जाता है और उसकी घोषणा विद्यालय प्रबंधन द्वारा कर दी गयी है। वहीं उन्होंने बताया कि छात्रों के लिए बरही, बांझेडीह, डोमचांच, झुमरी तिलैया एवं कोडरमा से बस सुविधा भी उपलब्ध है। छात्रों (बालक एवं बालिकाओं) के लिए अलग-अलग छात्रावास के साथ ही साथ आइआइटी, मेडिकल, एनडीए, नेशनल ओलंपियाड जैसे प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही विद्यालय के स्टूडेंट सर्विस सेल द्वारा छात्रों को कैरियर संबंधित मार्गदर्शन भी दिया जाता है। इच्छुक छात्र-छात्रा विद्यालय के वेबसाइट, विद्यालय कार्यालय और उजाला कम्प्लेक्स, झुमरी तिलैया स्थित मुख्य कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में रजिस्ट्रेशन फॉर्म डाउनलोड कर नामांकन की प्रक्रिया को पूरा कर या मोबाइल नंबर 6200569264, 9153875724, 7070098751 पर संपर्क कर सकते हैं। कक्षाएं विगत 11 अप्रैल से शुरू कर दी गयी है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल की पूर्व छात्रा को निदेशक ने किया सम्मानित



**कोडरमा।** 12वीं की परीक्षा में शानदार उपलब्धि हासिल करने वाली सेक्रेड हार्ट स्कूल की पूर्व छात्रा अंशिता सिंह को विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने सम्मानित किया। बता दें कि अंशिता सिंह सेक्रेड हार्ट स्कूल से दसवीं की परीक्षा पास की थी। वह रांची में रहकर जवाहर विद्या मंदिर श्यामली डीएवी में पढ़ाई कर रही थी, जहां आर्ट्स विषय में उसने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। उसने विद्यालय के साथ-साथ अपने पिता मनोज कुमार माता नीरू कुमारी का भी मान बढ़ाया है। इस बारे में सेक्रेड हार्ट स्कूल के निदेशक प्रमोद कुमार ने कहा कि अंशिता शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। अंशिता की इस सफलता पर एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार, प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, संजय तिवारी, फैयाज कैसर, शंकर कुमार, सतीश कुमार, विक्की कुमार, अभिलाषा सिंह, पायल सिंह समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई दी एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चतरा का युवक ने बनाया इलेक्ट्रिक बाइक, जिप उपाध्यक्ष ने की तारीफ

### बाइक तय कर सकती है 70 किमी की दूरी

बिट्टू कुमार

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** कहते है अगर हौसले बुलंद हो तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है। बस जरूरत है तो मन में कुछ ठान लेने की। छूती पेट्रोल की कीमत की चुनौती को देखते हुए जिले के एक युवक ने घर बैठे एक इलेक्ट्रिक बाइक का निर्माण किया है। कान्हाचट्टी प्रखंड के बड़वार गांव निवासी लालधारी प्रजापति के 22 वर्षीय पुत्र नीलेश कुमार ने ये करनामा किया है। नीलेश घर बैठे ही महज 50 हजार रुपये की लागत से इलेक्ट्रिक बाइक का निर्माण किया है, जो 70 किमी का रेंज देती है। मंगलवार को जिप उपाध्यक्ष



इलेक्ट्रिक बाइक की सवारी करते जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी

बिरजू तिवारी के द्वारा इस इलेक्ट्रॉनिक बाइक का उद्घाटन किया गया। इस दौरान उन्होंने इलेक्ट्रिक बाइक की सवारी की। उन्होंने कहा कि देश की युवा है जो हमारे देश की विरासत को आगे बढ़ाने वाले और विकास की उपलब्धियों की नई ऊंचाई को हासिल करने में मदद करेंगे। उन्होंने इस अविष्कार के लिए निलेश की सराहना की है। नीलेश ने बताया कि इलेक्ट्रिक बाइक को चार्ज करने में 2 घंटे का समय लगता है। बाइक पर दो आदमी आसानी से सफर तय कर सकते हैं। बाइक को दिन रात कभी भी चलाया जा सकता है। इस मौके पर मुखिया सुप्रिया देवी, पंचायत समिति सदस्य ममता देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, प्रवीण सिंह,मटुक सिंह, प्रयाग सिंह, अवधेश सिंह, विनोद सिंह, दिलीप उरांव, लक्ष्मी सिंह, प्रकाश सिंह समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 16 वर्ष पुराने मामले का हुआ समझौता



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय कोडरमा में आयोजित इस बार के राष्ट्रीय लोक अदालत की सबसे खास उपलब्धि यह रही कि बेंच संख्या 8 द्वारा 16 वर्ष पुराना मामला को समझौता के आधार पर समाप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2007 में कोडरमा निवासी विनोद प्रसाद ने अपने पुत्र विवेक कुमार के लिए इलाहाबाद बैंक झुमरी तिलैया से शिक्षा ऋण लिया था तथा बैंक एवं ऋणी के बीच यह विवाद लम्बे समय से चला आ रहा था इस बार के राष्ट्रीय लोक अदालत में कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी के कुशल मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद के नेतृत्व में गठित बेंच द्वारा बैंक एवं ऋणी के बीच का विवाद सुलह समझौता के आधार पर समाप्त हो गया और ऋणी ने बैंक को ऋण की राशि जमा करने की सहमति प्रदान कर दी।

## बोलेरो की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार गंभीर

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरू पहाड़ी के समीप सोमवार दोपहर करीब 12 बजे सड़क दुर्घटना में हजारीबाग जिला ग्राम चौबे निवासी 35 वर्षीय पिंटू चौधरी पिता बैजनाथ चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका प्राथमिक उपचार सदर अस्पताल में किए जाने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल से डोमचांच से कोडरमा की ओर जा रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो ने अपने चपेट में ले लिए एवं मौके से फरार हो गया। घटना के बाद डोमचांच बिगहा फुलवरिया निवासी सकलदेव पासवान जो अपने अल्टो कार से अपने माता पिता के साथ कोडरमा की ओर आ रहे थे। उन्होंने मानवता की मिसाल पेश करते हुए घायल पिंटू चौधरी को अपने अल्टो कार से सदर अस्पताल पहुंचाया।

## टापर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सोमवार को विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में स्कूल में टापर रहे विद्यार्थियों को पुस्तक तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया।

स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रकाश राम, निदेशक अशोक कुमार, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी तथा विद्यालय के प्राचार्य हरगोविंद तिवारी ने दसवीं की परीक्षा में टापर रहे रिया, प्रियांशु, ज्योति, अमित एवं ऋषिका को सम्मान स्वरूप प्रसिद्ध लेखक का पुस्तक तथा पौधा भेंट किया। इस मौके पर टापर विद्यार्थियों को मिठाई भी खिलाई गई। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक प्रकाश राम ने कहा कि स्कूल के टापर विद्यार्थियों ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में अच्छे अंक लाकर स्कूल



का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से इस पिछड़े इलाके में उन्होंने विद्यालय की स्थापना की है उसका उद्देश्य अब पूरा होता दिखलाई पड़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को आश्वासन दिया कि निकट समय में ही अच्छे शिक्षकों की बहाली के साथ स्कूल में शिक्षण से संबंधित सभी आवश्यकताएं पूरी की जाएगी।

स्कूल के निर्देशक अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे की पढ़ाई करें। पढ़ाई में लक्ष्य के साथ आत्मविश्वास, निरंतरता, परिश्रम, केंद्र बिंदु आदि को भी समाहित करें। तभी मंजिल मिल पाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु द्रोणाचार्य के द्वारा पांडव एवं कौरव पुत्रों से ली गई परीक्षा की भी कथा सुनाई। निदेशक ने विद्यालय की पढ़ाई शिक्षक व संसाधन पर भी विस्तृत चर्चा की।

विद्यार्थियों को उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में बड़े शहरों की तरह साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में भी शिक्षण से संबंधित सभी सामग्रियां मौजूद रहेगी। मालूम हो कि सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में इटखोरी के साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के शत प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं।

## तीन फरार वारंटियों को भेजा गया जेल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस ने छापेमारी कर तीन फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए वारंटियों में सिमरिया निवासी कारू साव, भीम साव व मरकच्चो उत्तरी निवासी मिन्हाज अंसारी के नाम शामिल हैं। वहीं थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया की सिमरिया निवासी कारू साव व भीम साव पर मरकच्चो थाना में काण्ड संख्या 16/23 दर्ज था। इन लोगों पर वन विभाग के छापेमारी दल पर पथराव करने का आरोप था। जिसको लेकर वन विभाग के द्वारा डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी।

## स्वच्छता पखवाड़ा पर कार्यशाला, सबकी भागीदारी आवश्यक : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग गढ़वा के तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय के सभागार में किया गया। 29 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 तक मनाये गए इस पखवाड़ा के समपम समारोह में मुख्य रूप से उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय एवं निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन उपस्थित थे। समापन समारोह में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों,पंचायतों और ग्रामों में किए गयें विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगों के बीच प्रदर्शित किया गया। मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा प्रदीप कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि स्वच्छता पखवाड़ा के मुख्य उद्देश्यों के तहत स्वच्छता एवं जल संग्रहण के क्षेत्रों में जागरूकता फैलाई गई। नुक्कड़-नाटक, कार्यशाला, चौपाल, जागरूकता रथ आदि के माध्यम से कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए लोगों को स्वच्छ्ता एवं जल संरक्षण के उपाय व लाभ बताएं गयें। ग्रामीण स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, जल का



सम्मानित करते डीसी

उचित उपयोग, जल गुणवत्ता का परीक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोकपिट, गोबर गैस प्लांट इत्यादि थीम से संबंधित विभिन्न कार्य किए गए। इस दौरान उक्त क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान व सहभागिता के लिए मेराल-विकताम के सुरेश राम एवम नगर उंटारी-गरबाँध की मुखिया सिबिस्टियानी केरकेट्टा को उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त द्वारा शॉल तथा पुष्प का पौधा देकर सम्मानित किया गया। वहीं मेराल-विकताम की जलसहिया चंचला देवी तथा रमना-हरादाग की जलसहिया शिला देवी को भी निदेशक डीआरडीए एवं कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा द्वारा शॉल एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त श्री जमुआर ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत किये गए कार्यों के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा का समापन जरूर हो रहा है, परन्तु ऐसे कार्य निरंतर चलाये जाने की आवश्यकता है। यह सिर्फ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ही नहीं, बल्कि सभी लोगों का एवं अन्य विभागों की भी सहभागिता आवश्यक है।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन को लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया।

## मातृ दिवस पर भाषण तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट +2 स्कूल के नए सभागार में सोमवार को मातृ दिवस सह समर कैम्प क्विज प्रतियोगिता के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने दीप प्रज्वलित और विद्या की देवी सरस्वती की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर भाषण तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि मातृ



उपस्थित बच्चे

दिवस मां और बच्चे के लिए वर्ष का एक बहुत एक बहुत ही खास दिन है। भारत में ये पिछले कई वर्षो से मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। हमारे प्रतिदिन के जीवन में मां के योगदान को विशिष्ट रूप से दर्शाने के लिए विभिन्न देशों में अलग-अलग दिनों में मातृ दिवस को मनाया जाता है। एक बच्चे को जन्म देने से लेकर उसे एक अच्छा इंसान बनाने तक सभी पड़ावों में मां अपने बच्चों के जीवन में बहुत अहम भूमिका निभाती है। ये केवल मां ही है जो अपने बच्चे के चरित्र और पूरे जीवन को आकार देती है। शिक्षिका सुषमा तिवारी ने मां की महिमा को अत्यंत भावुकता के साथ जीवंत की। जबकि शिक्षिका नीरा शर्मा ने अपने मार्मिक गायन के माध्यम से प्रशाल में उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दी। मौके पर उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, शिक्षक खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, संजीव कुमार, दीपक कुमार, नरेन्द्र सिन्हा, निलम कुमारी, रिजवाना शाहिन, शिवानी कुमारी, निधि कुमार, संतोष प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### घटिया भवन और चारदीवारी का बंद कराया काम

**कान्हाचट्टी।** प्रखंड अंतर्गत बीके हाई स्कूल के समीप निर्माणधीन भवन और चारदीवारी में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने पर राजपुर पंचायत के मुखिया विकास कुमार ने रोक लगा दी है। मुखिया ने प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जाता, किसी भी हाल में कार्य शुरू नहीं होने देंगे। मुखिया विकास कुमार ने बताया कि भवन और चारदीवारी निर्माण में टुकड़ा ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। मुखिया ने कारीगरों से कहा कि कार्य में गुणवत्ता सुधार नहीं किए जाने पर और उच्चस्तरीय जांच नहीं तब तक कार्य को रोक दिया गया है।

### डीसी ने की जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक

**चतरा।** शिक्षा के क्षेत्र में चतरा को सशक्त बनाने को लेकर डीसी अबू इमरान की नेतृत्व में कवायद शुरू है। होनहार विद्यार्थियों के लिए मुफ्त कोचिंग क्लास की व्यवस्था जिले में संचालित है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर चतरा की युवा पीढ़ी न केवल चतरा का नाम रौशन करेंगे ।बल्कि बेहतर भविष्य की ओर परिवार और समाज को अग्रसर करने में अहम भूमिका निभायेंगे। इस सिलसिले में आज उपायुक्त अबू इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जिला शिक्षा स्थापना समिति कि बैठक हुई। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र भी थे।

### उपायुक्त ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने सोमवार को निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिमा कुमारी समेत अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

### प्रमुख ने किया उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**कान्हाचट्टी।** प्रमुख इंदु कुमारी ने सोमवार को प्रखंड के उपस्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण की। निरीक्षण करने के पश्चात प्रमुख इंदु कुमारी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति काफी बदतर पाई गई है। उन्होंने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान वैसे केंद्रों पर जहां अनियमितता पायी जायेगी। उसके विरुद्ध जिला के वरीय पदाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जायेगी। वही बंद पड़े केंद्रों के सेविका-सहायिका के विरुद्ध कार्रवाई के लिए अनुशंसा की जायेगी। जांच में मिला कि सेविका-सहायिका मेनु के हिसाब से बच्चों को भोजन नहीं देती है। वैसे केंद्र को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी।

### जेपीएस सेंट्रल में वार्षिकोत्सव सह सम्मान समारोह

**गढ़वा।** शहर के जेपीएस सेंट्रल स्कूल में वार्षिकोत्सव सह मातृ दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान प्रथम लाने वाले बच्चों को प्रशस्ति-पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय टॉपर प्रथम वर्ग की छात्रा जसिका श्री को ट्राफी एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। लॉट्री के माध्यम से विद्यालय के सहयोगियों तथा माताओं को तोहफा दिया गया। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक धर्मराज भारती, रंजण पाण्डेय, अरूण पाण्डेय आदि लोग उपस्थित थे।

### लू लगने से सहायक अध्यापक की मौत

**भवनाथपुर।** मध्य विद्यालय हरिहरपुर के सहायक अध्यापक अशेश्वर सिंह (57 वर्ष) की लू लगने से मौत हो गई। जिसकी खबर मिलते ही शिक्षा जगत के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी शोक का लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि मध्य विद्यालय हरिहरपुर के सहायक अध्यापक अशेश्वर सिंह पिता स्व. शिवजी सिंह की मौत सोमवार की दोपहर में हो गई। प्राप्त सूचना के अनुसार शिक्षक अशेश्वर सिंह प्रतिदिन विद्यालयीन कार्य कर के टाउनशिप स्थिति अपने क्वार्टर में जाया करते थे। शुक्रवार को विद्यालय में अध्यापन करा कर क्वार्टर जाने के दौरान उन्हें लू लग गई जिस वजह से उनकी स्वास्थ्य बिगड़ने लगी पर शनिवार की सुबह वे पुन: मध्य विद्यालय हरिहरपुर आये पर विद्यालय में ही उनकी और स्वास्थ्य में गिरावट आई और वे विद्यालय से अपने क्वार्टर चले गए।

### महर्षि वेदव्यास परिषद ने मनायी केवट जयंती

**गढ़वा।** महर्षि वेदव्यास परिषद झारखंड के तत्वावधान में चौधरी जेनरल हॉस्पिटल गढ़वा परिसर में केवट जयंती समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने केवट की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि केवट जी ने सागर तो प्रभू राम ने भवसागर पार कराया था। इससे साफ संदेश है कि समाज में सभी लोगों की जरूरत है। निषादराज निषादों के राजा का उपनाम है। वह श्रृंगवेरपुर के राजा थे। उनका नाम गुहराज निषाद था। सम्मान पूर्वक उन्हें निषादराज कहते हैं। वे निषाद समाज के ही थे और उन्होंने ही वनवास काल में राम, सीता तथा लक्ष्मण को केवट से कहकर गंगा पार करवाया था।

### रेल स्टाप पर गाली गलौज, मारपीट का आरोप

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाबाद निवासी अजय पासवान पिता बालेश्वर पासवान ने परसाबाद रेलवे स्टाप पर गाली गलौज, मारपीट व छिनतय करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को रेलवे स्टेशन प्रबंधक व आरपीएफ को आवेदन दिया है। आवेदन में अजय पासवान ने कहा कि रविवार की रात्रि तत्काल टिकट का नंबर लगाने स्टेशन गया था, इसी बीच रेलवे स्टाप नशे में चूर राहुल कुमार सिंह ने मेरे साथ गाली गलौज, मारपीट व छिनतय कर टिकट का पैसा निकाल लिया। इस मामले को लेकर जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

### तकनीकी पदाधिकारी ने की किसान मित्र संग बैठक

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखण्ड तकनीकी पदाधिकारी ने सभी किसान मित्रों के साथ बैठक किए। बैठक में झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना का रिपोर्ट सभी किसान मित्रों से लिया गया। बीटीएम रंजीत कुमार सिंह ने किसान मित्रों को आदेश दिए की प्रखण्ड के जितने भी किसान ऋण लिए है उनको प्रज्ञा केंद्र में जाकर केवाईसी कराना जरूरी है। तभी जाकर ऋण माफ होगी। तथा सभी किसान मित्रों को निर्देश दिए कि अपने अपने गांव से मिट्टी का नमुना संग्रह कर दो दिनों के अंदर प्रखण्ड कार्यालय में जमा करें।

### जेजे कॉलेज में 350 छात्र-छात्राओं को फेल करने पर जमकर हुआ हंगामा



**कोडरमा।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय से कोडरमा जिले का एक मात्र अंगीभूत जेजे कॉलेज की लापरवाही से सैंकड़ो छात्र का भविष्य अंधकार में चला गया है। विरोध में सोमवार को जमकर हंगामा किया और कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि सैंकड़ो छात्र कॉलेज की लापरवाही की वजह से सेमेस्टर 1 में फेल हो गए। छात्र मायूस है और अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। दरअसल, सेमेस्टर 1 का रिजल्ट 5 मई को हुआ था, लेकिन जेजे कॉलेज के करीब 350 छात्र छात्राएं फेल हो गए। ज्यादातर छात्रों को वाइवा एग्जाम में अनुपस्थित कर दिया गया है। जबकि छात्रों का कहना है कि वाइवा एग्जाम में हमलोग शामिल थे। वहीं छात्रों ने जेजे कॉलेज प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। इधर छात्रों ने रिजल्ट पेंडिंग होने और फेल होने पर जेजे कॉलेज में विरोध दर्ज कराया। हांलाकि प्रिंसिपल ने बताया कि जिन छात्रों ने परीक्षा दी है, उनका अगर रिजल्ट नहीं आया है या फेल हो गए है, उनके लिए विश्वविद्यालय के माध्यम से सुधार कराया जायेगा।

# गरीबो के इलाज में अति लाभकारी सिद्ध होगा लाईफ लाईन एक्सप्रेस: बैद्यनाथ राम

## विधायक वैद्यनाथ राम व डीसी भोर सिंह यादव ने लाईफ लाईन एक्सप्रेस चिकित्सा शिविर का किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** टोरी जंक्शन में 15 मई से 4 जून तक हाईटेक चिकित्सा सुविधा से लैस लाईफ लाईन एक्सप्रेस के माध्यम से चलने वाले चिकित्सा शिविर का शुभारंभ सोमवार को हो गया। लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, उपायुक्त भोर सिंह यादव, इंपैक्ट इंडिया फाउंडेंशन की ट्रस्टी प्रो. डॉ. रोहणी वी चौगले व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके उपरांत लाईफ लाईन एक्सप्रेस में मौजूद अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया व डॉक्टरों की टीम से भी मुलाकात की। इसके उपरांत चलने वाले कार्यक्रम को लेकर चंदवा सीएचसी में मरीजों का रजिस्ट्रेशन व जांच को लेकर चंदवा सीएचसी में लगाये गये कैंप का निरीक्षण किया व मरिजों को जांच कर रहे डॉक्टरों एवं मेडिकल टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में इलाज कराने पहुंचे लोगो से मुलाकात कर सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की।

### लाईफ लाईन एक्सप्रेस अति लाभकारी सिद्ध होगा



उद्घाटन के मौके पर लोगो को संबोधित करते हुये विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि गरीबो के इलाज में लाईफ लाईन एक्सप्रेस अति लाभकारी सिद्ध होगी। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तर्ज पर हॉस्पिटल आपके द्वार पहुंचा है। आपसभी शिविर का लाभ उठायें व अपने मर्ज को दिखाकर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठायें। आगे कहा कि इम्पैक्ट इंडिया संस्था का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है, संस्था के द्वारा लाईफ लाईन एक्सप्रेस के माध्यम से यह 231 वां स्वास्थ्य कैंप लगाया जा रहा है। जो एक बड़ी उपलब्धि है। विधायक ने संस्था से प्रत्येक वर्ष जिले में इसी प्रकार का मेडिकल कैंप लगाने का भी आग्रह किया।

### उपायुक्त की अस्वस्थ्य लोगो से कैंप का लाभ उठाने की अपील

**उपायुक्त** भोर सिंह यादव ने बताया कि चार पांच गंभीर बिमारी को संस्था द्वारा निःशुल्क जांच एवं उपचार की व्यवस्था की है। जो ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले गरीब परिवार लाभकारी होंगे। उन्होंने मीडिया से अनुरोध किया कि ज्यादा प्रचार प्रसार करें। ताकि बिमारी से पीड़ित लोग कैम्प का लाभ उठाकर स्वस्थ हों।

मरीजो के चल रहे उपचार का जायजा लेते विधायक व डीसी।



### 20 दिनों तक जिलेवासियों को उपचार करेगी डॉ. रोहिणी

**वहीं** इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन ट्रस्टी डॉ रोहिणी चौगले ने कहा कि जिला प्रशासन की पहल पर उक्त कैंप का आयोजन किया गया है। जो अगले 20 दिनों तक रहकर जिलेवासियों को स्वास्थ्य उपचार करेगी। कहा कि आयोजित कैंप में सर्जरी को लेकर सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम है। जो संबंधित बिमारी का उपचार भी करेंगे। यह प्रोजेक्ट ट्रेन हॉस्पीटल के नाम से प्राख्यात है। जो आंख, कान, दांत के उपचार और सर्जरी के अलावा चौदह वर्ष के निचे के बच्चों को मुड़े पैर कटे फटे होंठ के अलावे औरतों के लिए ग्रीवा कैंसर का उपचार एवं परीक्षण किया जायेगा। बताते चलें कि उक्त कैम्प टोरी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो में संचालित होगी। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में भी संचालित होगी। जहां रोगी आधार कार्ड के साथ रजिस्ट्रेशन करा उपचार करा सकेंगे। उपचार व ऑपरेशन के बाद मरिजो के रखने का भी प्रबंध प्रखंड कार्यालय में किया गया है। उद्घाटन के मौके पर पुनम देवी, प्रतिमा देवी, सरोज देवी, विनोद उरांव, अश्विनी कुमार मिश्रा, आलोक शिकारी कच्छप, एसडीओ शेखर कुमार, एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, डीटीओ संतोष कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष भगत, आईटीडीए निदेशक बिंदेश्वरी ततमा, सीओ सह बीडीओ विजय कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, सीएससी प्रभारी नंद कुमार पांडेय, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार, रंजीत कुमार, रोहित यादव, सुरेश गंझु, असगर खान, राजकुमार साहू, राजेन्द्र यादव, लाइफ लाईन एक्सप्रेस मेडिकल टीम के हमजा कुरैशी, उमा महेश्वरी, संदीप सिंह, रवि पांडेय, फैसद खान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



लाईफ लाईन एक्सप्रेस चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते अतिथि।

## स्पीड न्यूज

### खराब चापानल बनवाने के लिए बीडीओ को सौंपा आवेदन

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत बेसरा ग्राम स्थित उरांव टोला के ग्रामीणों ने सोमवार को बीडीओ सह सीओ प्रतिमान कुमारी को खराब चापानल को दुरुस्त कराने को लेकर 20 लोगों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपा गया। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा है कि बेसरा ग्राम के उरांव टोला मे विभाग द्वारा लगाया गया सभी चापानल खराब पड़ा है। जिस कारण तेज गर्मी के मौसम में 35 से चालीस घर के लोगों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसे देखते हुए जल्द से जल्द खराब चापानल को दुरुस्त कराने की मांग किया है। ताकि हम सभी ग्रामीणों को पेयजल की समस्या दुर हो सके। आवेदन में कारु उरांव, राजदेव उरांव, मनी देवी, अजय उरांव, निरंजन उरांव, धर्मेन्द्र उरांव, तरूण उरांव, सुकूल उरांव, सर्बजित उरांव, लालदेव उरांव, सहित कई लोगों का हस्ताक्षर है।

### ट्रैक्टर से हुए हादसे में एक की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के ओकिया ग्राम के समीप सोमवार को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बिजली पोल में टक्कर मार दिया। जिससे बिजली पोल टूटकर ट्रैक्टर में जा गिरा। जिसके नीचे दबने से ट्रेक्टर ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजकिशोर यादव 41 वर्ष पिता बैजनाथ यादव ग्राम मनसिंघा, मुरपा थाना बालूमाथ निवासी ट्रैक्टर लेकर अन्यत्र जा रहा था। इसी दौरान ओकिया ग्राम के पास अनियंत्रित होकर बिजली पोल में टक्कर मार दी। जिससे बिजली का पोल टूटकर ट्रैक्टर में जा गिरा और जिसके नीचे दबने से राजकिशोर यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ थाना एसआई नीतीश कुमार सदल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### हड़ताल से जरूरी कार्य समेत विकास कार्य प्रभावित, लोग परेशान

**बालूमाथ।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर एकीकृत बालूमाथ बारियातू व हेरहंज प्रखंड के 11 जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगो को लेकर नौ मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। सोमवार को अनिश्चितकालीन हडताल का सातवां दिन है। जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढती जा रही है। बालूमाथ प्रखंड से जनसेवक मनीष कुमार,सुमित कुमार सिन्हा, आशीष रंजन, पवन कुमार सिंह, रीना कुमारी, अरविंद प्रसाद, बारियातू से चंदन कुमार,प्रकाश कुमार, अरविंद पांडेय, हेरहंज से समीर सुमन भेंगरा व सूर्य प्रकाश शामिल हैं। एकीकृत बालूमाथ बारियातू व हेरहंज प्रखंड मे कुल 27 पंचायत है। जिसमें ग्यारह जनसेवक जो पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत है। इनके अनिश्चित कालीन हडताल पर जाने से संबंधित पंचायत मे पीएम आवास, मनरेगा कार्य, 15 वें वित्त, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सहित कई महत्वकांक्षी योजनाओं का कार्य प्रभावित हो रहा है। जनसेवक प्रकाश कुमार ने बताया कि हम सभी जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000कर दिया। जनसेवक संवर्ग का नाम बदल कर कृषि प्रसार पर्यवेक्षक या प्रखंड उप कृषि पदाधिकारी करने सहित अन्य की मांग किया जा रहा है।

### माओवादियो बंदी का मिलाजुला असर



सन्नटा पसरा सड़क।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में माओवादियों के द्वारा 14 और 15 मई को बुलाए गए झारखंड बंद का मिलाजुला असर देखने को मिला। 14 मई दिन रविवार को लोगों ने अपना प्रतिष्ठान बंद रखा, वही लंबी और छोटी दूरी की लगभग सभी गाड़ियां चलती रही। जिसके बाद दूसरे दिन सोमवार 15 मई को प्रखंड की लगभग सभी दुकाने खुली देखने को मिली। वही यात्री बसें समेत सभी तरह के वाहने अपने गंतव्य के लिए आते जाते दिखाई दिए। हालांकि इस बंद की सूचना के कारण बाजारों में रौनकें नहीं रही। प्रखंड के विभिन्न गांव से बाजार आने वाले ग्रामीण इस सूचना के कारण बाजार में बहुत कम देखने को मिले।

## भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश

➲ लाइफ लाइन एक्सप्रेस के माध्यम से लगने वाले मेडिकल कैंप में शामिल होने पहुंच रहे अधिकारी टोरी रेलवे फाटक के जाम में फंसे



डीसी को समस्या से अवगत कराते जनप्रतिनिधि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव व लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने टोरी आरओबी को लेकर लंबे समय से लटके भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश एसडीओ शेखर कुमार व सीओ विजय कुमार को दिया। डीसी भोर सिंह यादव ने निर्देश देते हुए साफ शब्दों में कहा कि टोरी रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से जनता त्राहिमाम कर रही है, फाटक पर जाम में फंसकर लोगों को जानमाल की क्षति उठानी पड़ रही है। इस मामले को गंभीरता से लेने व भूमि अधिग्रहण में जो भी परेशानी हो रही है इसका निपटारा शीघ्र करने की बात कही। जिस पर अधिकारियों ने कहा कि प्रभावित रैयतों को जमीन अधिग्रहण को लेकर नोटिस कर दिया गया है। जल्द हीं अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा व जो भी व्यवधान आ रहा है उसका निबटारा करते हुये कार्य को प्रगति दी जायेगी। बता दें कि टोरी जंक्शन में 15 मई से 4 जून तक लाइफ लाइन एक्सप्रेस के माध्यम से चलने वाले चिकित्सा शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रहे जिला प्रशासन के कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि टोरी रेलवे क्रॉसिंग के जाम में फंस गए थे। फाटक में लगे जाम में फंसने के बाद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को भी एहसास हुआ कि चंदवा समेत एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग से आवागमन करने वाले लोग टोरी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज नहीं होने के कारण किस प्रकार की समस्याओं का सामना कर रहे हैं और लोगो को कितनी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसके बाद जिला परिषद अध्यक्ष पुनम देवी, चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, प्रखंड उपप्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा व अलौदिया मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो ने आमलोगों को फाटक पर हो रही समस्याओं से अवगत कराया। जिसे उपायुक्त ने गंभीरता से लेते हुए जमीन अधिग्रहण को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। उपायुक्त के इस पहल के बाद ब्रिज निर्माण में सबसे बड़ी बाधक बनी भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज होने की पुरी उम्मीद जग गयी है।

## अंचलाधिकारी व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया मरीजो को रवाना



मरीजों को रवाना करते पदाधिकारी ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित 231 वां इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत सोमवार को आंख की जांच एवं सर्जरी कराने हेतु बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लगभग 200 मरीजों को चंदवा रेलवे स्टेशन भेजा गया। आंख के मरीज से भरा हुआ बस को बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, बालूमाथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेश राम ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेश राम ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित 231 वां इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाइफलाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत चंदवा रेलवे स्टेशन में चलंत ट्रेन में मरीजों का ईलाज दिल्ली से आये विशेषज्ञ चिकित्सक के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 से 20 मई तक आंख की जांच की जाएगी एवं 16 से 21 मई तक ऑपरेशन किया जाएगा। वही कान की जांच 22 से 26 मई तक की जाएगी। जबकि ऑपरेशन 23 से 27 मई को किया जाएगा। मुड़े हुए पैर का परीक्षण एवं सर्जरी 14 साल से नीचे वर्ष के लिए 28 से 30 मई की जांच की जाएगी वहीं ऑपरेशन 29 से 30 मई तक किया जाएगा, कटे-फटे ओठ की जांच 28 से 30 मई तक जबकि 29 मई को ऑपरेशन किया जाएगा, दात का उपचार 30 मई से 4 जून तक एवं इसी अवधि ऑपरेशन की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शिविर में पहुंच कर लाभ उठावे। इस मौके पर एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार, संदीप कुमार, कुंदन कुमार, मोहम्मद आबिद, संदीप कुमार समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## जुबली चौक का सड़क संकीर्ण होने से लग रहा है घंटो जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जुबली चौक का संकीर्ण सड़क लोगों का परेशानी का सबब बना हुआ है। आए दिन जाम की स्थिति देखने को मिलती है। लोगों ने बताया कि सड़क की चाड़ीकरण के लिए मापी भी किया गया है लेकिन विभाग की उदासीन रवैये के कारण सड़क की चौड़ीकरण नहीं हो पाया है। सड़क चौड़ीकरण नहीं होने से कई बार दुर्घटना भी हो चुका है और आए दिन होते रहता है, कभी कभी बगल के नाली में बाईक सवार रात के अंधेरे में गिरकर दुर्घटना के शिकार हो जाते है। जिससे उन्हें आर्थिक, शारिरीक रूप से परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं जब दो कार गुजरते है तो एक कार को रूककर इंतजार करना पड़ता है। वहीं अगर दोनो कार साईड लेने में बीच में आ जाते है तो घंटो जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिससे आस-पास के लोगों को घर से वाहन लेकर निकलने में भारी परेशानी होती है। वहीं लोगों ने आगे बताया कि



कभी-कभी तो घर पहंचकर भी घर के 10 कदम पिछे जाम में फंसे रहते है, और तो और इस रास्ते में नाली की स्थिति इनती जर्जर हो गई है कि कभी भी लोग बड़ा दुर्घटना का शिकार हो सकते है।

### 10 वर्षो से की जा रही है इस पथ की चौड़ीकरण की मांग

लातेहार को हेरहंज, मुरूप, बालूमाथ से सीधा जोड़ने वाली इस पथ को ग्रामीणों द्वारा 10 वर्षो से मांग की जा रही है। इसी पथ पर बनवारी साहु महाविद्यालय, राजकीय पोलिटेक्निक समेत कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थान हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक, मोबाइल, घड़ी, चश्मा दुकान यूनियन चंदवा की बैठक संपन्न



**चंदवा।** इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक, मोबाइल, घड़ी, चश्मा दुकान यूनियन चंदवा की बैठक रविवार की रात्रि संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता राजेश मित्तल व संचालन बिट्टू कुमार ने किया। इस बैठक में युनियन के दुकानदारों सर्वसम्मति से हर महीने के आखरी शनिवार को जितने भी इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक, घड़ी, मोबाइल, चश्मा की दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया साथ हीं कुछ महीनों बाद सबका साथ और सभी की इच्छा के अनुरूप महीने में 2 दिन भी दुकान को बंद रखने पर विचार करने की बात कही गयी। युनियन ने सभी दुकानदारों से इस महीने के आखिरी शनिवार 27 तारिक को दुकान नहीं खोलने की बात कही। बता दें कि कुछ माह पूर्व हीं चंदवा के गल्ला व्यवसायियों ने भी प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को दुकान बंद रखने का फैसला किया था, जो सफल रहा है।

## एक नजर में

### लंबित योजनाओं को पूर्ण करने लिए समीक्षा बैठक



**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय भवन परिसर मे प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता मे समीक्षा बैठक की गई। बैठक मे बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र मे संचालित 2022-23 लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं प्राप्त राशि के अनुरूप आवास योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए सभी पंचायत प्रतिनिधियों को पूर्ण कराने मे सहयोग करने की अपील की है। साथ ही नई योजनाओं का अभिलेख खोलने का सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया। मौके पर उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीपीओ रवि यादव, पंसस जया देवी,सोनी देवी, जेई निशांत कुमार, विक्रमादित्य, पंचायतती राज प्रखंड समन्यवक पंकज पांडेय सहित अन्य प्रखंड कर्मी व पंसस मौजूद थे।

### महीनों से जलमीनार खराब होने से लोग परेशान



**बरवाडीह।** प्रखंड प्रशासन के द्वारा खराब चापाकल और जल मीनारों को लगातार दुरुस्त करने के अभियान चलाने का दावा किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रखंड मुख्यालय से कुछ दूर स्थित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल गांव खुरा पंचायत के लंका में जिला प्रशासन के माध्यम से लगभग 2 वर्ष पूर्व लगाया गया जलमीनार पिछले कई माह से खराब पड़ा है, पर अबतक यह जलमीनार दुरुस्त नही हो पाया है। वही खराब पड़े जलमीनार को दुरुस्त करने को लेकर स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद प्रखंड प्रशासन के द्वारा संज्ञान लेने की भी कार्रवाई की गई परंतु कार्य एजेंसी के द्वारा अब तक इस जलमीनार को दुरुस्त नही किया गया। जिसके कारण दर्जनों परिवारों को पीने की पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है। ज्ञात हो कि वितीय वर्ष 2019- 20 के तहत मुख्यमंत्री जन जलयोजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति बहुल गांव में कार्य एजेंसी के माध्यम से जलमीनार लगाने का काम किया गया था। परंतु जल मीनार लगाए जाने के बाद एक बार भी एजेंसी के द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर देखने तक का काम नही किया गया। उधर पूरे मामले को लेकर जीप सदस्य सन्तोषी शेखर ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में अधिकांश जलमीनार कार्य एजेंसी की लापरवाही के कारण खराब पड़ा है। जिसका खामियाजा आम आदमी को भुगतान पड़ रहा है। जलमीनार दुरुस्त करने में कार्य एजसी और प्रखण्ड प्रशासन की गति काफी धीमी रही है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने संबंधित विभाग से सामंजस्य बिठाकर जल्द से जल्द जन मीनार को ठीक कराने की बात कही है।

### बाल संसद शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को वंदना सभा में बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम एवं वरिष्ठ आचार्य राज किशोर मिश्र ने संयुक्त रूप से मां शारदे ओउम एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर संबोधित करते प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने कहा कि विद्यार्थियों को जिम्मेवारी व सामाजिक दायित्वों को समझने के लिए बाल संसद का गठन किया जा रहा है। वहीं वरिष्ठ आचार्य राज किशोर मिश्रा ने कहा कि अनुशासन की भावना को जागृत करने की मंशा से प्रयास किया गया है। वहीं बाल संसद के गठन बाल भारती में प्रधानमंत्री यश कुमार, उप प्रधानमंत्री सौरभ कुमार, सचिव शशि भूषण ठाकुर, उपसचिव सत्यम कुमार, सेनापति सचिन कुमार सह सेनापति आशीष कुमार,स्वच्छता प्रमुख प्रवीण कुमार को चयनित किया गया। तथा कन्या भारती में प्रधानमंत्री लक्की कुमारी, उप प्रधानमंत्री कशिश कुमारी, सचिव साक्षी राजलक्ष्मी, सेना नेत्री लक्ष्मी कुमारी, सह सेना नेत्री सुजाता कुमारी, स्वच्छता प्रमुख चांदनी कुमारी को चुना गया। इस प्रकार विद्या भारती के द्वारा निर्धारित सभी विभागों का भी चुनाव किया गया। सभी चुने गए पदाधिकारियों को बाल संसद की गरिमा व दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में सभी आचार्य, दीदी एवं स्कुल के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पीटीआर के सैदुप जंगल में हांथी के बच्चे व हिरन की मौत, वन विभाग ने की मामले को गोपनीय रखने का प्रयास

# सांसद सुनील सिंह से की जाएगी मामले की शिकायत: अजय सोनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह/बेतला।** पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत छिपादोहर पश्चिमी वन क्षेत्र में हांथी के लगभग पांच माह के एक बच्चे की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। हालांकि पीटीआर के अधिकारियों द्वारा मामले को गोपनीय रखने का पूरा प्रयास किया गया है, और शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर घटना स्थल के समीप ही गोपनीय तरीके से दफना दिया गया। घटना के दो दिन बाद रविवार को मामला प्रकाश में आने के बाद वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय प्रसाद सोनी ने खबर मंत्र की टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने कहा कि रविवार को इस मामले की उन्हें जानकारी मिली। घटना स्थल पर देखने से ऐसा नहीं लगता है कि हांथी के बच्चे की मौत ऊंचाई से गिरकर हुई होगी। हालांकि वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ऊंचाई से ही गिरकर हांथी के बच्चे की मौत हुई है, क्योंकि उसके शरीर और सर में चोट के निशान मिले है, बहरहाल सच्चाई क्या है, यह जांच का विषय है। वन विभाग के अधिकारी इस बड़ी घटना को गोपनीय क्यों रखना चाहते थे यह भी समझ के परे है। उन्होंने मामले की शिकायत चतरा सांसद सुनील सिंह से करने की बात कही है।



मृत हांथी का बच्चा।



मृत हिरण।



घटना स्थल का निरीक्षण करते सांसद प्रतिनिधि

### हिरण की मौत, जांच का विषय

वहीं दूसरी ओर बेतला रेंज अंतर्गत बेतला- महुआडांड़ मार्ग में बख्शा मोड़ के समीप एक हिरण का शव सड़क के किनारे पड़ा था। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के उमेश दुबे ने टीम के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया एवं उसे अत्यंत परीक्षण कराकर दफना दिया गया है। उन्होंने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हिरण की मौत हुई होगी। इसकी जांच कराई जा रही है। हालांकि की हिरण के मुंह सर कान कहीं से खून के निशान नहीं मिले है। बताते चलें भीषण गर्मी में अधिकांश जलाशय सूख जाते हैं। इसका प्रमुख कारण बारिश के मौसम में कम वर्षा भी माना जा रहा है। पानी की तलाश में अत्यधिक दौड़ भाग करने की वजह से भी जंगली जानवरों का असमय मौत हो जा रही है। वही दूसरी ओर शिकारियों द्वारा भी ऐसा किया जा सकता है।

# आखिरकार लगा दिव्य दरबार, भक्तों की उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के बिहार दौरे का आज तीसरा दिन है। पटना जिले के नौबतपुर स्थित तरेत पाली मठ में 13 मई से 17 मई तक उनका हनुमंत कथा प्रवचन का आयोजन किया गया। इसके तहत आज दिव्य दरबार लगाया गया। हालांकि रविवार देर रात इसे रद्द करने का ऐलान कर दिया गया था। दरअसल बाबा के दरबार में अनुमान से कहीं अधिक भीड़ उमड़ रही है। बताया जाता है कि रविवार को करीब 15 लाख लोग जुटे थे, जिस वजह से श्रद्धालुओं को सांस लेने में भी तकलीफ होने लगी थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बाबा ने कम समय में ही हनुमान कथा को समाप्त कर दिया था। वहीं आज भी बड़ी संख्या में भक्त बाबा के दर्शन करने पहुंचे।

**बाबा बागेश्वर की भक्तों से अपील:** लगातार उमड़ती भीड़ को देखते हुए बाबा बागेश्वर ने भक्तों से अपील की है कि वह पंडाल में ना आएं। उन्होंने संदेश जारी कर कहा कि आप अपने घर पर ही टीवी के माध्यम से कथा सुनें। अगर सभी लोग पंडाल में आएंगे तो हालात बिगड़ सकते हैं। गर्मी भी अधिक है, ऐसे में स्थिति खराब हो सकती है।

**भीड़ की वजह से दिव्य दरबार रद्द करने का ऐलान:** आपको बताएं रविवार रात को श्री बागेश्वर बिहार फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद ठाकुर ने जानकारी दी थी कि बाबा की हनुमंत कथा में भक्तों की अत्यधिक भीड़ पहुंच रही है। 10 से 15 लाख तक लोग दरबार में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिव्य दरबार में पर्ची निकालने के बाद भीड़ से उठकर खाली पैसेज होकर श्रद्धालु बाबा के पास पहुंचते हैं लेकिन इतनी भीड़ है कि पैसेज भी खाली नहीं है। सभी तीनों पंडाल श्रद्धालुओं से भर चुका है। ऐसे में बाबा ने किसी अनहोनी की आशंका से बचने के लिए दिव्य दरबार को कैंसिल करने का निर्णय लिया है। हालांकि कथा लगातार चलती रहेगी। बाबा ने मंच से ही कह दिया कि दिव्य दरबार नहीं हो पाएगा।



देखिये दिव्य दरबार के लिए पंडाल खाली चाहिए, ताकि जिसको बुलाया जाएगा वह आसानी से पैसेज के रास्ते बाबा तक पहुंचे सके लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा हो गई है कि जगह खाली नहीं बच रही है। श्रद्धालु को हटाया नहीं जा सकता है और तीनों पंडाल भी भर गए हैं। कथा लगातार चलती रहेगी। हां उसकी टाइमिंग को लेकर हमलोग विचार कर रहे हैं।

**प्रशासन पर भड़के बीजेपी सांसद:** वहीं, पाटलिपुत्र से बीजेपी सांसद रामकृपाल यादव ने बाबा बागेश्वर के दिव्य दरबार कैंसिल होने के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि जितना सहयोग मिलना चाहिए, उतना सहयोग स्थानीय जिला प्रशासन से नहीं मिल रहा है। ऐसा लगता है कि राज्य सरकार दुर्भावना से ग्रसित होकर काम कर रही है। आयोजक समिति ने पहले ही भीड़ को लेकर संभावना जताई थी लेकिन पुलिस-प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। ऐसे में बाबा ने तय किया कि दिव्य दरबार को रद्द कर दिया जाए ताकि किसी को कोई समस्या ना हो।₹भीड़ इतनी ज्यादा आ गई थी, अनियंत्रित हो रही थी। बाबा ने कहा कि वह बिहार के कल्याण के लिए आए हैं। इसी सोच के साथ दिव्य दरबार को कैंसिल कर दिया गया है। जिला प्रशासन को चाहिए कि अधिक से अधिक मात्रा में सुरक्षा कर्मी और पुलिस बल मुहैया कराए। आयोजक ने पहले ही कहा था कि इतने लोग आएंगे लेकिन मुझे पहले से लगता था कि जिस मात्रा में पुलिस बल या मजिस्ट्रेट की बहाली होनी चाहिए, वह नहीं हो पाई- रामकृपाल यादव, बीजेपी सांसद, पाटलिपुत्र

**'प्रशासन पर कोई आरोप नहीं':** हालांकि, श्री बागेश्वर बिहार फाउंडेशन के सदस्य राज शेखर ने प्रशासनिक लापरवाही की बात से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पर कोई आरोप नहीं है। प्रशासन से पूरा सहयोग मिल रहा है। राज शेखर ने आगे बताया कि लोगों की भीड़ देखकर बाबा भी काफी खुश हुए हैं लेकिन बाबा चाहते हैं कि भक्ति में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसलिए खुले मंच से उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि कम संख्या में लोग कार्यक्रम में पहुंचे। अगर संभव हो तो अपने घर में टीवी पर कथा सुनें। सोमवार को होने वाला दिव्य दरबार कैंसिल हो गया है। प्रशासन पर कोई आरोप नहीं है। प्रशासन से पूरा सहयोग मिल रहा है।

**'प्रशासन और सरकार से महाराज संतुष्ट':** उधर, बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे ने रविवार रात को होटल पनाश में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात की। बाहर निकलकर उन्होंने कहा कि हम दोनों के बीच काफी प्रेम है। हमलोगों ने कई मुद्दों पर बातचीत की। महाराज जी ने पुलिस-प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने मुझसे पुलिस या सरकार के खिलाफ कोई नाराजगी नहीं जताई। मुमकिन है कि आगे दिव्य दरबार का आयोजन हो। बहुत लंबी बातचीत हुई। हमलोग एक-दूसरे को जानते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी तरफ से प्रशासन को धन्यवाद है। यहां की पुलिस बहुत अच्छा काम कर रही है। महाराज जी ने प्रशासन या सरकार के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला, बल्कि वह संतुष्ट दिखे। मैंने बात करते हुए सुना कि भीड़ बहुत ज्यादा हो गई थी, इसलिए प्रशासन से बात कर के शायद दिव्य दरबार लगे।

## एक नजर में

### पुस्तकालय एवं संसद के शपथ ग्रहण समारोह का उद्घाटन

**रमना।** नव प्राथमिक विद्यालय जुडवनिया के प्रांगण में सोमवार को पुस्तकालय एवं संसद के शपथ ग्रहण समारोह का उद्घाटन मुखिया स्वीटी वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पुस्तकालय बौद्धिक समृद्धि का परिचायक है। विद्यालय में पुस्तकालय की स्थापना से बच्चो को ज्ञानवर्द्धन में काफी मदद मिलेगी। साथ ही गर्मी की छुट्टी में भी बच्चे इसका लाभ उठा सजते है। किताब से वंचित बच्चो के लिए यह पुस्तकालय काफी उपयोगी साबित होगा। मौके पर मुख्य रूप से बीआरपी नरेंद्र तिवारी, अजित कुमार, हरिचरण यादव, उपेंद्र यादव, कामेश कुमार, दुर्गेश तिवारी, जयंती मिश्रा, जीतन यादव, अलीजान अंसारी, उदय पाल, विवेक पाल, गुलाब यादव, धनंजय शंकर मेहता, वीरेंद्र पाल, रामप्रवेश, कुतुबुद्दीन अंसारी सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

### कर्नाटक की जीत पर अल्पसंख्यक कांग्रेस ने मनाया जश्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर अल्पसंख्यक कांग्रेस ने सोमवार को भारत भवन चौक में जश्न मनायी। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कोल्हान प्रमंडल उपाध्यक्ष मुमताज अंसारी उर्फ कलकतिया के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पटाखे फोड़े एवं मिठाई बांटी। इस मौके पर कांग्रेसी नेता मुमताज अंसारी उर्फ कलकतिया ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने सच का साथ दिया है। कलकतिया ने कहा कि जो लोग कांग्रेस मुक्त भारत का सपना देख रहे थे उन्हें जनता ने करारा जवाब दिया है। कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान का समर्थन करते हुए कर्नाटक की जनता ने नफरत के बाजार को बंद कर मुहब्बत को अपनाया है। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी अंबर राय चौधरी, मनोज भंसाली, मोहम्मद जुनैद उर्फ बंटी, मोहम्मद सारिक, मोहम्मद वकील आदि उपस्थित रहे।

# एसपी कॉलेज के यूजी सेमेस्टर 2 के प्रायोगिक परीक्षा की तिथि जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एसपी कॉलेज के स्नातक सेमेस्टर 2 की प्रायोगिक परीक्षा 22 मई से प्रारंभ होगी। इसकी जानकारी परीक्षा विभाग सहायक राजकुमार ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि स्नातक सेमेस्टर 2 की प्रायोगिक परीक्षा 22 मई से 3 जून तक चलेगी। 22 मई से फिजिक्स कोर की परीक्षा होगी। जबकि फिजिक्स (जीई) की परीक्षा 27 से 28 मई तक चलेगी। रसायन विज्ञान के कोर की प्रायोगिक परीक्षा 23 मई को से होगी। जबकि इसके जीई की परीक्षा 1 से 2 जून तक चलेगी। वनस्पति विज्ञान के कोर की परीक्षा 24 मई को एवं जीई की परीक्षा 1 से 3 जून तक होगी। जन्तु विज्ञान के कोर की परीक्षा 23 से 26 जून तक आयोजित होगी। जीई की परीक्षा 27 जून को होगी। मनोविज्ञान के कोर की परीक्षा 23 मई एवं जीई की परीक्षा 3 जून को होगी।

# जिससे जनता की भलाई हो हम वहीं समय देते हैं, बागेश्वर बाबा के निमंत्रण पर बोले तेजस्वी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** तरेत पाली मठ में बाबा बागेश्वर का दिव्य दरबार सजा हुआ है। आयोजकों की ओर से डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को भी निमंत्रण गया हुआ है। जब मीडियाकर्मियों ने तेजस्वी यादव से पूछा कि क्या वो बागेश्वर बाबा के दिव्य दरबार में हाजिरी लगाने जाएंगे? तो उन्होंने अपनी और नीतीश सरकार की व्यस्तता का हवाला दिया।

उन्होंने कहा कि काम होने के चलते वो वहां नहीं जा पाएंगे। उनके पास ऐसे बहुत निमंत्रण आते रहते हैं। तेजस्वी यादव को बागेश्वर बाबा का निमंत्रण में जाने के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वो खुद ही व्यस्त हैं। हम लोग प्रदेश की जनता के विकास के काम के लिए और प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए व्यस्त हैं। पूरी सरकार विकास कार्यों में लगी हुई है। कितना निमंत्रण हम लोग के यहां आता रहता है। उससे हम लोग कोई फर्क नहीं है। हमारा एकमात्र लक्ष्य की जनता की भलाई है। वहीं हम अपना वक्त देते हैं जिससे जनता की भलाई हो।

कर्नाटक के विधानसभा चुनाव के परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि जो लोग समाज में दंगा, फसाद, लड़ाई, झगड़ा, मतभेद करते हैं, उन सब को सबक सिखाएंगे।



हनुमान जी की गदा कर्नाटक तक सीमित नहीं रहेगी। गौरतलब है कि तेजस्वी यादव पार्टी के राज्य कार्यालय में पार्टी के सभी जिलाध्यक्ष और जिला महासचिव की बैठक में अपना संबोधन देने आए थे। जानकारी के अनुसार तेजस्वी यादव ने अपनी पार्टी के सभी जिला स्तरीय नेताओं को आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मजबूती के साथ लड़ने की बात कही। साथ ही साथ उन्होंने जनता से भी सीधे जुड़ाव रखने को कहा। नौबतपुर के तरेत पाली मठ में बागेश्वर बाबा का दिव्य दरबार लगा हुआ है। बाबा 13 मई से 17 मई तक इसी स्थान पर हनुमत कथा कह रहे हैं साथ ही दिव्य दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण भी कर रहे हैं। रविवार को ज्यादा संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने और अत्यधिक गर्मी की वजह से वहां पहुंचने वाले लोगों की तबीयत खराब होने लगी।

इसलिए बागेश्वर बाबा ने समय से पहले ही कथा को रोककर तीसरे दिन का कार्यक्रम समाप्त कर दिया था। साथ ही ये घोषणा कर दी थी कि कम संख्या में लोग कथा में शामिल हों। आज सुबह आयोजक तेजस्वी यादव से मिले और उन्हें निमंत्रण भी दिया जिसके बाद हां और ना की जद्दोजहद के बीच दिव्य दरबार लगाया गया।

# सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को मदद पहुंचाने वाले को परिवहन विभाग ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उप परिवहन आयुक्त सह सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार संथाल परगना दुमका के कार्यालय में सड़क दुर्घटनाओं में घालयों को मदद पहुंचाने वाले सराहनीय कार्य करने वाले तीन व्यक्ति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। परिवहन विभाग ने रानेश्वर थाना क्षेत्र के कुमिरदाहा गांव निवासी अजीत मंडल, डोंडा गांव निवासी पार्थ घोष एवं रामगढ़ थाना क्षेत्र के युधिष्ठिर मंडल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### आदिवासी सेंगेल अभियान ने किया धरना प्रदर्शन, निकाली रैली



पुराना समाहरणालय के समक्ष धरना पर बैठे आदिवासी सेंगेल अभियान सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** आदिवासी सेंगेल अभियान ने सोमवार को पुराना समाहरणालय में मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। धरना के बाद 5 सूत्री मांग पत्र आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री ने नाम सौंपा। धरना कार्यक्रम के बाद पुराना समाहरणालय से संगठन के जोनल हेड अमर मरांडी के नेतृत्व में सिदो मुर्मू कान्हू मुर्मू चौक तक रैली निकाल संताल हूल के नायकों को माल्यार्पण किया। सेंगेल अभियान ने 30 जून को कोलकाता ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आहूत विश्व सरना धर्म कोड जनसभा में भी लाखों लोगों के बीच उपरोक्त 5 सवालों को उठाने के लिए बाध्य है।

# ताड़ के पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**जामा।** जामा थाना क्षेत्र के निश्चितपुर गांव में सोमवार को ताड़ के पेड़ से गिरने से एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना पर एसआई सुमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार 42 वर्षिय मृतक मोनुलाल हेम्ब्रम ताड़ का फल काटने पेड़ पर चढ़ा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया। जबतक परिजन उसे अस्पताल ले जाते तबतक उसने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी जितेन्द्र साहू ने बताया कि मृतक की पत्नी उमा किस्कू के बयान पर यूडी केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

# प्रशांत किशोर ने स्थगित की जनसुराज यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**समस्तीपुर।** चुनाव रणनीतिकार से कार्यकर्ता बने प्रशांत किशोर पिछले 226 दिनों यानि 2 अक्टूबर 2022 से बिहार में पदयात्रा कर रहे है। इस यात्रा नाम जन सुराज रखा गया है। पैदल यात्रा करते हुए प्रशांत किशोर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याए जान रहे थे। हालांकि अब वे अपनी पदयात्रा को स्थगित करने जा रहें है। इसका कारण है उनके स्वास्थ्य में गड़बड़ी होना है। जिसके चलते अब वे पदयात्रा को जारी नहीं रख पाएंगे। एक प्रेस वार्ता में प्रशांत किशोर ने अपनी यात्रा रोकने की जानकारी दी। संभावना जताई जा रही है कि करीब 25 दिनों बाद वे अपनी यात्रा फिर से शुरू कर सकते है। प्रशांत किशोर ने सोमवार के दिन प्रेसवार्ता

**बाएं पैर में दर्द बना कारण**

में बताया कि वलीसाहली से लौटने के बाद उनके बाएं पैर में दर्द हो रहा था। जिसके चलते डॉक्टरों को दिखाया गया जहां उन्होंने मांसपेशियों में खिंचाव की जानकारी दी।

प्रशांत किशोर ने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते वे एक महीने बाद अपनी यात्रा फिर से शुरू कर पाएंगे। फिलहाल उन्हें डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि वे आराम करने के बाद वे उसी जोश से अपनी यात्रा फिर से शुरू करेंगे। 2 अक्टूबर 2022 गांधी जयंती से जन सुराज पदयात्रा शुरू करने वाले प्रशांत किशोर प्रतिदिन 20 से 25 किमी चल रहे हैं। इसके चलते उनकी मांसपेशियों में



खिंचाव हो गया। जिसके चलते उन्हें परेशानी होने लगी। इस वजह से वह समस्तीपुर में भी पदयात्रा नहीं कर पा रहे थे। डॉक्टरों ने बताया कि दो वीक पहले भी कुछ परेशानी हुई थी तब भी उन्हें आराम करने की सलाह दी गई थी लेकिन प्रशांत ने इसे अनसुना कर दिया और पदयात्रा जारी रखी। समस्या को नजरअंदाज करने के चलते परेशानी और बढ़ गई। जिसके चलते पदयात्रा रोकनी पड़ रही है। मांसपेशियों में खिंचाव की वजह डॉक्टरों ने खराब सड़कों में लगातार चलने के चलते होना बताया है। प्रशांत किशोर पिछले 226 दिनों से लगातार जन सुराग यात्रा कर रहे है। उन्होंने अपनी पदयात्रा पश्चिमी चम्पारण शहर से शुरू की थी। प्रशांत किशोर अपनी ज्यादातर यात्राएं ग्रामीण इलाकों में जाकर कर रहे है। वहां वे लोगों से मिलकर बातचीत कर उनकी समस्याएं सुन रहे है। अपनी 2500 किमी से अधिक दूरी तय करने के दौरान प्रशांत किशोर ने किसी वाहन का उपयोग नहीं किया वे पैदल ही अपनी यात्रा पूरी कर रहे थे। प्रशांत किशोर की इस यात्रा को कई रिटायर्ड हुए आईएएस और आईपीएस ने भी ज्वाइन किया।

# विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की हुई बैठक

**दुमका।** परिसदन में सोमवार को झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधानसभा पटल पर विभिन्न विधानसभा के सदस्यों की ओर से उठाए गए प्रश्नों, जिनका निष्पादन नहीं हो सका, वैसे प्रश्नों के निष्पादन के लिए समीक्षा की गई। समिति सदस्य विधायक दिनेश विलियम मरांडी ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ परिसदन सभागार में बैठक की। कई विभागों के सवालों पर समिति ने संतुष्टि जताते हुए यथाशीघ्र विभिन्न मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### झारखंड में निकाय चुनाव...

प्रार्थी ने रांची नगर निगम में प्रशासक नियुक्त करने के आदेश को भी चुनौती दी है। 27 अप्रैल तक राज्य में निकाय चुनाव पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन कई कारणों से चुनाव संपन्न नहीं हो सका है। उल्लेखनीय है राज्य सरकार की ओर से राज्य के 34 निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त कर सभी शक्तियां और कार्य प्रशासन को सौंपने का निर्णय लिया गया है। अब निकायों में पदस्थापित नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त या कार्यालय पदाधिकारी अगले आदेश तक प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे। अगर उन्हें आवश्यकता होगी तो वह नगर विकास एवं आवास विभाग से परामर्श लेंगे। निकायों का चुनाव नहीं होने पर यह व्यवस्था शुक्रवार से लागू की गयी है।

### आज से संघ प्रमुख...

उसी दिन रांची एयरपोर्ट पर कई गणमान्य उनसे मुलाकात करेंगे। रांची एयरपोर्ट से संघ प्रमुख सेवा विमान से मुंबई रवाना हो जायेंगे। उनके आमगन के मद्देनजर सुरक्षा को लिए विशेष तैयारी की गयी है। संघ शिक्षा वर्ग में स्वयंसेवक किसी गुरूकुल के विद्यार्थी की तरह जुटते हैं। यहां योजना, निर्माण और रचना के लिए सतत कर्मशील का संकल्पित प्रशिक्षण लेते हैं। व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र चिंतन के लिए हर विपरित परिस्थिति से अवगत होते हैं। यहां मानवता को ही धर्म का पर्याय बताया जाता है। साल 1925 में संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार ने स्वयंसेवकों में दक्षता के लिए संघ शिक्ष वर्ग जैसे प्रशिक्षणों का विचार साझा किया था। इसमें वर्ग भेद से उपर उठकर सामूहिकता में रहने की शिक्षा दी जाती है। बताया जाता है कि हर विपरीत परिस्थिति में राष्ट्रहित के लिए कैसे काम करना है।

### दिल्ली में आज...

हालांकि, सूत्रों के अनुसार, सिद्धारमैया पहला कार्यकाल चाहते हैं। वह पहले दो वर्षों के बाद शेष कार्यकाल के लिए शिवकुमार को पद छोड़ देंगे। कर्नाटक कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, लगभग 70 प्रतिशत निर्वाचित विधायकों ने मुख्यमंत्री के रूप में सिद्धारमैया का समर्थन किया है।

### इडी की जद में एक...

इडी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो वीरेंद्र राम ने बताया था कि, उस तक जो कमीशन की राशि आती थी। वह 17 से अधिक ब्यूरोक्रेट्स और राजनेताओं तक पहुंचती थी। मिली जानकारी के अनुसार अब इडी ऐसे लोगों से भी पूछताछ करने की तैयारी में है, जिन तक कमीशन की राशि पहुंचती थी। इस मामले में इडी से हाइकोर्ट ने भी स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। छवि रंजन से 10 दिनों तक हो चुकी है पूछताछ : ईडी ने पूछताछ के लिए छवि रंजन को सात मई को जेल से अपने साथ ले गयी है। लगातार 10 दिनों तक पूछताछ की है। मालूम हो कि छवि रंजन को ईडी ने चार मई को गिरफ्तार किया था। पांच मई को अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। ईडी सात मई की सुबह पूछताछ के लिए अपने साथ ले गयी। सेना की कब्जे की 4.55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में चार जून 2022 को बरियातू थाना कांड संख्या 141/2022 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसी फजीर्वाड़े के अन्य जमीन की फजीर्वाड़े की ईडी जांच जारी है।

# जातीय गणना पर कानून बनाने की तैयारी में सरकार! एचसी पर टिकी नजरें

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में जातीय गणना पर सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। पटना हाईकोर्ट ने जातीय गणना पर रोक लगा दी है। बिहार सरकार ने इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। वहीं दूसरी तरफ नीतीश सरकार जातीय गणना को लेकर कानून बनाने पर भी विचार कर रही है। सरकार को लग रहा है सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिलेगी तो उसके लिये विकल्प तैयार कर लेना चाहिए। बीजेपी की तरफ से भी विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाकर कानून बनाने की मांग हो रही है।

इस मुद्दे पर बीजेपी सरकार के साथ दिख रही है। ऐसे में बिहार सरकार यदि कानून बनाती है तो क्या वह लागू हो पाएगी? पटना हाई कोर्ट के सीनियर एडवोकेट आलोक सिन्हा का कहना है कि सरकार को विधानमंडल में कानून बनाने का अधिकार है लेकिन कानून टिकेगा कि नहीं यह तो भविष्य के गर्त में है जब कानून आएगा तभी पता चलेगा। बिहार में पिछले 2 साल से जातीय गणना को लेकर चर्चा हो रही है। बिहार सरकार ने पिछले साल कैबिनेट में जातीय गणना कराने का फैसला लिया और इस साल जातीय गणना शुरू भी हो गयी। पहले फेज में मकानों को यूनिक नंबर दिया गया और दूसरे फेज में जातियों की गणना और आर्थिक सामाजिक स्थिति की रिपोर्ट तैयार हो रही थी। लेकिन बीच में ही पटना हाईकोर्ट ने उस पर रोक लगा दी। बिहार सरकार की ओर से जल्द सुनवाई को लेकर पटना हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई लेकिन उसे खारिज कर दिया गया। अब सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है, लेकिन सरकार के अंदर यह चर्चा होने लगी है यदि कोर्ट का फैसला पक्ष में नहीं आया तो कानून बनाकर इसे लागू किया जाए।

सूत्रों से जो जानकारी मिली है मुख्यमंत्री ने अपने नजदीकियों और कानून विदों के साथ इस पर चर्चा भी की है। अभी सरकार की नजर ऐसे सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर लगी है। अभी तक सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की तिथि तय नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट क्या कुछ फैसला देता है उसपर ही सब कुछ निर्भर होगा।




पटना हाई कोर्ट के सीनियर एडवोकेट आलोक कुमार सिन्हा का कहना है सरकार के पास लेजिसलेटिव में कानून बनाने का अधिकार है। वहीं जातीय जनगणना को लेकर बयानबाजी भी जारी है।

सरकार कानून बना सकती है लेकिन यह तभी सरकार करेगी, जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ जाएगा। फिलहाल तो सरकार को इंतजार करना होगा लेकिन सरकार के पास कानून बनाने का पावर है। वह कानून जब आएगा तभी पता चलेगा कि वह टिकेगा कि नहीं। अगर सुप्रीम कोर्ट में सरकार हार जाए तो दूसरा रास्ता तलाशा जाएगा और वह दूसरा रास्ता कानून बनाने का है।

**नीतीश कुमार जातीय गणना को लेकर प्रतिबद्ध:** सरकार के अंदर जातीय गणना को लेकर हाईकोर्ट के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार किया जा रहा है। लेकिन नीतीश कुमार विकल्प भी तैयार करके रखना चाहते हैं और इसलिए पहले संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने भी बयान दिया कि सरकार जरूरत पड़ी तो कानून भी बनाएगी। अब नीतीश कुमार के नजदीकी और जल संसाधन मंत्री संजय झा ने भी कहा है कि नीतीश कुमार जातीय गणना को लेकर प्रतिबद्ध हैं और इसके लिए जो भी संभव होगा वह सब कुछ करेंगे। मैटर अभी सुप्रीम कोर्ट में है। क्या फैसला आता है उसपर हमारी नजर है। अगर यह होता है तो लोगों के विकास की योजना बनाने में सुविधा होगी। इसलिए डेटा कलेक्शन किया जाता है। नीतीश कुमार की इसको कराने को लेकर प्रतिबद्धता है।

कानून के जानकार यह भी कहते हैं जातीय गणना को लेकर यदि सरकार को कानून बनाना पड़ता है तो उसके लिए विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाना पड़ेगा या फिर मानसून सत्र का इंतजार करना होगा।

दोनों सदनों से विधेयक पास कराने के बाद उसे राज्यपाल के पास भी भेजना होगा। लेकिन जातीय गणना केंद्र का विषय है। ऐसे में बिहार सरकार इसे कानून बनाकर लागू करना भी चाहेगी तो हाईकोर्ट या फिर सुप्रीम कोर्ट में उसे चुनौती दिया जा सकता है। यह सब कुछ तब होगा जब कानून आएगा और कानून में क्या प्रावधान होता है वह देखना पड़ेगा। बिहार सरकार जातीय गणना करवा रही है और उसमें आर्थिक और सामाजिक स्थिति के आधार पर रिपोर्ट तैयार करने और आगे योजना उसके आधार पर बनाने की बात कह रही है। बिहार सरकार की ओर से कर्नाटक में जातीय गणना कराए जाने का भी हवाला दिया जा रहा है। हालांकि कर्नाटक में जो गणना करवाई गई उसका रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं किया गया। उसी तरह यूपीए सरकार में भी जो गणना की गई उसकी भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। नीतीश कुमार चाहते हैं कि 2024 से पहले जातीय गणना हो जाए और देश के दूसरे राज्यों में भी यह मुद्दा बने। आने वाले समय में कोशिश होगी कि अति पिछड़ों की संख्या के हिसाब से उन्हें अधिक आरक्षण मिले। कुल मिलाकर पटना हाईकोर्ट के रोक के बाद सरकार के लिए अपनी रणनीति को आगे बढ़ाना एक बड़ी चुनौती हो गया है। इसलिए अब सरकार कानून बनाने पर भी मंथन कर रही है लेकिन यह सब कुछ सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई और फैसले के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। फैसला पक्ष में नहीं आने पर यदि कानून बनता है तो यह भी देखना होगा कि वह टिक पाता है या नहीं।

स्पीड न्यूज

## रेलवे के स्टेशनों पर मानक संकेतक पर पुस्तिका जारी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे पूरे देश में रेलवे स्टेशनों का विकास कर नए भारत की नयी पहचान का सृजन कर रही है। भारतीय रेलवे अब 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत पूरे भारत में 1275 स्टेशनों का पुनर्विकास कर रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को यहां रेल भवन में भारतीय रेलवे के स्टेशनों पर मानक संकेतों के बारे में एक पुस्तिका जारी की है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीइओ अनिल कुमार लाहोटी, रेलवे बोर्ड के सदस्य भी इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे और जोनल रेलवे के महाप्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## एयर मार्शल दीक्षित ने संभाला वायु सेना उपप्रमुख का कार्यभार

**नयी दिल्ली।** एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने सोमवार को वायु सेना के उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया है। एयर मार्शल एक योग्य फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर होने के साथ-साथ एक एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट भी हैं। उन्हें मिग-21, मिग-29 और मिराज-2000 जैसे विभिन्न प्रकार के विमानों को उड़ाने का अनुभव भी है। पिछले 23 सालों से आशुतोष दीक्षित वायुसेना का हिस्सा रहे हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में दीक्षित ने 20 से अधिक प्रकार के विमानों पर 3200 घंटे की उड़ान भरी है। उन्होंने ऑपरेशन सफेद सागर और रक्षक में भाग लिया है।

## पर्यावरण मंत्री ने लांच किया 'माई लाइफ' मोबाइल एप

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को माई लाइफ (मेरा जीवन) नामक एक मोबाइल एप्लिकेशन लांच किया। यह ऐप कॉप 26 में प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित लाइफ की अवधारणा से प्रेरित है। यह गैर जरूरी खपत की बजाय सचेत और जरूरी उपयोग पर जोर देता है। मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) 20 अक्टूबर 2022 को केवडिया, गुजरात में प्रधानमंत्री द्वारा लांच किया गया था। यह सरल आसान कार्यों के माध्यम से व्यवहार परिवर्तन लाने पर केंद्रित है।

## कश्मीर घाटी में तेरह स्थानों पर एनआइए की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने कश्मीर घाटी में आतंकी संगठनों और उनकी शाखाओं से जुड़े तेरह स्थानों पर सोमवार को छापेमारी की। एनआइए ने कश्मीर के अनंतनाग, श्रीनगर, पुलवामा, शोपियां और बडगाम जिलों में छापे मारे और आपत्तिजनक सामग्री, दस्तावेज जब्त किये।

# कठिन शब्दों में ड्राफ्ट किया गया कानून हमेशा विवाद खड़ा करता है : अमित शाह

## संसद भवन परिसर में विधायी प्रारूपण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि कठिन शब्दों में ड्राफ्ट किया हुआ कानून हमेशा विवाद खड़ा करता है। कानून जितना सरल और स्पष्ट शब्दों में लिखा होता है, उतना ही अविवादित होता है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने सोमवार को संसद भवन परिसर में विधायी प्रारूपण पर आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अदालत को हस्तक्षेप करने का मौका न मिले, ऐसा कानून बनाना अच्छे कानून के ड्राफ्टिंग का मॉडल है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सरल और स्पष्ट भाषा में कानून को ड्राफ्ट करने का होना चाहिए।

शाह ने आज संसद, राज्य विधानसभाओं, विभिन्न मंत्रालयों और वैधानिक निकायों के केंद्र और राज्यों के अधिकारियों के लिए आयोजित लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग से संबंधित ट्रेनिंग प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कहा कि लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग हमारे लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण अंग है। इसके बारे में जानकारी का अभाव न केवल कानूनों और पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को निर्बल करता है, बल्कि न्याय प्रणाली के कार्यों को भी प्रभावित करता है। उन्होंने आगे कहा कि लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए इसके स्किल में समयानुसार बदलाव, बढ़ोतरी और अधिक दक्षता होती रहनी चाहिए।

शाह ने कहा कि संसद और केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक इच्छा को कानून के सांचे में ढालने का काम लेजिस्लेटिव डिपार्टमेंट का होता है। उन्होंने कहा कि पॉलिटिकल विल, लोगों की समस्याओं के समाधान के रास्तों और देश की अलग-अलग जरूरतों को कानून स्वरूप देने का काम लेजिस्लेटिव विभाग का है और इसलिए ड्राफ्टिंग बहुत महत्वपूर्ण है। कहा कि ड्राफ्टिंग जितनी अच्छी होगी, शिक्षा उतनी ही सरल हो जायेगी और एक्जीक्यूटिव द्वारा गलती करने की संभावना उतनी ही कम हो जायेगी। उन्होंने कहा कि ड्राफ्टिंग में ग्रे एरिया छोड़ने से व्याख्या करते समय इसमें एनक्रोचमेंट की संभावना रहेगी और अगर ड्राफ्टिंग परिपूर्ण व स्पष्ट है, तो इसकी व्याख्या भी स्पष्ट हो जायेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कैपेसिटी बिल्डिंग एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और राज्यों के विधान मंडलों, देश की संसद और राज्यों व देश के हर विभाग में कानून बनाने वाली टीम के स्किल का अपग्रेडेशन होना बहुत जरूरी है। दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है और हमें बदलती हुई दुनिया के साथ कदम उठाने होंगे। कानूनों को आज की जरूरतों के हिसाब से नये सांचे में भी ढालना होगा। अगर हम इतना खुलापन नहीं रखते हैं तो हम कालबाह्य और अप्रासंगिक हो जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि संसद, राज्य विधानसभाओं, विभिन्न मंत्रालयों और वैधानिक निकायों के केंद्र और राज्यों के अधिकारियों के लिए लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग संबंधी ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय गृह सचिव सहित अनेक गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## वाणिज्य की खबरें

### बीएसइ सेंसेक्स 534 अंक तक उछला

**नयी दिल्ली।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही घरेलू शेयर बाजार में जबरदस्त जोश नजर आया। सोमवार के कारोबार में सेंसेक्स में 534 अंक और निफ्टी में 144 अंक तक की उछाल दर्ज की गयी। हालांकि, आखिरी एक घंटे के कारोबार में हुई मुनाफावसूली की वजह से शेयर बाजार ऊपरी स्तर से थोड़ा फिसल कर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत और निफ्टी 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। बीएसइ के सेंसेक्स ने आज 129.20 अंक की बढ़त के साथ 62,157.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। लेकिन, आखिरी एक घंटे के दौरान हुई मुनाफावसूली की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से थोड़ा लुढ़क कर 317.81 अंक की मजबूती के साथ 62,345.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई का निफ्टी आज 24.50 अंक की तेजी के साथ 18,339.30 अंक के स्तर पर खुला। पर, मुनाफावसूली की वजह से निफ्टी ऊपरी स्तर से करीब 60 अंक गिरकर 84.05 अंक की तेजी के साथ 18,398.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### एमएससीआइ के इंडेक्स से बाहर हुए अडाणी ग्रुप के दो शेयर

**नयी दिल्ली।** अडाणी ग्रुप को मॉर्गन स्टेनले कैपिटल इंटरनेशनल (एमएससीआइ) की ओर से बड़ा झटका लगा है। एमएससीआइ ने अपने इंडिया स्टैंडर्ड इंडेक्स में बदलाव करते हुए इस ग्रुप की दो प्रमुख कंपनियों अडाणी ट्रांसमिशन और अडाणी टोटल गैस को बाहर कर दिया है।

### भारत ने चार यूरोपीय देशों के समूह के साथ टीइपीए पर चर्चा की

**नयी दिल्ली।** भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (इएफटीए) के सदस्यों ने व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता (टीइपीए) की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इएफटीए के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता होने से द्विपक्षीय वाणिज्य, निवेश, रोजगार सृजन और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि ब्रसेल्स के दौरे पर गये केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इएफटीए के चारों सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को बैठक करके टीइपीए से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के बाद जारी एक बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने व्यापक टीइपीए करने की दिशा में प्रयास जारी रखने से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की।

# अप्रैल में थोक महंगाई दर घटकर 34 माह के निचले स्तर -0.92 फीसदी पर



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** खुदरा के बाद थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआइ) पर आधारित महंगाई दर में भी गिरावट आयी है। अप्रैल में थोक महंगाई दर घटकर 34 माह के निचले स्तर -0.92 फीसदी पर आ गयी है। इससे पहले मार्च में यह 1.34 फीसदी थी, जबकि पिछले साल अप्रैल महीने में यह 15.38 फीसदी फीसदी रही थी। ये लगातार 11वां महीना है, जब थोक महंगाई दर में गिरावट आयी है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में घटकर 34 महीने के निचले स्तर -0.92 फीसदी पर आ गयी है। डब्ल्यूपीआइ पर आधारित महंगाई दर में लगातार 11वें महीने गिरावट दर्ज हुई है, जो घटकर शून्य से नीचे चली गयी है। थोक महंगाई दर मार्च में 1.34 फीसदी थी, जबकि फरवरी में 3.85 फीसदी रही थी। इससे पहले जून, 2020 में थोक महंगाई दर शून्य से 1.81 फीसदी नीचे रही थी।

मंत्रालय के मुताबिक खाने-पीने के सामान और ईंधन व बिजली के दामों में गिरावट आने से थोक महंगाई घटी है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थों की महंगाई भी अप्रैल में घटकर 3.54 फीसदी रह गयी है, जो मार्च में 5.48 फीसदी रही थी। इसी तरह ईंधन और बिजली क्षेत्र की महंगाई अप्रैल में घटकर 0.93 फीसदी रह गयी है, जो मार्च में 8.96 फीसदी रही थी।

## इनोवेटिव इंडिया समिट आज वैचारिक नेतृत्वकर्ताओं को किया जायेगा सम्मानित

**नयी दिल्ली।** भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्देश्य को आगे ले जाते हुए समिट इंडिया 'इनोवेटिव इंडिया समिट 2023' के पहले संस्करण का आयोजन कर रहा है। इस शिखर सम्मेलन में देश में सर्वोच्च वैचारिक नेतृत्वकर्ताओं को एक मंच पर लाया जायेगा और भारत की वृद्धि में योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया जायेगा। सम्मेलन का आयोजन नयी दिल्ली में मंगलवार (16 मई) को होगा। समिट इंडिया अभियान के इस कार्यक्रम में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री (एमएसएमइ) नारायण राणे मुख्य अतिथि होंगे।

# अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुनवाई आज



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर सोमवार को सुनवाई टाल दी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर मंगलवार (16 मई 2023) को सुनवाई का आदेश दिया। आज सुनवाई के पहले इस मामले पर सेबी ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल कर कहा कि ये आरोप निराधार है कि सेबी 2016 से अडाणी ग्रुप के खिलाफ जांच कर रहा है। याचिकाकर्ता जिस जांच का हवाला दे रहे हैं, वह दरअसल 51 भारतीय कंपनियों को जारी ग्लोबल डिपॉजिट रसीदों (जीडीआर) के बारे में थी। इनमें कोई भी अडाणी ग्रुप की कंपनी शामिल नहीं है।

सेबी का कहना है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट में जिन 12 संदेहास्पद लेन-देन का जिक्र हुआ है, वे काफी जटिल हैं और वे दुनिया के कई देशों से जुड़ी हैं। उन लेन-देन से जुड़े आंकड़ों की जांच करने में काफी समय लगेगा। ऐसे में जांच के लिए 6 महीने का समय मांगने के पीछे उद्देश्य निवेशकों और सिक्योरिटी मार्केट के साथ न्याय किया जा सके। सुनवाई के दौरान 12 मई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सेबी को मामले की जांच पूरी करने के लिए अनिश्चितकाल का समय नहीं दिया सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि वे सेबी को और छह महीने का समय नहीं दे सकती है। सुनवाई के दौरान सेबी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि मामले में किसी भी परिणाम पर पहुंचने तक के लिए कम से कम छह महीने का समय चाहिए।

# पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट को उम्मीद बातचीत से दूर हो सकता है गतिरोध

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान में चल रहे घमासान के बीच देश में चुनाव कराने का मसला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। अब पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने उम्मीद जतायी है कि देश की गठबंधन सरकार और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इस्लाम (पीटीआइ) के बीच बातचीत से देश में चुनाव कराने पर गतिरोध दूर हो सकता है। इस बीच, पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के बाहर प्रदर्शन किया। इस कारण वहां सुरक्षा बंदोबस्त भी बढ़ा दिये गये थे।

पाकिस्तान में इस समय पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच घमासान मचा है। इधर, चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाने के साथ पंजाब में चुनाव कराने के आदेश पर पुनर्विचार करने की मांग भी की है। इस पर शीर्ष अदालत ने पाकिस्तान सरकार और इमरान खान की पार्टी के बीच बातचीत से गतिरोध दूर होने की उम्मीद जतायी है।

### इमरान की पत्नी बुशरा को हाइकोर्ट से 23 मई तक मिली जमानत



**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान सोमवार को अल कादिर ट्रस्ट मामले में पत्नी बुशरा बीबी के साथ लाहौर उच्च न्यायालय में पेश हुए। न्यायालय ने बुशरा बीबी को 23 मई तक की जमानत दे दी है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद से पाकिस्तान में हंगामा मचा हुआ है। सोमवार को इमरान ने पत्नी बुशरा बीबी के साथ लाहौर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान लाहौर उच्च न्यायालय ने इमरान की पत्नी को 23 मई तक जमानत दे दी।

# भारत को साइबर व अंतरिक्ष के खतरों से निपटने में सक्षम बनाने का रक्षा मंत्री ने किया आह्वान



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत को साइबर और अंतरिक्ष से संबंधित उभरते खतरों से निपटने में पूरी तरह सक्षम बनाने का आह्वान किया। सोमवार को पुणे स्थित रक्षा उन्नत प्रौद्योगिकी संस्थान (डीआइएटी) के 12वें दीक्षांत समारोह में रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता के बिना वैश्विक मुद्दों पर स्वतंत्र निर्णय नहीं लिया जा सकता।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता का उद्देश्य अपने सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरा करने के साथ ही अपने मित्र देशों की सुरक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। अत्याधुनिक तकनीकों और रक्षा अनुसंधान के बीच गहरे संबंध पर प्रकाश डालते हुए राजनाथ सिंह ने डीआइएटी जैसे संस्थानों से नये नवाचारों के साथ आने का भी आह्वान किया, जो न केवल रक्षा क्षेत्र के लिए उपयोगी हैं, बल्कि नागरिकों के लिए भी समान रूप से प्रभावी हैं।

रक्षा में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के लिए सरकार के दृष्टिकोण से अवगत कराते हुए रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत को साइबर और अंतरिक्ष से संबंधित उभरते खतरों से निपटने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी में प्रगति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बदलते समय के अनुरूप तकनीकी प्रगति की ओर तेजी से बढ़ने की तत्काल आवश्यकता है। यह जिम्मेदारी हमारी संस्थाओं की है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए रक्षा मंत्रालय ने चार सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची जारी की हैं, जिसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 4,666 लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सब-सिस्टम और पुर्जों के आयात पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने इन कदमों को रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया।

दीक्षांत समारोह के दौरान डीआइएटी के कुलाधिपति और रक्षा मंत्री ने 261 एमटेक, एमएससी, 22 पीएचडी सहित 283 छात्रों को डिग्री प्रदान की। इस दौरान छात्रों को कुल 20 स्वर्ण पदक प्रदान किये गये।

OXFORD PUBLIC SCHOOL
Old HB Road, Pragati Path, Ranchi-11
ADMISSION NOTICE - CLASS- XI
SCIENCE | COMMERCE | HUMANITIES
Admission forms for Class XI are available at the School Office between 8 AM-1:30 PM on all working days.
Direct admission on the basis of Class X Board Results: PCM/PCB- 80% & above | Commerce- 75% & above | Arts- 70% & above
SCHOLARSHIP OPPORTUNITIES: ≥ 95% Rs. 15,000; 90%-95% Rs. 10,000; 85% to < 90% Rs. 5000
Contact No: 7485096731; 7461944744
www. oxfordpublicschool.net.in: oxfordpsranchi@rediffmail.com
Academic Director

# निर्देशक सुदीप्तो ने दिये 'द केरल स्टोरी' के सीक्वल के संकेत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** फिल्म 'द केरल स्टोरी' पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा में है। यह फिल्म 5 मई को रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी बताती है कि कैसे हिंदू और ईसाई लड़कियों को एक प्रेम जाल में फंसाया जाता है और उनका धर्मांतरण करवाकर आतंकवादी संगठनों में भर्ती किया जाता है। इसी कहानी के चलते फिल्म विवादों के भंवर में फंस गयी। फिल्म ने हाल ही मे बॉक्स ऑफिस पर मिली-जुली प्रतिक्रिया के साथ 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इस फिल्म के डायरेक्टर सुदीप्तो सेन का रिएक्शन अब चर्चा में है। अब इस फिल्म का सीक्वल बनने की चर्चा हो रही है। यह संकेत फिल्म के निर्देशक ने दिया है। फिल्म रिलीज के नौवें दिन एक सौ करोड़ के क्लब में शामिल हो गयी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सुदीप्तो सेन ने इस फिल्म के सीक्वल को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मीडिया को दिये एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मेरे पास बताने के लिए और कहानियां हैं और मैं इतनी सराहना के बाद आराम नहीं करना चाहता। मुझे पता था कि यह फिल्म सफल होगी। मैं पिछले सात सालों से इस फिल्म पर काम कर रहा हूं। यह कहानी महिलाओं के बारे में है, लेकिन इस कहानी में पुरुषों के बारे में कुछ भी क्यों नहीं है? इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, शुरू से ही कहानी तीन दोस्तों की थी। हमने इस बारे में पहले से कुछ तय नहीं किया था। अब कुछ निर्माताओं ने मुझे पुरुष कट्टरवाद के बारे में 'द केरल स्टोरी' की अगली कड़ी के रूप में एक फिल्म की पेशकश की है। सुदीप्तो का यह भाषण अब चर्चा में आ गया है। तो, क्या बनेगा 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल और क्या दिखाया जायेगा, दर्शक ये जानने के लिए बेताब हैं।

### 'द केरल स्टोरी' ने की अब तक 153.99 करोड़ की कमाई




'द केरल स्टोरी' रिलीज होने के बाद से ही चर्चा में है। कहीं इस फिल्म को बैन करने की मांग की गयी, तो कहीं इस फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया गया है। फिल्म को दर्शकों का अच्छा सपोर्ट भी मिल रहा है। बॉक्स आफिस पर भी फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। इस फिल्म ने रविवार को रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत करने वाली फिल्म 'द केरल स्टोरी' अब बॉक्स ऑफिस पर हिट हो गयी है। शुक्रवार को फिल्म ने 12 करोड़ 35 लाख रुपये की कमाई की थी। शनिवार को फिल्म की कमाई बढ़कर 19.5 करोड़ रुपये हो गयी। फिल्म ने रविवार को बॉक्स ऑफिस पर सचमुच तूफान ला दिया। फिल्म ने 23 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म ने अब तक 153 करोड़ 99 लाख रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म 'द केरल स्टोरी' को मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश दोनों में टैक्स से छूट दी गई है। वहीं, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी गयी है।

### सड़क हादसे के बाद अदा शर्मा ने ट्वीट किया, मै ठीक हूं

फिल्म 'द केरल स्टोरी' की अभिनेत्री अदा शर्मा और निर्देशक सुदीप्तो सेन का एक्सीडेंट होने की खबर आयी है। बताया गया कि रविवार की देर रात अदा शर्मा और सुदीप्तो सेन तेलंगाना के करीमंदर में एक हिंदू तीर्थ यात्रा में भाग लेने के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनका एक्सीडेंट हो गया। बताया गया कि हादसे में टीम के कुछ सदस्य घायल हो गये और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके बाद अब अदा शर्मा ने ट्वीट कर इस बारे में जानकारी दी। अदा ने ट्वीट किया, मै ठीक हूं। जैसे ही हमारे एक्सीडेंट की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई, मुझे कई मैसेज मिल रहे हैं। पूरी टीम ठीक है, हम सब ठीक हैं। चिंता की कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद।

## द केरल स्टोरी पर पाबंदी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जून के पहले सप्ताह में सुनवाई

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द केरल स्टोरी को लेकर दायर नयी याचिका पर जून के पहले सप्ताह में सुनवाई करेगा। पुनीत कौर बाजवा की ओर से दाखिल याचिका में कई राज्यों में फिल्म पर लगी रोक को हटाने की मांग की गयी है। इसके साथ ही फिल्म देखने आये लोगों और सिनेमाघरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी की गयी है। याचिका में हिंदू लड़कियों के अवैध धर्मांतरण का मसला भी उठाया गया है। याचिका में मांग की गयी है कि कोर्ट राज्यों को धर्मांतरण को लेकर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दे और राज्यों से कार्रवाई के बारे में रिपोर्ट तलब करे। याचिका में पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु , राजस्थान को पक्षकार बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि द केरल स्टोरी पर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रोक के खिलाफ फिल्म के निमार्ता ने भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस